e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 327

**सुविचार**
कौन कहता है की इश्वर नजर नहीं आता, सिर्फ वही तो नजर आता है जब कोई नजर नहीं आता!

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
03.12.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे सब्जी बेचने वालों को कुचला, 6 की मौत व 20 घायल

**हैदराबाद** : रंगरेडी जिले में हैदराबाद-बीजापुर मार्ग पर चेवेल्ला मंडल के अलुरु गेट पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।दुर्घटना पर मुख्यमंत्री ने दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।जानकारी के अनुसार जिले में हैदराबाद-बीजापुर मार्ग पर चेवेल्ला अलुरु गेट पर सड़क के किनारे तमाम लोग सब्जी बेच रहे थे।उसी समय एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे सब्जी बेच रहे दुकानदारों को कुचलते हुए एक पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में छह लोगों की मौत की खबर है। इसके अलावा 20 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों कर सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

### प्रधानमंत्री मोदी से असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा ने की मुलाकात

**नई दिल्ली** : असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अगले साल 24-25 फरवरी को गुवाहाटी में आयोजित होने वाले असम एडवांटेज 2.0 निवेश और अवसंरचना शिखर सम्मेलन 2025 के लिए आमंत्रित किया।प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया,असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, आज नई दिल्ली में मुझे विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। असम के लोगों की ओर से मुझे उन्हें फरवरी 2025 में असम निवेशक एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन और मेगा झुमुर प्रदर्शन को आशीर्वाद देने के लिए आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया है।

### शिमला शहर के 10 स्थानों पर धरना प्रदर्शन पर दो माह तक पाबंदी

**शिमला** : शिमला शहर के 10 चिन्हित स्थानों पर सार्वजनिक बैठक और धरना-प्रदर्शन करने पर आगामी दो माह तक रोक रहेगी। इस सम्बंध में जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने सोमवार को पंजाब राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1953 की धारा 6 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं।इसके तहत सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिमला शहर के छोटा शिमला से रिज व कैनेडी हाउस तक सार्वजनिक बैठक आयोजित करने, जुलूस व रैलियां निकालने, प्रदर्शन करने, नारे लगाने, बैंड बजाने और अपराध की मंशा से हथियार के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं को ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है।जिला दंडाधिकारी ने बताया कि यह आदेश अपने कर्तव्यों का पालन करते समय पुलिस, अर्धसैनिक व सैन्य कर्मियों पर लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की तात्कालिकता और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह आदेश तत्काल प्रभाव से पारित किया गया है जो आगामी दो महीने की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज मुंबई का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली** : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 3 दिसंबर को मुंबई के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि अपनी यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति मुंबई में स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-सीआईआरसीओटी) के स्थापना दिवस के शताब्दी समारोह और आईसीएआर मुंबई में शताब्दी स्तंभ के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

### हरिद्वार के विकास को समर्पित है भाजपा सरकार: अनिरुद्ध भाटी

**हरिद्वार** : केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हरिद्वार के समग्र विकास को तत्पर है। हरिद्वार में स्थानीय विधायक मदन कौशिक के प्रयास से सभी क्षेत्रों में सीवर, सड़क, नाली निर्माण के कार्य युद्ध स्तर पर सम्पन्न हो रहे हैं। यह विचार भाजपा पार्षद दल के उपनेता रहे निवर्तमान पार्षद अनिरुद्ध भाटी ने गणमान्यजनों की उपस्थिति में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनायी जा रही सृष्टि गली में सीसी मार्ग निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारम्भ करते हुए व्यक्त किये।अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि क्षेत्र के सभी मोहल्लों में गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। मुखिया गली निर्माण के पश्चात आज सृष्टि गली में सीसी मार्ग निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो रहा है जिसके लिए क्षेत्र की जनता विधायक मदन कौशिक की आभारी है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 11° |

---

**मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुपूरक बजट की तैयारियों को लेकर प्रधान सचिव व सचिवों के साथ की बैठक**

# राजस्व संग्रहण बढ़ाने के लिए तैयार करें एक्शन प्लान : हेमंत

**मुख्यमंत्री का निर्देश**

- राजस्व उगाही में तेजी लाने के साथ अतिरिक्त राजस्व संग्रहण के नए स्रोतों के लिए संभावना तलाशें
- राजस्व प्रबंधन को मजबूत बनाने के साथ राजस्व की बर्बादी तथा स्थापना व्यय को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाएं
- राजस्व में बढ़ोतरी के लिए आपस मे समन्वय बनाकर कार्य करें
- राज्य में विकास कार्यों को गति देनी है और राजस्व संग्रहण भी बढ़ाना है

**राजस्व देने वाले एजेंसियों को बिजनेस मॉडल बनाएं**

मुख्यमंत्री कहा कि कई विभागों में ऐसी कई एजेंसी, बोर्ड और निगम हैं जो राजस्व का बेहतर माध्यम साबित हो सकते हैं। ऐसी एजेंसियों को बिजनेस मॉडल के रूप में स्थापित करें, ताकि वे अपने कार्यों का विस्तार कर सकें। इससे राज्य को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।



**राजस्व संग्रहण से जुड़े विभागों में समन्वय जरूरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार विभागों के बीच को-ऑर्डिनेशन नहीं होने से राजस्व संग्रहण की गति धीमी हो जाती है और लक्ष्य के हिसाब से राजस्व संग्रहण नहीं हो पता है।ऐसे में इस समस्या के समाधान के लिए सभी विभाग आपस मे समन्वय बनाकर राजस्व संग्रहण के कार्य को करें। इसके लिए जिलों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

**सीएसआर के तहत होने वाले खर्चों की जांच की व्यवस्था हो**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में कई उद्योग और कंपनियां कार्य कर रही हैं। इनके द्वारा सीएसआर मद से कई जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। लेकिन, इनके द्वारा खर्च की जा रही सीएसआर राशि की जानकारी राज्य सरकार तक नहीं पहुंच पाती है। ऐसे में एक ऐसा मेकैनिज्म बनाएं, जिसके जरिए कंपनियों द्वारा सीएसआर मद में किए जाने वाले खर्च की जांच हो सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि वे विभिन्न कंपनियों और उद्योगों समूहों के साथ बातचीत कर राजस्व बढ़ोतरी की संभावनाओं को तलाशें।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव एमएस मीणा, प्रधान सचिव सुनील कुमार, सचिव प्रशांत कुमार, सचिव प्रवीण टोप्पो, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव अबू बकर सिद्दीक, सचिव कृपानंद झा, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव मनोज कुमार, सचिव उमाशंकर सिंह, सचिव चंद्रशेखर, सचिव अरवा राजकमल, सचिव विप्रा भाल, सचिव जितेंद्र सिंह, सचिव मनोज के अलावा संजीव बेसरा,अमित कुमार, निशा उरांव और सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के निदेशक राजीव लोचन बक्शी उपस्थित थे।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य में विकास कार्यों को गति देनी है और राजस्व संग्रहण को भी बढ़ाना है। ऐसे में सभी विभाग राजस्व उगाही में तेजी लाने के साथ अतिरिक्त राजस्व संग्रहण के नए स्रोतों के लिए संभावनाओं को तलाशें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन।झारखंड मंत्रालय में विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव व।सचिव के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से परे शुरू की गई नई योजनाओं के अतिरिक्त दायित्वों की पूर्ति एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुपूरक बजट की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व प्रबंधन को मजबूत बनाएं। इसके साथ राजस्व की बर्बादी तथा स्थापना व्यय को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए जाएं । मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि रेवेन्यू जनरेट सिस्टम का माइक्रो लेवल ऑब्जरवेशन कर इसकी खामियों को दूर करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग राजस्व संग्रहण का एक्शन प्लान तैयार करें।

---

## सर्वदलीय बैठक में संसद को सुचारु रूप से चलाने पर बनी सहमति



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कई राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात की. इस सर्वदलीय बैठक में संसद में जारी गतिरोध खत्म करने के उपायों पर चर्चा की गई. उन्होंने सभी सदस्यों से सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने देने की अपील की. बैठक में सभी दलों के प्रतिनिधियों ने 3 दिसंबर से लोकसभा की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने पर सहमति जताई है. 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर विशेष चर्चा आयोजित करने का फैसला लिया गया है. इस दौरान सदन में संविधान के महत्व और उसके कई पहलुओं पर गहन चर्चा की जाएगी. वहीं, 16 और 17 दिसंबर को राज्यसभा में भी इसी मुद्दे पर चर्चा आयोजित होगी. इस बैठक में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई, कांग्रेस नेता सुप्रिया सुले, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए. बैठक में समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेन्द्र यादव भी उपस्थित थे. इसके अलावा सीपीआई एम के. राधाकृष्णन,शिव सेना-यूबीटी के अरविंद सावंत, आरजेडी के अभय कुशवाहा, जेडीयू के दिलेश्वर कामैत, एनसीपी के सुप्रिया सुले, डीएमके के टीआर बालू, कांग्रेस के गौरव गोगोई और वाईएसआर कांग्रेस के लवी कृष्ण देव रायलु भी बैठक में शामिल हुए. किरण रिजिजू ने कहा कि संविधान पर विशेष चर्चा लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को होगी, जबकि राज्यसभा में 16 और 17 दिसंबर को चर्चा आयोजित की जाएगी. बैठक में उपस्थित कई विपक्षी नेताओं ने मंगलवार से संसद की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने के संकेत दिए. दोनों सदनों में संविधान के महत्व और प्रासंगिकता पर गहन चर्चा की तैयारियां चल रही हैं और इस खास अवसर पर सरकार और विपक्ष के नेताओं के बीच संवाद भी हो सकता है, जिससे यह चर्चा ऐतिहासिक बन सकती है.

**13 और 14 दिसंबर को संविधान पर विशेष चर्चा आयोजित करने का फैसला लिया गया है. इस दौरान सदन में संविधान के महत्व और उसके कई पहलुओं पर गहन चर्चा की जाएगी. वहीं, 16 और 17 दिसंबर को राज्यसभा में भी इसी मुद्दे पर चर्चा आयोजित होगी.**

---

# बीजेपी ने महाराष्ट्र के लिए नियुक्त किए दो पर्यवेक्षक



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को महाराष्ट्र में पार्टी विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. पार्टी की ओर से जारी एक बयान में ये घोषणा की गई. भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक बयान में कहा गया,पार्टी के संसदीय बोर्ड ने महाराष्ट्र में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. चुनावी नतीजों की घोषणा में एक सप्ताह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी महाराष्ट्र में नयी सरकार का गठन नहीं हुआ है. कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वह नये मुख्यमंत्री के चयन को लेकर भाजपा के फैसले का समर्थन करेंगे. उनकी इस घोषणा के बाद लगभग यह स्पष्ट हो गया है कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा. भाजपा ने घोषणा की है कि नयी महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर की शाम दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमें शामिल होंगे. बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को भारी जीत मिली है. महायुति ने 288 सदस्यीय विधानसभा में 230 सीट पर जीत हासिल की है. भाजपा ने सबसे ज्यादा 132 सीट पर जीत दर्ज की, जबकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 41 सीट मिलीं.

# झारखंड में चार दिसंबर से ठंड बढ़ने की संभावना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में फेंगल चक्रवात का असर देखने को मिल रहा है। इस वजह से आसमान में धुंध और हल्के बादल छाए हैं। अब दोपहर में भी ठंड लोगों को सताएगी।आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है।

इस दौरान अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। वहीं,रविवार को रांची समेत कई जगहों पर बादल छाए रहे और कहीं-कहीं हल्की बारिश भी देखने को मिली। हालांकि, सात दिसंबर के बाद आसमान साफ रहने की उम्मीद है। इस दौरान तापमान में भी बदलाव देखने को मिलेगा।मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के दक्षिणी भागों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा रहेगा, बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इस दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 3 दिसंबर से 7 दिसंबर तक सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा, धुंध रहने और बाद में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। चार दिसंबर से ठंड ज्यादा पड़ने की संभावना है।

क्योंकि, न्यूनतम तापमान और नीचे जा सकता है। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने फेंगल तूफान के कारण हवा का रुख बदल चुका है। वहीं, दक्षिण से आ रही हवा के कारण राज्य में बादल छाए हुए हैं। इसके बाद राज्य में ठंड भी बढ़ेगी।

**03 दिसंबर से 7 दिसंबर तक सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा, धुंध रहने और बाद में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।**



---

## भारत खरीदेगा 26 राफेल लड़ाकू विमान : नौसेना प्रमुख

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : भारतीय नौसेना की ताकत में बड़ा इजाफा होने जा रहा है। भारत जल्द ही नौसैना के लिए 26 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद को कंफर्म करने वाला है। इसके साथ ही तीन और स्कॉर्पीन पनडुब्बी की भी डील होने जा रही है। भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि अगले महीने यानी जनवरी में ही 26 राफेल लड़ाकू विमानों और तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बी की खरीद के लिये अलग-अलग अनुबंधों पर हस्ताक्षर किया जा सकता है।चार दिसंबर को मनाए जाने वाले भारतीय नौसेना दिवस से पहले मीडिया से बातचीत के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा है कि भारत द्वारा चीन और पाकिस्तान की नौसेनाओं की गतिविधियों पर करीब से नजर रखी जा रही है। उन्होंने इस बात की उम्मीद जताई है कि इस महीने नहीं तो अगले महीने राफेल लड़ाकू विमान और पनडुब्बी की डील को अंतिम रूप दे दिया जाएगा और इस पर हस्ताक्षर हो जाने चाहिए।नौसेना प्रमुख ने एक और अहम जानकारी दी है कि केंद्र सरकार ने दो न्यूक्लियर पॉवर्ड सबमरीन के लिए भी मंजूरी दे दी है। ऐसी कुल 6 पनडुब्बी बनाने की योजना बनाई गई है। नौसेना प्रमुख ने बताया है कि परमाणु ऊर्जा से संचालित होने वाली पहली सबमरीन 2036-37 तक और दूसरी 2038-39 तक तैयार हो जाएगी।



## किसानों के दिल्ली कूच से लगा भीषण जाम, मचा हाहाकार



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण से अपनी मांगें पूरी करने के लिए आंदोलन कर रहे किसानों ने सोमवार को महामाया फ्लाईओवर के पास जुटकर दिल्ली कूच किया। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले जुटे किसान पुलिस के रस्से और बैरिकेडिंग को पार करते हुए दलित प्रेरणा स्थल सेक्टर-95 में सेक्टर-18 के लिए चढ़ने वाले रैंप के पास तक पहुंच गए। फिर यहीं पर किसान सड़क पर बैठ गए। करीब एक घंटा प्राधिकरण व पुलिस अधिकारियों के साथ किसानों की वार्ता हुई। किसान इस मांग पर अड़े रहे कि मांगे अभी मानी जाएं या उनको दिल्ली जाने दिया जाए। पुलिस-प्रशासन किसानों को वापस घर भेजने की कोशिश में था। आखिर में किसानों ने 7 दिन का समय दिया। तब तक किसान दलित प्रेरणा स्थल के अंदर ही धरना देंगे।

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
स्ट्रोक का इलाज उपलब्ध
there's treatment if you act FAST.
F Facial weakness Can the person smile? Has their mouth or eye drooped?
A Arm weakness Can the person raise both arms?
S Speech problems Can the person speak clearly and understand what you say?
T Test all Three symptoms
7808368888
Immediately Come to Our Emergency
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद - 828105

# अवैध हथियार के साथ छह अपराधी गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने अवैध हथियार के साथ छह अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में पलामू एसपी रिशमा रमेशन ने बताया कि पलामू जिला अंतर्गत कई केशर मालिकों को रंगदारी के लिए मिल रहे धमकी एवं चैनपुर थाना अंतर्गत डोकरा, चांदो स्थित क्रेशर पर दिनांक 29.11.2024 की रात्रि में अज्ञात अपराधियों द्वारा किये गये फायरिंग के उदभेदन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय, पलामू के द्वारा एक टीम का गठन कर लगातार आसूचना संकलन एवं छापामारी किया जा रहा था। इसी दौरान दिनांक 01.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोदय, पलामू को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि चैनपुर थाना अतर्गत चैनपुर सलतुआ रोड़ में 05-06 व्यक्ति अवैध देशी पिस्तौल एवं कट्टा लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने हेतु चैनपुर से सलतुआ की और तीन मोटर साईकिल पर सवार होकर जा रहे है। पुलिस अधीक्षक महोदय, पलामू के आदेशानुसार पूर्व से गठित टीम सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु त्वरित गति से थाना से प्रस्थान किये, समय करीब 22.55 बजे भनी चौक से आगे धरती अहरा के पास तीन मोटर साईकिल पर सवार 06 व्यक्तियों को 04 हथियार एवं 03 जिन्दा गोली के साथ पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वे सुजीत सिन्हा गैंग के लिए काम करते है तथा वे लोग करसो स्थित क्रैशर पर रंगदारी देने में देरी करने के कारण फायरिंग हेतु जा रहे थे। पुछताछ में इनके द्वारा यह भी बताया गया कि इसके पूर्व ये लोग डोकरा, चांदो क्रेशर में रंगदारी देने में देरी होने के कारण दिनांक 29.11.2024 फायरिंग किये थे तथा इनके पास से घटना में लूटा गया मोबाईल भी बरामद कर लिया गया है अन्य अपराधियों के विरूद्ध गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। इस संदर्भ में चैनपुर थाना काण्ड संख्या 246/2024, दिनांक 01.12.2024, धारा 25 (1-ड्ढ)ड्ढ, 26, 35 आयुध अधिनियम दर्ज कर 06 अपराधकर्मियों को विधिवत गिरफ्तार एवं बरामद देशी पिस्तौल तथा कट्टा को जप्त कर लिया गया है। अपराधियों के पास से पुलिस ने 03 जिन्दा राउण्ड, देशी पिस्तौल 2,एक देशी कट्टा, तीन मोटर साईकिल, सात स्क्रीन टच मोबाईल बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में अशफाक खान उम्र 25 वर्ष पिता मो0 सगीर खान ग्राम शाहपुर (भारत गैस गोदाम के पास) थाना चैनपुर ,कुश कुमार यादव उम्र 21 वर्ष पिता महरंग यादव ग्राम खपरमंडा थाना पांकी,दीपक कुमार भुईया उम्र करीब 30 वर्ष पिता कुंवर भुईया ग्राम चापी कला थाना पाकी,गुलशन कुमार विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष पिता राजेन्द्र विश्वकर्मा ग्राम पोची थाना सतबरवा, आशिफ अहमद उर्फ राजा खान उम्र 22 वर्ष पिता कुर्बान खान ग्राम गर्दा थाना चैनपुर, फरहान कुरैशी उर्फ शैलू कुरैशी उर्फ छोडू उम्र 24 वर्ष पिता पेशी इमाम कुरैशी ग्राम कुरैशी मुहल्ला शाहपुर थाना चैनपुर सभी जिला पलामू का नाम शामिल है। छापामारी अभियान में चैनपुर इंस्पेक्टर जीतराम महली, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, एसआई रंजीत कुमार, अनिल बिद्यार्थी, राजकुमार मेहता, छत्रधारी कुमार, चैनपुर थाना, एएसआई रामचन्द्र चौधरी, पुलिस जवान अनुराग सिंह, संतोष चौधरी, राकेश विश्वकर्मा, शैलेन्द्र कुमार, टाइगर मोबाइल के जवान रोहित कुमार, टाईगर राकेश कुमार सिंह, संतन कु0 मेहता, सुर्यनाथ सिंह,पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पुलिस जवान रामनारायण विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामजीत बासकी, प्रदीप कुमार राम शामिल थे।

## चैनपुर में पंचायत समिति की बैठक आज



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत समिति की बैठक मंगलवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में होगी। प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी के निर्देशानुसार मंगलवार को 11:30 बजे से प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक होगी। जिसमें प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की कार्य प्रगति समेत अन्य कार्यो की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दिया है कि आयोजित बैठक में प्रखंड अंतर्गत सभी विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी प्रखंड प्रमुख ने निर्देश दिया है कि संबंधित विभाग के जो भी पदाधिकारी अनुपस्थित रहेंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रखंड के सभी मुखिया गण एवं पंचायत समिति सदस्यके अलावे सभी विभाग के पदाधिकारी शामिल होंगे। उप प्रमुख सुनील सिंह ने सभी पंचायत समिति सदस्यों और आमंत्रित अधिकारियों को ससमय बैठक में शामिल होने की अपील की है।

## रेड रोज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन




**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है. स्कूल के निदेशक राजन पांडेय ने बताया कि हरिद्वार के गायत्री तीर्थ शांतिकुंज द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान का अतिरिक्त शिक्षा 27 बच्चों को दिया जा रहा था.जिसका परीक्षा कोडीनेटर रुद्र नारायण के देखरेख में सम्पन्न हुआ था.जिसका परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित करते हुए छात्र छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया. शिक्षक रुद्र नारायण ने बताया कि बच्चों को भारतीय संस्कृति का जान देना बेहद जरूरी है.मौके पर स्कूल की शिक्षिका पम्मी कुमारी, सब्बू बानो, बृजेश कुमार, मोनू कुमार, अदिति कुमारी, पल्लवी कुमारी, सुषमा कुमारी, सरिता कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## घुड़सवारी के राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिये चयनित हो कर आरुषि ने अनुमंडल क्षेत्र के लोगो का बढ़ाया मान-सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय बंशीधर नगर निवासी अधिवक्ता नित्यानंद चौबे की बड़ी पुत्री का चयन घुड़सवारी के राष्ट्रीय प्रतीस्पर्धा के लिये किया गया है। इस सफलता पर आरुषि के पिता अधिवक्ता नित्यानंद चौबे और माता अधिवक्ता लक्ष्मी चौबे एवं परिजन के साथ शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामना दिया है।बताते चले कि आयोजन स्थल राजस्थान के जोधपुर में जोधपुर पोलो एंड एक्सप्रेस क्लब इंस्टीट्यूशन द्वारा किया गया था। आरुषि चौबे की पढ़ाई फिलहाल झारखंड के टॉरियन वर्ल्ड स्कूल रांची से हो रही है।प्रतियोगिता का आयोजन ट्रेन फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर ने किया था। राष्ट्रीय स्तर के प्रति स्पर्धा के लिए बालक एवं बालिका वर्ग से दो-दो का चयन किया गया। अंडर 16 की इस प्रतियोगिता में महज 13 वर्ष की उम्र में आरुषि ने यह सफलता हासिल की है। चयनित अन्य प्रतिभागियों में झारखंड के लोहरदगा की अक्षिता व बिहार के आनंद भी हैं। चयनित और प्रतिभागियों में राजस्थान के जयदीप सिंह का नाम भी शामिल है। प्रतियोगिता में कई क्लब के सदस्य और आर्मी के जवान भी शामिल थे।वही आरुषि जूनियर टीम में शामिल थी। आरुषि के पिता अधिवक्ता नित्यानंद चौबे ने बताया कि आरुषि शुरू से ही पढ़ाई में अग्रसर और बेहतर है। साथ ही उसकी रुचि खेल कूद में बचपन से ही रही है।

## चार दिसंबर को मनाई जायेगी नौसेना दिवस तैयारी में जुटे पूर्व सैनिक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद इकाई के पुर्व सैनिकों ने आज एक बैठ की जिसमें सर्वसम्मति से आगामी 04 दिसम्बर दिन बुधवार को नौसेना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसकी जानकारी देते हुए संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि हम सभी पुर्व सैनिक हुसैनाबाद स्थित कार्यालय के प्रांगण में 04 दिसम्बर दिन बुधवार को सुबह 10,30 बजे नौसेना दिवस मनाएंगे। आगे उन्होंने ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विर नारि, पुर्व सैनिक, क्षेत्र के अन्य विभागों के पेंशनर के अलावा बक्सी हाई स्कूल के एन, सी, सी कैडेट एवं स्कुली बच्चे, बच्चीयां सामिल होगें। नौसेना दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य क्या है हमारी भारतीय नौसेना कल क्या थी और आज किस मुकाम पर हैं इन सभी की जानकारियां ऐसे कार्य क्रमों के द्वारा हम सबों को मिलती है। हम सभी भारत वासी अपनी सेना की क्षमता एवं ताकत को जान कर गर्व महसूस करते हैं। कैप्टन दुखन सिंह ने कहा कि हम सभी पुर्व सैनिक सेना से सम्बंधित कार्य क्रम को हमेशा मनाते रहेंगे ताकि क्षेत्र के सभी नागरिक हमारी सेना के पराक्रम से अवगत हो सकें। आज के बैठक में प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह, जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेम तोष प्रसाद, हवलदार प्रसाद सिंह, सुबेदार अक्षय सिंह, सुमेर सिंह एवं बक्सी हाई स्कूल के एन, सि सि कैडेट भी शामिल हुए।

## सड़क दुर्घटना में 55 वर्षीय व्यक्ति शंभू चंद्रवंशी घायल




**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना क्षेत्र के देवगन गांव के पास सड़क दुर्घटना में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विश्वसिया गांव निवासी शंभू चंद्रवंशी उम्र 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया कि शंभू चंद्रवंशी और उनके पुत्र प्रमेन्द्र चंद्रवंशी किसी काम से सोमवार को मेदनीनगर आए हुए थे। दोपहर में मेदनीनगर से घर लौटने के क्रम में छतरपुर थाना क्षेत्र के देवगन गांव के पास एक अपाची मोटरसाइकिल चालक ने उनके स्कूटी को पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें बाइक से गिरकर शंभू चंद्रवंशी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडली अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## मुखिया प्रतिनिधि ने आंगनबाड़ी के बच्चों को स्वेटर वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखण्ड क्षेत्र के तरवागडा पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि दिलीप कुमार दास ने सोमवार को पंचायत क्षेत्र के ग्राम परसिया आंगनबाड़ी केंद्र के 40 बच्चों को स्वेटर वितरित किए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को ठंड में नियमित रूप से स्वेटर पहनाकर भेजें . आगे उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य के कामना करते हुवेकहा की आंगनवाड़ी में बच्चों को पहली शिक्षा दी जाती है, जहां केंद्र के सेविका के माध्यम से बच्चों के शिक्षा के अलावा गर्भवती महिलाओं गृह भरण पोषण आहार तथा खानपान की जानकारी भी दी जाती है संबंधित विभाग के द्वारा स्वेटर उपलब्ध करवाया गया था जिसे वितरण किया गया। मौके आंगनबाड़ी सेविका रेजिना खातून सहायिका शहजादी बेगम अभिभावक के अलावे दर्जनों ग्रामीण और बच्चे उपस्थित थे।

# 23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 14 से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** 23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर रविवार को आरकेवीएस सोनपुरवा में संरक्षक एएन पांडेय की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुयी। बैठक में उक्त प्रतियोगिता 14 दिसंबर से शुरु करने का निर्णय लिया गया। उक्त आशय की जानकारी प्रतियोगिता के सचिव आनंद कुमार सिन्हा ने दी। उन्होने बताया कि प्रतियोगिता तीन ग्रुपों में आयोजित की जायेगी। जूनियर में वर्ग आठ तक के छात्र भाग ले सकते है। वही सीनियर में दसवीं तक के छात्र शामिल हो सकते है। बालिका वर्ग में दसवीं तक की छात्रायें शामिल हो सकती है। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि आठ दिसंबर रखा गया है। प्रवेश शुल्क 3500 रखा गया है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले टीम अपने पंद्रह सदस्यीय टीम के खिलाड़ियों का दो फोटो, आधार कार्ड, विद्यालय का बोनाफाइड प्रमाण पत्र, यूडायस कोड की छाया प्रति के साथ प्रतियोगिता के कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी और ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में जमा कर सकते है। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया जिसमें पर्यवेक्षक कमेटी का प्रमुख नंदकुमार गुप्ता को एवं सदस्य अशोक कुमार दुबे और मुजीबउद्दीन खान को बनाया गया। बैठक में उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना, चंद्र भूषण सिन्हा, मुजीबुदिन खान, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, अनिल विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

## ज्ञान सप्ताह महोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के गायत्री मंदिर रोड सुदना स्थित देवी मंडप में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता देवी मंडप समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ राजा पाठक ने की।संचालन समिति के सचिव अभिमन्यु ओझा ने किया। बैठक में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह महोत्सव के आयोजन को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया।तय किया गया कि श्री तुलसी मानस मंदिर परिसर सुदना में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। चार फरवरी 2025 से महोत्सव शुरू होगा और 11 फरवरी को इसका समापन किया जायेगा। इस महोत्सव की सफलता को लेकर कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। समिति के कई सदस्यों ने इस मामले में अपना सुझाव दिया।कथावाचन के लिए उत्तर प्रदेश के वृंदावन से अलका किशोरी को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। महोत्सव को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया।समिति की अगली बैठक में आयोजन समिति का गठन किया जायेगा। अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि सबकी सहभागिता एवं सक्रियता से ही महोत्सव सफल होगा। बैठक में शामिल सदस्यों ने महोत्सव की तैयारी शुरू करने का निर्णय लिया और शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया। मौके पर रामाकांत पांडेय, अनिल पांडेय, मनीष उपाध्याय, नवल किशोर तिवारी, सुवंश पाल, अशोक गुप्ता, गुप्तेश्वर पाल, अजय पांडेय, संतोष पांडेय, प्रशांत सिंह, राघवेंद्र पाठक, शिव शंकर पाल, सुधीर सोनी, राजा गुप्ता, रघुवंश पांडेय, हेमंत सिंह, शोभा दुबे, शीनू पाठक, पूनम पांडेय, रूपा अग्रवाल, ज्योति, श्रुति, कालिंदा ओझा, नेहा मिश्रा, सरोज देवी, रंजूला सिंहा, मिथलेश मिश्रा, संजीव मिश्रा सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## अनुमंडल स्तरीय पर युवा वीर अहीर सेना का हुआ गठन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर के अन्नपूर्ण रेसीडेंसी होटल मे छतरपुर अनुमंड स्तरीय पर युवा यादव समाज बैठक कर युवा वीर अहिर सेना का गठन किया गया कार्यक्रम की शुभारंभ युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश यादव, जिला अध्यक्ष कमलेश यादव, हरिहरगंज प्रखंड उपाध्यक्ष सूरज यादव, डॉ रामरेश यादव,ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष धनंजय यादव,सिलदाग़ मुखिया उमेश यादव उप प्रमुख संतोष यादव, जितेंद्र यादव, राम प्रवेश यादव समेत कई वरिष्ठ यादव समाज के लोग एवं युवा वीर अहीर सेना के पदाधिकारियों ने कैंडल प्रज्वलित कर की। सभी मुख्य अतिथियों ने समाज में असहाय एवं कुरीतियों के विरुद्ध कदम उठाने का संकल्प लिया.जिसमें छतरपुर, हरिहरगंज, नौडीहा बाजार और पिपरा के सैकड़ों युवा यादव समाज के लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता मंटु कुमार यादव ने की। और मंच संचालन पप्पू यादव ने किया। बैठक मे सर्वसम्मति से अनुमंडल युवा वीर अहीर सेना का गठन किया गया। नवगठित सेना में संयोजक के रूप में संजय यादव को नियुक्त किया गया है। मनोहर यादव को अध्यक्ष चुना गया, और राजू यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया। अमित यादव को सचिव, तथा पवन कुमार यादव को उप सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष के रूप डॉ बीके यादव उप कोषाध्यक्ष के रूप में दीपक यादव कार्यालय प्रभारी के रूप में अजय कुमार यादव और मीडिया प्रभारी यमुना कुमार यादव को नियुक्त किया गया। संरक्षक में मनोज यादव, मंटू कुमार यादव, श्री कांत यादव एवं सी.के यादव को नियुक्त किया गया. कार्यकारिणी सदस्यों में सुनील यादव, रविंद्र यादव, बसंत यादव, अशोक यादव, जितेंद्र यादव, दीपक यादव, मंदीप यादव, संदीप कुमार यादव, डॉ संजय यादव, उदय यादव, डॉ अरुण यादव, डॉ बच्चन यादव, डॉ सुनील यादव, डॉ अभय यादव, सीके यादव, नीरज कुमार यादव, लालू यादव, कपिल यादव, अनिल यादव, राजनंदन यादव, अवधेश यादव, पप्पू यादव, गुरुदेव यादव, बिटु यादव, प्रमोद यादव, बसंत यादव अमीन, मंजीत यादव, अविनाश यादव, डॉ अर्जुन यादव, और यादव को बनाये गए।

# विधायक अनंत प्रताप देव के काफिले की छह गाडियां आपस में टकराई, बड़ा हादसा टला

## केतार मंदिर दर्शन करने जा रहा था विधायक का काफिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव के काफिले में एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। बताया जाता है कि विधायक अपने एक दर्जन गाड़ियों के काफिले के साथ सोमवार को केतार मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे।इसी दौरान भवनाथपुर श्री वंशीधर नगर मुख्य पथ स्थित वन डिपो के पास आपस में छह गाडियां टकरा गई। जिसमें तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि किसी को कोई नुकसान होने की कोई खबर नही है।क्षतिग्रस्त गाड़ियों में झामुमो के श्री वंशीधर नगर अनुमंडल अध्यक्ष ज्ञासुदिन अंसारी का स्कार्पियो जेएच एएन3525, श्री वंशीधर नगर प्रखंड उपाध्यक्ष मिथलेश सिंह उर्फ बंटू सिंह का ब्रेजा कार जेएच01इएन 5249, यदपुरा निवासी रामनाथ राम का बुलेरो जेएच01इएन 7531 है। जबकि तीन अन्य गाडियां जिसमें दो बुलेरो व एक स्कार्पियो शामिल हैं। घटना के संबंध में श्री वंशीधर नगर प्रखंड उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह ने बताया कि विधायक अनंत प्रताप देव के काफिले में एक दर्जन से अधिक गाडियां शामिल थी। जिसमें हम सभी लोग विधायक के साथ केतार मंदिर दर्शन करने जा रहे थे कि भवनाथपुर वन डिपो के पास भवनाथपुर की तरफ से एक बुलेरो जो काफिले में शामिल होने आ रहा था। उक्त गाड़ी शामिल होना चाह रहा था कि अचानक ब्रेक लगाने से छह गाडियां आपस में टकरा गई। घटना होते ही विधायक अनंत प्रताप देव, ताहिर अंसारी, दीपक प्रताप देव सहित अन्य लोग गाड़ियों से बाहर निकल कर घटना की जानकारी ली। क्षतिग्रस्त गाड़ियों को शिवपुजन फ्यूल्स पर खड़ा कर दिया गया है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## कुष्ठ रोग एवं गैर संचारी रोग से संबंधित स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

**रांची :** लापुंग प्रखंड के लतरातु स्थित पंचायत भवन में कुष्ठ रोग एवं गैर संचारी रोग से संबंधित स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया।कैंप में कुल 140 लोगों का उच्च रक्तचाप, मधुमेह इत्यादि विभिन्न बीमारियों से संबंधित जांच किया गया। कुष्ठ रोग से संबंधित जांच के दौरान तीन कुष्ठ रोगी पाए गए , जिनका इलाज शुरू करते हुए उन्हें स्र्थ्ठ्र्ज्ज की दवाई दी गईद्य साथ ही समय-समय पर जांच कराने को भी कहा गया। कैंप में जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉक्टर सीमा गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी लापुंग डॉक्टर नमिता लकड़ा , डॉ ए आर मुस्तफि, डॉ दीपशिखा, डॉ प्रीति लता , पुष्पा कुमारी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## प. बंगाल से परीक्षा देने रांची आई छात्रा के साथ होटल में छेड़खानी

**रांची :** पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने आयी नाबालिग छात्रा के साथ होटल में छेड़खानी का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। घटना रांची के कटहल मोड़ स्थित एक होटल की है, जहां बदमाशों ने कमरे में घुसकर लड़की के साथ छेड़खानी की। इस मामले में छात्रा के पिता ने नगड़ी थाना में मालदा के शुभेंदु मंडल, शांतनु मंडल, तमिलनाडु के अभिषेक दत्ता, अर्कापराव दत्ता और सोमनाथ शर्मा पर केस किया है। उनका आरोप है कि लड़कों ने उनकी बेटी की आपत्तिजनक तस्वीर खींची और उसे ब्लैकमेल किया। जानकारी के अनुसार, छात्रा कटहल मोड़ के काव्यन रेसीडेंसी में ठहरी थी। वह आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में परीक्षा देने आयी थी। रात में जब पिता खाना खाकर लौटे तो वह उनसे लिपटकर रोने लगे। यह घटना 16 सितंबर की है। इस मामले में करीब ढाई महीने बाद 29 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

# रोहित हत्याकांड में पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कोतवाली थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा घूमने के दौरान रोहित तिर्की की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में शामिल दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी राजकुमार महतो ने बताया कि इस हत्या मामले में मंतोष कुमार उर्फ मंटू और आयुष राज उर्फ अंकित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि यह मामला दुर्गा पूजा के 11-12 अक्टूबर के देर रात रांची के न्यू मार्केट चौक के पास हुई थी। इ इस मामले में अज्ञात अपराधियों द्वारा की गई मारपीट में रोहित तिर्की गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए रिम्स में भर्ती किया गया था, जहां इलाज के दौरान ही रोहित तिर्की की मौत हो गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई मोहित तिर्की द्वारा दिए गए बयान पर पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

डीएसपी कोतवाली के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी मदद और अनुसंधान के आधार पर पंडरा ओपी थाना क्षेत्र के विकास नगर, पिस्का मोड़ में छापेमारी की इसमें दो आरोपी मंतोष कुमार उर्फ मंटू और आयुष राज उर्फ अंकित कुमार को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी दल में पु.नि. सह-थाना प्रभारी, कोतवाली थाना, रांची रंजीत सिन्हा, पु.अ.नि. अनिल कुमार, पु.अ.नि. नागेश्वर साव, पु.अ.नि. अमित कुमार, पु.अ.नि. ऋषिकांत कोतवाली थाना, रांची शामिल थे।

## आदिम जनजाति,पहाड़िया समाज के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष समिति का गठन करे राज्य सरकार : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सलाह देते हुए राज्य के आदिम जनजातियों विशेषकर संथाल परगना क्षेत्र में निवास करने वाली पहाड़िया समाज की सामाजिक आर्थिक स्थिति पर चिंता भी व्यक्त की है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेष रूप से पहाड़िया समाज की आर्थिक और सामाजिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। आज भी यह समुदाय विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है और बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इनके गांवों तक आवागमन के लिए न तो सड़कों की उचित पहुंच है और न ही इन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल पाता है। कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पीने का पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी घोर अभाव है। कुपोषण, एनीमिया, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां इनके जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। मरांडी ने कहा कि पहाड़िया समाज के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ भी अधिकतर बिचौलिए हड़प लेते हैं। कहा कि इन पहाड़ी क्षेत्रों में उनके लगातार दौरे में पहाड़िया समाज कि दयनीय स्थिति को देखकर यह साफ जाहिर होता है कि उनकी हालत बेहद चिंताजनक है। कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी आदिम जनजाति समाज कि ऐसी स्थिति राज्य केलिए चिंताजनक है।

मरांडी ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेषकर पहाड़िया समाज के समग्र उत्थान के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाए। समिति द्वारा किए गए सर्वेक्षण और सिफारिशों के आधार पर एक वर्ष की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके। कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस महत्वपूर्ण विषय पर अगले कैबिनेट में मुख्यमंत्री निर्णय लेकर विशेष समिति बनाकर पहाड़िया जनजाति के गाँवों में ज़मीनी सच्चाई देखने भेजेंगे और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर पुण्य के भागी बनेंगे।

## राज्यपाल ने जेपी नड्डा को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। साथ ही राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को ट्वीट कर नैसर्गिक सौंदर्य और अद्भुत लोक संस्कृति से समृद्ध असम राज्य के स्थापना दिवस पर सभी असमवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि हमारी कामना है कि असम निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहे और यहां के नागरिकों के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे। दूसरी ओर, भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। दुबे ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

## झारखंड विस चुनाव में हारी सीटों पर कांग्रेस करेगी समीक्षा, जिलावार समितियां गठित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 में कांग्रेस ने जिन सीटों पर हार का सामना किया है, उनकी समीक्षा के लिए प्रदेश कांग्रेस ने पहल शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सोमवार को कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जिलावार वरिष्ठ कांग्रेसजनों की समितियां गठित की हैं।



इन समितियों को हार की परिस्थितियों और कारणों का विश्लेषण करने का जिम्मा सौंपा गया है। समितियां जिलाध्यक्षों, प्रखंड और मंडल स्तर के नेताओं और संबंधित संगठनों के साथ बैठक करेंगी। समितियां जिलास्तरीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर हार के पीछे के राजनीतिक, सामाजिक और क्षेत्रीय कारणों का विश्लेषण करेंगी। पार्टी नेतृत्व को सुझाव और सिफारिशें प्रस्तुत की जाएंगी ताकि भविष्य में रणनीतिक सुधार किए जा सके।

## विधानसभा चुनाव के दौरान राष्ट्र विरोधी शक्तियों की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच हो : प्रतुल शाह देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में राष्ट्र विरोधी शक्तियां सक्रिय रही। प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से भाकपा माओवादियों ने बयान जारी करके भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन की हार पर झारखंड की जनता को बधाई दी है,यह बहुत ही संदिग्ध है। प्रतुल ने कहा कि मीडिया के अनुसार माओवादियों के पूर्वी रीजनल ब्यूरो के मुख्य प्रवक्ता आजाद ने बयान जारी कर भाजपा की हार पर हर्ष व्यक्त किया है। प्रतुल ने कहा कि का यह बेहद ही संदिग्ध मामला है क्योंकि इन्हीं उग्रवादियों ने चुनाव से पहले पूरे प्रदेश में पर्चे बाँट करचुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। जो संगठन चुनाव में विश्वास नहीं रखता, वह किसी दल विशेष की पराजय से इतना खुश कैसे हैं? प्रतुल ने कहा क्या चुनाव के समय ऐसे संगठनों ने पर्दे के पीछे से कोई बड़ा षड्यंत्र किया है? प्रतुल ने कहा कि आज तक ऐसा पूर्व में कभी नहीं हुआ है जब माओवादी जैसे देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करने वाले प्रतिबंधित संगठन ने किसी के चुनाव हारने पर ऐसी प्रतिक्रिया दी हो।इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है। प्रतुल ने कहा कि इसी तरीके से अवैध गतिविधियों में लिप्त कई एनजीओ की भूमिका भी संदिग्ध रही। राष्ट्र विरोधी कार्यों में लगे फॉरेन फंडिंग से फल फूल रहे इन एनजीओ ने जमकर भाजपा या गठबंधन के प्रत्याशियों को हराने के लिए कार्य किया।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के तत्वाधान में ऋण वितरण शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय रांची के तत्वाधान में ऋण वितरण शिविर का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय राँची के सभागार में 02/12/2024 को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने की। क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार के द्वारा ग्राहक एवं बैंक के मध्य पारस्परिक निर्भरता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय रांची सदैव ग्राहकों की सुविधा, वित्तीय सुरक्षा, एवं वित्तीय प्रगतिशीलता हेतु प्रयासरत हैद्य उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन 47 शाखाएँ हर समय ग्राहकों के हित का ध्यान रखते हुए उत्कृष्ट सेवा देने के लिए तत्पर है। इसी क्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाने हेतु निरंतर प्रतिमाह ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया जाता रहा है था आगे भी यह जारी रहेगा। श्री सुनील कुमार ने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अनवरत अपने ग्राहकों के लिए जमा और ऋण उत्पादों की आकर्षक योजनाओं को लागू करता है। वर्तमान में कम ब्याज पर विभिन्न ऋण तथा बच्चों, महिलाओं, व्यवसायियों, वरिष्ठ नागरिकों के लिए जमा पर विभिन्न उत्पाद जारी किया गया है। उन्होंने आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक बैंक से जुड़ें एवं बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। स्वयं सहायता समूह से आई महिलाओं को श्री कुमार ने बकरी पालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन तथा अन्य विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से रोजगार सृजन एवं आय प्राप्ति हेतु प्रोत्साहित किया। रोजमर्रा के व्यावसायिक गतिविधियों में साइबर अपराधों से बचाव हेतु कुमार ने पासवर्ड/ओटीपी इत्यादि को गोपनीय रखने पर बल दिया एवं साइबर सुरक्षा हेतु उपायों का वर्णन किया। ऋण वितरण शिविर में रिटेल, एमएसएमई तथा कृषि सेगमेंट में तत्काल ऋण -स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। ऋण वितरण शिविर के पश्चात शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मंच संचालन संदीप कुमार ( राजभाषा अधिकारी) के द्वारा किया गया।

## जल स्रोतों के संरक्षण के लिए जनांदोलन करेगा गंगा समग्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन गंगा समग्र के महानगर इकाई की बैठक मनधीराम महतो की अध्यक्षता में विकास भारती कार्यालय आरोग्य भवन में सोमवार को हुई। बैठक का संचालन करते हुए के. जयराम ने कहा कि संगठन रांची महानगर के सभी सरोवरों, तालाबों एवं नदियों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए जन-जागरण के माध्यम से सभी जल स्रोतों के संरक्षण के लिए शीघ्र ही जनांदोलन शुरू करेगा। झारखंड के प्रान्त संगठन मंत्री अम्बरीष ने कहा कि रांची में कई सरोवर हैं, जिन पर नगर निगम ने अच्छा काम किया है। सरोवर पक्के कराए गए हैं। पेड़-पौधों से सुसज्जित हैं लेकिन पानी काला एवं बदबूदार है। पालीथीन और कचरा प्रत्येक तालाब में है। उन्होंने कहा कि शहर की सांस्कृतिक पहचान बड़ा तालाब में घरों मल-मूत्र युक्त नालियां गिर रही हैं। रांची की धरोहर स्वर्ण रेखा नदी नाला बन गई है। इक्कीसों महादेव धाम, चुटिया जाकर देखें तो नदियों की दुर्दशा समझ में आयेगी। शहर के बड़े-बड़े दुर्गन्ध युक्त नाले सीधे नदी में गिर रहे हैं। ये जहरीला पानी न केवल जनजीवन के स्वास्थ्य को नष्ट कर रहा है, बल्कि सामान्य जीव-जंतुओं को बीमार कर रहा है। बैठक को मुख्य रूप से डॉ. रत्नेश मिश्रा, अशोक प्रधान और उदय सिंह ने भी संबोधित किया।

# 13 से 19 दिसंबर तक 17वीं स्नूकर प्रतियोगिता का होगा आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 17 वीं स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप 13 दिसंबर से लेकर 19 दिसंबर तक बरियातू स्थित गेमर्स गेराज क्लब में आयोजित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट डॉक्टर मोहम्मद जाकिर के जन्मदिन पर विगत 17 वर्षो से आयोजित किया जा रहा है।

टूर्नामेंट में मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर, 6 रेड्स और 9 बॉल्स के इवेंट्स होंगे। जेड स्नूकर एवं पूल चैंपियनशिप में झारखंड के विभिन्न जिलों एवं बिहार तथा उड़ीसा के खिलाड़ी भाग लेते हैं। विजेताओं एवं उपविजेताओं को नकद राशि, ट्राफी एवं क्लब का मेंबरशिप दिया दिया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी क्लब आकर या राहुल सिंह (9262728999), यश किंगर (9155088000), इंद्रजीत (9341316833) से संपर्क करके टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## मुख्यमंत्री से विधायक रामेश्वर उरांव ने की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी।

# नाएल जुस्टिस एक्ट एंड पोक्सो एक्ट अधिनियम के बीच का केंद्र बिंदु पर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** रांची के कडरू स्थित होटल पीयर्ल रेजेंसी मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ओडिसा के एक संस्था सेंटर फॉर दा सुस्टनेबुल युसज् ऑफ नेचुरल एंड शोशल रिसोर्स ( सी.एस.एन.आर) के द्वारा आयोजित हुई। ए. के. राशिदी हाई कोर्ट के अधिवक्ता ने कहा कि जुए नाएल जुस्टिस एक्ट एंड पोक्सो एक्ट यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण ये दोनों के अधिनियम के बीच का केंद्र बिंदु है। बच्चा / किशोर किशोरियों ये दोनों अधिनियम बच्चों को रक्षा दोनों के तुलनात्मक अध्ययन कर एक कार्यशैली बनानी की जरूरत है, ताकि बच्चों के साथ जो अपराध नही किये है उन्हें और अपराधियों से दूर रखा जाना चाहिए। इसके लिए बाल गृह ( रिमांड होम) को उत्कृष्ट बनाने की जरूरत है। ताकि बच्चों के ऊपर प्रतिकूल मनोवैज्ञानिक प्रहार न हो। वहीं सीपीआई के जिला सचिव अजय सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा महिला और बच्चों के साथ उसकी भाषा और संस्कृति के अनुसार पूछ ताछ की व्यवस्था हो। फादर टॉम ने कहा कि झारखंड मे आदिवासी बच्चों का पलायन बहुत होता है.गाँवों मे जीविका उपार्जन बहुत कम होता है जिसके कारण आर्थिक विकास नही हो पाता है। अधिवक्ता डा अनवर हुसैन ने कहा कि जेल के अंदर भी मानवीय अधिकार जो है वो सुरक्षित नही है। धन्यवाद ज्ञापन सामाजिक कार्य कर्ता फरजाना फ़ारूक़ी ने किया। सभा मे राजेंद्र रविदास, विप्लव मुखर्जी, अधिवक्ता अभय कुमार सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता सौकत अंसारी, मनिशा रानी, शाहजादी खातून, हेना खातून, अनूप कुमार पांडे, किरण कुमारी, संजय कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# डीसी ने जारी किये हेल्पलाइन नंबर 9430328080, मिलेगी लोगों को मदद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रांची जिला के लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। हेल्प लाइन नंबर 9430328080 है। इस हेल्पलाइन नंबर का उद्देश्य यही है कि ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाले या फिर शहरी क्षेत्र के वैसे पीड़ित लोग जो अपनी समस्याओं को लेकर अंचल कार्यालय, थाना के चक्कर लगाते हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान समय पर नहीं हो पता है। इतना ही नहीं उनकी समस्या के लिए जो आवेदन दिया गया, उस आवेदन पर क्या कार्रवाई हुई है, कहां लंबित है इसकी भी जानकारी पीड़ित को नहीं होती है। इन सब समस्याओं को देखते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि इस हेल्पलाइन नंबर से आप अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर और आवेदन उसमें डाल देना है। उपयुक्त अंतर्गत जितने भी संचालित विभाग हैं इसके नोडल पदाधिकारी बनाए गए हैं, जो 24 घंटा सेवा में रहेंगे। जिस विभाग से संबंधित शिकायत आएगी , उस विभाग को शिकायत दे दी जाएगी और त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया जाएगा। रोज इन आवेदनों पर समीक्षा भी की जाएगी। शुरुआत में हम लोग देखेंगे की सबसे ज्यादा जो समस्याएं आ रही है वह किस तरह की समस्याएं हैं। फिर धीरे-धीरे इसमें जहां तक होगी सुधार किया जायेगा। हम लोग सुधार करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि खासकर मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र , कास्ट सर्टिफिकेट, आय प्रमाण पत्र, मोटेशन, रसीद नहीं कटना, जमीन संबंधित मामले , राशन डीलर से संबंधित शिकायतें,राशन कार्ड नहीं बनना, मंईया सम्मान योजना से संबंधित किसी तरह की परेशानियां , वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान व आवास योजना से संबंधित शिकायतों सहित और भी किसी तरह की शिकायतें आती है तो उन समस्याओं समाधान करने के लिए ,पीड़ित लोगों को राहत देने के लिए यह हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। एक सप्ताह में इसका असर भी देखने को मिलेगा, नोडल पदाधिकारी भी तुरंत समाधान करेंगे नहीं तो उन पर भी कार्रवाई होगी।

# सिल्ली विधायक अमित महतो से मिलकर झामुमो नेताओं ने दिया बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** झामुमो की प्रचंड जीत के साथ सिल्ली विधायक अमित महतो को बधाई दिये। झामुमो नेताओं ने अमित महतो को बधाई देने के बाद राजनीति पर भी चर्चा की। सभी ने कहा आजसू का सुपड़ा साफ हो गया गलती से मांडू विधानसभा की एक सीट बहुत कम वोटों से आजसू जीता।

लेकिन सिल्ली से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को बूरी तरह से अमित महतो हराकर सुदेश की राजनीति करियर का बंटाधार कर दिया। इस मौके पर झामुमो नेता जितेंद्र गुप्ता , अकबर कुरेशी, अजीत नायक, शंकर लिंडा, जयकुमार शामिल थे।

## सिल्ली कैम्पस में 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं बीज वितरण का हुआ शुभारंभ



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर स्थित सिल्ली लैम्पसम में सोमवार को किसानों के बीच 50 प्रतिशत सरकारी अनुदान पर गेहूं बीज वितरण किया गया। बीज वितरण का शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, उप प्रमुख आरती देवी, बीडीओ अनिल कुमार,लैम्पस अध्यक्ष सुरेश मुंडा, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, अखिल महतो आदि ने किया। कैम्पस के गोपाल कोइरी ने बताया कि 300 क्वींटल गेहूं बीज वितरण के लिए उपलब्ध है। वैसे किसान जिनका पंजीकरण नहीं हुआ है वे पंजीयन के लिए आधार कार्ड, जमीन की रसीद और अपने मोबाइल के साथ आकर कार्य दिवस में पंजीयन कराकर बीज ले सकते हैं। इस मौके पर जेई मनीष कुमार, रमजान मोमिन, अघनु कोइरी समेत कई किसान उपस्थित थे।

## 6 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रुडसेट संस्थान सिल्ली मे 6 दिवसीय उद्यमीता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जे0 एस0 एल0 पी0 एस0 के जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशी कान्त निरज उपस्थित हुए। उन्होने भाग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को अतिशीघ्र आजीविका से जुड़ने और दुसरों को भी रोजगार से जोड़ने की बात कही।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक संजीत कुमार,कौशल विकास रांची जिला के जिला प्रबंधक शिव कुमार रमण,कौशल विकास के जिला कार्यक्रम समन्वयक रामेश्वर वर्मा,संस्थान के वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो,वरीय कार्यालय सहायक दशरथ कुमार महतो,कार्यालय सहायक महेश रुहीदास, सुनिल मुण्डा आदि उपस्थित थे। उक्त प्रशिक्षण मे राँची जिले विभिन्न प्रखण्ड के कुल 35 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## उषा मार्टिन करेगा चबूतरा का निर्माण



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उषा मार्टिन फाउंडेशन की ओर से सिलवाई पंचायत के उलत् स्थित भुवाल टोली में चबूतरा का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए सिलवाई की ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया गया है। इस प्रस्ताव के आलोक में मुखिया नूतन पाहन, पंचायत समिति अरविंद लोहरा और ग्राम प्रधान शिवनारायण साही के नेतृत्व में भूमि पूजन किया गया। भवाल टोली की मदिरा देवी ने चबूतरा का समन्वय कर रही है। चबूतरा निर्माण भूमि पूजन में भुनेश्वर महतो, जितेंद्र सिंह, मेवालाल महतो और बहुत सारे ग्रामीण उपस्थित थे। उषा मार्टिन की ओर से तालाब का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य भी कराया जा रहा हैं।

## बुढ़मू पुलिस ने गाजे बाजे के साथ जाकर चिपकाया इस्तेहार

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने एवं सरकार बनने के साथ ही झारखण्ड पुलिस कमर कस चुकी है, क्षेत्र मे अपराधियों, वारंटीयों के खिलाफ पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है,इसी क्रम मे बुढ़मू पुलिस ने बुढ़मू थाना के कांड संख्या 36/24 दिनांक 17/6/24 धारा 384/387/120(B) भा. द. वि. 25(1- b)A 26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 C.C.A के अभियुक्त अनीस अंसारी उर्फ अविनाश मतवे निवासी बुढ़मू थाना क्षेत्र के घर पर गाजे बाजे के साथ जाकर इस्तेहार चिपकाया। वही दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी, पिता भादो गंझू देव गढ़ ,थाना बड़का गांव , जिला हजारी बाग उक्त कांड के अभियुक्त फिरार रहने के कारण इन दोनों के घर पर बुढ़मू थाना के एसआई रवि रंजन ने बुढ़मू पुलिस बल के जवानों साथ जाकर इस्तेहार चिपकाया।

# प्राथमिक विद्यालय चुनकदर का भवन हुआ जर्जर, छात्रों की सुरक्षा खतरे में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नाला :** नाला प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चुनकदर की स्थिति वास्तव में चिंताजनक है। विद्यालय भवन जर्जर हो गया है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह बहुत ही खतरनाक स्थिति है और इसके लिए तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता है।विद्यालय के प्रधान अध्यापक दिनेश महतो ने बताया कि उन्होंने कई बार विभाग को जानकारी दी है, लेकिन अभी तक रिपेयरिंग के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि विभाग ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।इस स्थिति में जिला शिक्षा पदाधिकारी से संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द रिपेयर करने को लेकर काम करना आवश्यक है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो विद्यालय में कभी भी बड़ा क्षतिग्रस्त हो सकता है और बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।यह बहुत ही महत्वपूर्ण है कि विभाग इस मामले में तुरंत कार्रवाई करे और विद्यालय भवन की मरम्मत करे। इससे न केवल विद्यालय के बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित होगा कि विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे।

### शौचालय निर्माण में देरी, सरकारी पैसे का दुरुपयोग ?

नाला प्रखंड क्षेत्र के चुनकदर मे ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय चुनकदर में शौचालय बनाने के लिए पिछले 2023 में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के द्वारा शिलान्यास किया गया था।इस शौचालय का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हुआ है।विद्यालय के प्रधान अध्यापक को अभी तक शौचालय की चाबी नहीं दी गई है।यह बहुत ही चिंताजनक है कि सरकारी पैसा का सिर्फ बंदरवट हो रहा है।प्राथमिक विद्यालय चुनकदर में जो विकास विभाग से शौचालय बनाया गया है, वह सिर्फ सजावट वस्तु बना हुआ है। विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने के लिए यह शौचालय बहुत जरूरी है। लेकिन अभी तक इसका निर्माण सम्पूर्ण पूरा नहीं हुआ है।विद्यालय के प्रधान अध्यापक से आजतक कोई सम्पर्क नहीं किया यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकारी पैसा का सिर्फ बंदरवट हो रहा है।विद्यालय के बच्चों के भविष्य के लिए यह शौचालय बहुत जरूरी है।इसलिए, विभाग को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।विद्यालय के प्रधान अध्यापक को शौचालय की चाबी देनी चाहिए।शौचालय का निर्माण पूरा करना चाहिए



# दोषी हर हाल में सलाखों के पीछे होगा : डॉ. इरफान अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** विधायक, डॉ. इरफान अंसारी, आज पीपला गांव पहुंचे, जहां 5 वर्षीय बच्ची पारू मुर्मू का शव तालाब में मिलने से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही विधायक जी जिला प्रशासन की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आशंका जताई कि बच्ची को आपसी रंजिश के चलते मारकर पानी में फेंका गया। ग्रामीणों ने कुछ संदिग्ध लोगों के नाम भी बताए हैं, जिन्हें प्रशासन द्वारा चिन्हित कर लिया गया है।



घटनास्थल पर बच्ची के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस दुखद स्थिति को देखते हुए विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने जिला प्रशासन को सख्त निर्देश देते हुए कहा,

÷शव का तुरंत पोस्टमार्टम कराया जाए, और यदि यह हत्या का मामला है, तो दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मैं इस तरह की घटना को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करूंगा। जरूरत पड़ी तो उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी और दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।÷विधायक ने परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव सहायता प्रदान की। उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता दी और कहा कि सरकार से मिलने वाली सभी सुविधाओं और लाभों को शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाएगा।आगे विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने परिजनों से कहा,यह मेरी भी बेटी है। आप लोग निश्चिंत रहें, दोषियों को सजा दिलाने तक मैं चैन से नहीं बैठूंगा। जितना दुख आपको है, उतना ही मुझे भी है। मैं निष्पक्ष जांच के माध्यम से इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई करवाऊंगा।÷इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। 5 वर्षीय पारु मुर्मू की मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। विधायक जी ने मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए यह सुनिश्चित किया कि परिजनों को न्याय मिले और ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

डॉ. इरफान अंसारी ने अंत में कहा,

÷इस हृदयविदारक घटना ने मुझे बेहद आहत किया है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस दुख की घड़ी में हिम्मत रखें। न्याय की प्रक्रिया पूरी होने तक मैं स्वयं इस मामले की निगरानी करूंगा।÷

जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने अपने संवेदनशील और दृढ़ रवैये से पूरे क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया है कि न्याय हर हाल में मिलेगा।मौके पर मृतक के पिता चंदन मुर्मू मुखिया तारामनी संजीत मरांडी असित मरांडी मदन मंडल केटी मरांडी विमल कार्तिक सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# तेल पाइपलाइन चोरी के मुख्य आरोपी अरविंद यादव और सहयोगी शेख नसीरुद्दीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशम वाकरीब के विशेष निर्देश पर नाला थाना कांड संख्या 58/24 (06.06.24) में संलिप्त तेल पाइपलाइन चोरी के मुख्य आरोपी अरविंद यादव जौनपुर उत्तर प्रदेश और इसके सहयोगी शेख नसीरुद्दीन पांडेसर पश्चिम बंगाल को 1 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया।अरविंद यादव तेल पाइपलाइन चोरी का प्रमुख तकनीकी अपराधी है, जो नाला, आसनसोल, बिहार, गुजरात, और उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों





में सक्रिय रहा है।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अरविंद यादव और शेख नसीरुद्दीन के पास से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और सामग्री बरामद किए हैं, जिनमें 2 इंच के दो वाल्व, 12 नट-बोल्ट, दो मोबाइल, 9 सिम कार्ड और 6 एटीएम कार्ड शामिल हैं।इस छापेमारी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार मेहता और नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। अरविंद यादव पहले भी पश्चिम बंगाल में गिरफ्तारी के बाद जेल जा चुका है। उसकी गिरफ्तारी से तेल पाइपलाइन चोरी के मामलों में कमी आएगी।अरविंद यादव और शेख नसीरुद्दीन के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।इस गिरफ्तारी से तेल पाइपलाइन चोरी के मामलों में कमी आएगी और पुलिस को आगे की कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

## केंद्रीय आदिवासी मूलवासी सरना समिति ने नये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से किया शिष्टाचार मुलाकात



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय आदिवासी मूलवासी सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की के नेतृत्व में सीएम आवास कांके रांची में नए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन (चौथी बार बने) से शिष्टाचार मुलाक़ात किया. मुलाक़ात से पूर्व सीएम को अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया. इस दौरान अजय तिर्की ने कहा कि सीएम के नेतृत्व में सूबे में विकास की गंगा सदैव बहती रहेगी। मौके पर सिरका पंचायत के पूर्व मुखिया रामनाथ मुंडा, समाजसेवी एहसान अंसारी, सेराज खान, क़ासिद अंसारी असलम अंसारी, सलीम खान, एवं तजदार अंसारी मौजूद थे.

## सिल्ली निचे टोला के सड़कों पर बह रहा है नाली का पानी, लोग परेशान



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली के नीचे टोला में सड़कों पर ही नाली का पानी बहने से मुहल्ले की स्थिति नारकीय हो गई है। अलावे इस रास्ते से होकर गुजरने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नाली का पानी का जहां तहां जमाव होने के कारण पूरी सड़क दुर्गंध से भरी है जिससे लोगों को बिना नाक बंद किए गुजरना मुश्किल है। इस जगह पर मच्छरों का भी प्रकोप है इससे बीमारी फैलने की आशंका भी है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय मुखिया समेत अन्य अधिकारियों को भी इस की जानकारी दी गई है लेकिन किसी ने भी समस्या के समाधान के लिए अभी तक कोई पहल नहीं की है। नाली का निर्माण ठीक से नहीं होने से बनी है यह समस्या- सड़क को कीचड़ मुक्त करने के लिए पीसीसी का निर्माण कराया गया है। मुहल्ले में इसी सड़क पर ऊपरी हिस्से में पानी के निकासी के लिए सड़क के किनारे नाली भी बनाए गए है। सालों पहले नाली निर्माण पर लाखों खर्च किए गए है लेकिन नाली का निर्माण समुचित तरीके से नहीं होने से घरों का पानी नाली में नहीं जाकर सड़क पर ही आ जाता है। कई जगह पर लोगों ने अपने सुविधा के लिए नाली को भी जाम के दिया है लोगों ने स्थानीय प्रशासन से इस समस्या का हल निकालने का आग्रह किया है।

## फ्लाई ऐश की ढुलाई से हो रहे प्रदुषण को लेकर सीओ को दिया गया ज्ञापन



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल सीओ से मिलकर फ्लाई ऐश की ढुलाई होने से भारी प्रदुषण से अवगत कराया। साथ ही इस समस्या से निजात दिलाने के लिये एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सीओ को कार्यकर्ताओं ने बताया कि टंडवा स्थित एनटीपीसी से फ्लाई ऐश का परिचालन खलारी प्रखंड क्षेत्र की सड़कों से होते हुए झारखंड के विभिन्न हीस्सों में जा रहा है। जिससे खलारी की समस्त जनता प्रभावित हो रही है और तरह-तरह के रोगों से ग्रस्त हो रहे है। ज्ञापन में बताया कि प्रखंड क्षेत्र के केडी, हुटाप, मैक्लुस्कीगंज, राय, डकरा, मायापुर, चदराघौड़ा, चूरी होयर से होते हुए भारी-भारी वाहनों द्वारा डस्ट की ढुलाई की जा रही है, जो सड़क पर जहां-तहां गिरता है, जिससे आस-पास के ग्रामीणों को बहुत परेशानी हो रही है। साथ ही कहा गया कि यातायात, सुरक्षा तथा ट्रांसपोर्टिंग नियमों को ताक में रखकर वाहनों का प्रयोग कर ओवर लोडिंग और खुले गाड़ी का प्रयोग किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि कई ड्राइवरों के लाइसेंस भी नही है और रात में शराब व नशीली पदार्थ का सेवन कर खलासी को गाड़ी चलाने के लिए दे रहे है, जिससे अनियंत्रित गाड़ियों से कई बार दुर्घटना हो चुका है। केडी अम्बेडकर चौक ट्रांसफार्मर के पास पूर्व में एक गाड़ी पलटी हो चुका है जिसका डस्ट अभी तक पूरी तरह हटाया भी नही गया है। कहा कि खासकर वृद्ध और बच्चों को जहरीली डस्ट से सांस लेने में तकलीफ हो रही है और टीवी, कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बन गया है। मैकलुस्कीगंज पर्यटन तथा शिक्षा के हब के रूप में विख्यात है जहां सैलानियों के आने का समय है, जिससे सीधा-सीधा क्षति हो रहा है, और वो प्रदुषण के चलते अपनी पहचान खो देगा। स्टेट हाईवे-7 खलारी कोयलांचल का एकमात्र मुख्य मार्ग होने की वजह से केडी मुख्य बाजार, डकरा, राय, बचरा, लपरा इत्यादि क्षेत्र के ग्राहक खरीदारी नही कर पा रहे है, जिससे ग्राहक और दुकानदार दोनो की क्षति हो रही है.। अंत में कहा कि इस अवैध दुलाई को संज्ञान में लेकर त्वरित कारवाई करते हुए अविलंब पांच दिनों के अंदर बंद कराया जाए अन्यथा समस्त कोयलांचल की जनता इस अवैध तरीके से हो रहे ढुलाई कार्य को बंद करने का काम करेंगे। पत्र का प्रतिलिपी प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, काके विधायक, उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक, उपाधीक्षक खलारी, इंस्पैक्टर सह खलारी थाना प्रभारी, मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी सहित अन्य को दिया गया है। वहीं राजेश सिंह मिंटू ने बताया कि इस समस्या को लेकर अंचल अधिकारी से सकारात्मक आश्वाशन प्राप्त हुआ है। डस्ट की समस्या से पहले ही ख़लारी के लोग परेशान थे और फ्लाई एश वाले डस्ट से यह परेशानी ज्यादा बढ़ गयी है।

## घर- घर में शिक्षा का दीप जलाये : मो. इसलाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जमीअतुल हवारीन रांची के तत्वाधान में जमीअतुल हवारीन झारखण्ड के अध्यक्ष मो. इसलाम की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक मो. इसलाम के आवास में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई जिसमें रांची क्षेत्र के तमाम हवारीन पंचायत , एदारे एवं तंजीम के प्रमुख प्रतिनिधि मुख्य रूप से भाग लिए। बैठक में जमीअतुल हवारीन झारखण्ड के अध्यक्ष मो. इसलाम ने अपने सम्बोधन में घर- घर में शिक्षा का दीप जलाने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसी शय है जो इंसान को हर बुराई से रोकता है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा का दीप अपने घर के साथ साथ पूरे समाज व देश को रौशन करता है तथा समाज एवं राष्ट्र के विकास एवं उन्नति के लिए शिक्षा जरुरी है। बैठक में मरकजी हवारी पंचायत, जम्हूरी हवारी पंचायत, डोरंडा हवारी पंचायत, चौधरी हवारी पंचायत सहित अन्य प्रतिनिधियों ने समाज में फैल रही बुराईयों को रोकने, प्राईमरी से लेकर उच्च शिक्षा हासिल करने, समाज में स्वास्थ्य क्षेत्र में युद्ध स्तर पर कार्य करने, दहेज प्रथा पर अंकुश लगाते हुए शादी- विवाह को सरल बनाने, हवारी समाज के संगठन को और भी मजबूती प्रदान करने पर बल दिया।

यूथ हवारी कमिटी के अध्यक्ष साकिब हुसैन ने हवारी समाज के महिलाओं में जागरुकता लाने हेतु जमीअतुल हवारीन की महिला संगठन बनाने की बात कही जिसे सर्वसम्मति से लोगों ने सराहा। जमीअतुल हवारीन पंचायत के जेरे एहतमाम चलाए जा रहे हवारी मस्जिद के हिसाब- किताब पर भी चर्चा करते हुए हवारी मस्जिद कमिटी के पुराने पदाधिकारियों की सराहना की गई साथ ही साथ मस्जिद को और भी अच्छे ढंग से चलाने के लिए हवारी मस्जिद की पुरानी कमिटी को भंग करते हुए हवारी मस्जिद की नई कमिटी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया जिसमें पुरानी कमिटी के लोगों के साथ- साथ जमीअतुल हवारीन के प्रत्येक पंचायत से नए प्रतिनिधियों को चुनते हुए हवारी मस्जिद की नई कमिटी के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया।

## झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की एकदिवसीय बैठक 3 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:00 से रांची डोरंडा झंडा चौक स्थित केंद्रीय कार्यालय में होगी। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों के वर्तमान स्थिति एवं भावी रणनीति पर विचार - विमर्श किया जाएगा। इस विचार विमर्श बैठक में राज्य के लगभग सभी जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उक्त जानकारी झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा बेड़ो प्रखंड अध्यक्ष जोगेश उरांव व प्रखंड सचिव सहिद्र लकड़ा ने एक प्रेस बयान जारी कर दी। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान, अलग झारखंडी पहचान, रोजी, रोजगार व नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए समान रूप से सम्मान पेंशन राशि 50-50 रु. हमारी लंबित मांगों को अबुआ सरकार पूर्ण करें। झारखंड आंदोलनकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर निरंतर संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि बुआ सरकार आंदोलनकारी की मांगों के प्रति गंभीर है और सकारात्मक सोच रखती है इसीलिए एनडीए के किसी प्रलोभन में विधानसभा चुनाव में आंदोलनकारी नहीं आए और अब वे अबुआ सरकार में अपना आस्था- विश्वास बनाए रखे हैं। अब हुआ सरकार जीते जी आंदोलनकारी को राजकीय मान- सम्मान -पेंशन व नियोजन दे।

## मोमिन कांफ्रेंस ने अल्पसंख्यक मोमिन के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक समस्याओं के समाधान हेतु बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस सामाजिक संगठन ने रविवार को झारखंड के अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज के सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन में सुधार को लेकर बैठक आयोजित किया। बैठक की अध्यक्षता जामताड़ा मोमिन कॉन्फ्रेंस के पूर्व जिला अध्यक्ष नाजीर हुसैन ने किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज को इंडिया गठबंधन के विजेता टीम हेमंत सरकार से रोजगार की बहुत आस है । राज्य सरकार अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज के लिए कल्याणकारी योजनाओं हेतु अलग से वार्षिक कार्ययोजना और बजट बनाए । इस मौके पर झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के प्रदेश महासचिव डॉ नबी अख्तर ने कहा कि अल्पसंख्यक मोमिन समाज को रोजगार के मुख्यधारा से जोड़ कर ही उन्नति के पथ पर लाना मुमकिन है। उन्होंने झारखंड में अल्पसंख्यक



मुस्लिम समाज के पिछड़ेपन पर काफी चिंता जताते हुए कहा कि आजादी के 78 साल गुजरने के बाद भी हमारा समाज पिछड़ा है। बैठक में मौजूद झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के प्रदेश सचिव मौलाना अब्दुल रकीब रहमानी ने कहा कि अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज के सामाजिक , आर्थिक और शैक्षणिक समस्याओं के समाधान के लिए सामाजिक बैठक नितान्त आवश्यक है। सामाजिक बदलाव के लिए शिक्षा का हासिल करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बेरोज़गारी एक बड़ी चुनौती है जिस पर रोक आवश्यक है। बैठक में संगठन के इम्तियाज अंसारी , हबीब अंसारी , रिजवानुल हक ,खालेक जमां , सद्दाम हुसैन , शफीक आलम , मुख्तार अंसारी , इमरान अंसारी , वसीम अहमद , मुस्ताक शेख , शमीम अख्तर , निमाजी अंसारी , तनवीर आलम, महमूद अंसारी , मौलाना मुस्तफा, मौलाना ताहिर सहित कई लोग मौजूद थे।

## अविवाहित महिला के साथ यौन शोषण मामले में फुचु महतो गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के तिरूलडीह थाना क्षेत्र के तिरूलडीह निवासी 44 वर्षीय फुचु महतो उर्फ मंटू को एक 35 वर्षीय पड़ोसी अविवाहित महिला के साथ यौन शोषण के मामले में सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को फुचु महतो अपने पड़ोसी का एक अविवाहित महिला को घर में अकेली पाकर जबरन यौन संबंध बनाया। महिला ने रविवार को तिरूलडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। लिखित शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई और उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी आलम चांद महतो ने बताया कि फुचु महतो द्वारा पूर्व में भी उक्त महिला को झांसा देकर यौन शोषण करता था। वहीं शुक्रवार को घर में अकेली पाकर जबरन यौन संबंध बनाया। उन्होंने कहा कि महिला के लिखित आवेदन देने के बाद कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया एवं महिला को सरायकेला सदर अस्पताल भेज कर मेडिकल टेस्ट कराया गया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा चाकुलिया में वृहत ऋण वितरण शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** किसान पखवाड़ा के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा आज 02 दिसंबर, 2024 को वृहत ऋण संवितरण शिविर का आयोजन किया गया। चाकुलिया ब्लॉक में ग्रामीण समुदाय के बीच आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से 1400 से अधिक लाभार्थियों वाले 141 स्वयं सहायता समूहों को कुल ऋण राशि रु. 7.50 करोड़ का ऋण स्वीकृति पत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव पद नायक, उप महाप्रबंधक व्यवसाय विकास, भुवनेश्वर अंचल के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में जेएसएलपीएस से बीपीएम मनीषा लियांगी उपस्थित रहीं। उक्त कार्यक्रम, जमशेदपुर क्षेत्र की छह शाखाओं ङ्क चाकुलिया, घाटशिला, गालुडीह, हुरूहू, बडीकानपुर एवं जादुगोड़ा के समन्वय में आयोजित किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, क्षेत्रीय कार्यालय से वित्तीय समावेशन विभाग तथा अन्य पदाधिकारीगण एवं शाखा प्रमुख - अमित लियो मिंज, लाइरा सुंडी, अलोक मिश्रा, ओम प्रकाश विभूति, राधानाथ बास्की एवं अंकुर कुमार उपस्थित रहें ।

## पटमदा के 11 व बोड़ाम के 6 विद्यार्थियों का मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना में चयन

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री राज्य मेधा छात्रवृत्ति योजना में पटमदा प्रखंड के 11 व बोड़ाम के 6 विद्यार्थियों का चयन होने से हर्ष का माहौल है। इसमें पटमदा प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय बांगुड़दा की छात्रा पूजा महतो 81.67 प्रतिशत अंकों के साथ प्रखंड टॉपर रही हैं जबकि पूर्वी सिंहभूम जिले में उसे तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। बांगुड़दा आदर्श मध्य विद्यालय के ही प्रणव गोप, सोमनाथ मोदक और कृष्ण सिंह मोदक ने भी सफलता हासिल की है। पटमदा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जोड़सा की दो छात्राएं रिया कुंभकार व मौसमी कुंभकार एवं एक छात्र आकाश महतो भी सफल हुए हैं। आगुईडांगरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र सौभिक नाग व सुकदेव कुंभकार। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गेंगाड़ा की छात्रा लक्ष्मी रानी महतो, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लावा की छात्रा लक्ष्मी सिंह ने भी बेहतर अंकों के साथ सफलता हासिल की है। बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय बांकादा के छात्र प्राणकृष्ण महतो, ठाकुरदास महतो व समीर महतो। उत्क्रमित मध्य विद्यालय दामोदरपुर के देवाशीष कर्मकार, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लायलम के सुशील हेंब्रम व सुमित कुमार टुडू ने भी सफलता हासिल की है।

## पटना हरमंदिर साहिब पर भी कठोर निर्णय लेने की जरूरत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने पांच सिंह साहिबान द्वारा अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल एवं पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और उनके कैबिनेट मंत्रियों के खिलाफ लिए गए कठोर निर्णय का स्वागत किया है। अधिवक्ता कुलविंदर सिंह के अनुसार श्री अकाल तख्त साहब के स्थापना के 418 वर्ष पर पांच सिंह साहिबान जत्थेदारों ने सोमवार के फैसले से साबित किया है कि अकाल तख्त महान है और सिख पंथ की शान है।वही अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुवीर सिंह एवं पांच सिंह साहिबान से आग्रह किया है कि इसी तरह तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधक कमेटी एवं सिंह साहिबान के खिलाफ कठोर निर्णय लेने की जरूरत है। पिछले तीन सालों से संगत यहां प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी का ड्रामा देख रही है। वे अपने राजनीतिक दलों के रसूख पर माहौल खराब किए हुए हैं।

## सिदगोड़ा में बनेगी 31 फीट की सरस्वती प्रतिमा, पूजा की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्यापति नगर कुआं मैदान में सरस्वती पूजा की तैयारी को लेकर रविवार को कमेटी के सभी सदस्यों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में 31 फीट की सरस्वती प्रतिमा बनाने का निर्णय लिया गया।पूजा को सफल बनाने के लिए मुख्य संरक्षक प्रह्लाद लोहरा, अध्यक्ष अभिलाष गौड़, बुमा नमाता, पिंटू सिंह, अनूपम सिंह, बादल गौड़, किशोर स्वांसी, सुबोध कुमार परवाना, सेंटी पॉल, रवि कुमार, बसंत श्रीवास्तव, विष्णु नाग, विशु लोहार, बिनोद पात्रो, जितेन्द्र पात्रो, अर्जुन मुखी, डेबिट कुमार, सूरज कुमार दास, गंगा प्रसाद, मुकेश कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, दीपक कुमार, विजय भगत, राकेश कुमार, अजीत लोहार, जितेन कुम्हार, रोहित लोहार, राहुल लोहार, बिरजू लोहार, संग्राम, सिद्धार्थ कुमार, अर्जुन कुमार, सेवक लोहार, सुजीत लोहार, इंदिरा लोहार, सूरज रविदास, राहुल नाग, महावीर कुमार, संजय लोहार, प्रदीप लोहार, गोलू लोहार, विनोद सिंह, रवि लोहार, पवन गोप, षष्ठी लोहार आदि शामिल हुए।

# बांगजाता माइंस के आंदोलनरत मजदूरों को 16 से काम मिलने का मिला आश्वासन, आंदोलन स्थगित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मुसाबनी :** बागजांता माइंस रेंज समूह के मजदूरों का आंदोलन यूसिल प्रबंधक के साथ वार्ता के बाद 16 दिसंबर तक स्थगित किया गया। पूर्व जिला पार्षद बुद्धेश्वर मुर्मू ने वार्ता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की बागजांता माइंस के रेंज समूह के मजदूर विगत 8 महीनों से बंद अपने रोजगार की मांग को लेकर 02 दिसम्बर से चक्का जाम और 3 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन बंदी को सोमवार सुबह 7 बजे से मजदूरों द्वारा मदनटोला और बाकड़ा के बीच सड़क जाम कर किया गया था। सड़क जाम होने से सुबह के पाली के मजदूरों को ले जा रही बस को रोक दिया गया। बस में सवार मजदूर घंटों तक सड़क में ही फंसे रहे। बाद में जाम स्थल से माइंस परिसर तक बस के मजदूर पैदल गए। सुबह पाली के मजदूरों ड्यूटी ज्वाइनिंग करने से माइंस सुचारू रूप से चला। मजदूरों के आंदोलन को देखते हुए यूसिल के महाप्रबंधक (खान) मनोरंजन माहली ने प्रतिनिधि के रूप में अपर प्रबंधक कार्मिक टी भट्टाचार्य को भेजकर दिन के 12 बजे बागजांता माइंस परिसर में आंदोलनरत मजदूरों को वार्ता के लिए बुलाया गया। बागजांता माइंस कार्यालय में महा-प्रबंधक (खान) मनोरंजन माहली के अध्यक्षता में रेंज समूह के मजदूरों के साथ वार्ता में यूसिल लिखित 15 दिसंबर तक टेंडर प्रक्रिया पूरा होने की जानकारी दी गई। 16 दिसंबर से सभी 41 मजदूरों को कार्य पर बहाली होने पर सहमति बनी। कार्य प्रारंभ होने की महाप्रबंधक (खान) द्वारा लिखित भरोसा दिए जान के बाद सभी मजदूरों ने सहमति जताते हुए अपने आंदोलन को आगामी 16 दिसंबर तक स्थगित किया।वार्ता में मुख्य रूप से उपस्थित जिप प्रतिनिधि व पूर्व जिला पार्षद बुद्धेश्वर मुर्मू ने यूसिल प्रबंधक के समक्ष स्थानीय लोगों को जानकारी दिए बगैर बाहर के लोगों को बहाल करने सम्बन्धी सवाल करते हुए स्थानीय डिप्लोमा एवं आईटीआई बेरोजगार युवकों को माइंस में प्राथमिकता देने की मांग की गई। बुद्धेश्वर मुर्मू की मांग पर प्रबंधक ने स्थानीय को प्राथमिकता देने की बात कही। वार्ता में मुखिया परबत हांसदा, जगन्नाथ भकत, मनोहर कैबर्त, सहदेव माहली, श्याम चरण हांसदा, कृष्णा सोरेन, कुंवर हांसदा, श्याम हांसदा, दुर्योधन कैबर्त, दीपक कैबर्त, प्रकाश कैबर्त, भादो राम हांसदा, राम राय हांसदा आदि उपस्थित थे।

## नेंगजुड़ी के विजय बास्के का पोस्टमार्टम के बाद हुआ अंतिम संस्कार, विधायक मंगल कालिंदी पहुंचे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** रविवार को पटमदा के नेंगजुड़ी निवासी बुद्धेश्वर बास्के के 12 वर्षीय पुत्र विजय बास्के की जहरीला खीरा खाने से मौत हो गई थी। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की मदद से सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सोमवार को उनके घर पहुंचे विधायक ने परिजनों को ढांढस बंधाया और कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे साथ हैं और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने बुद्धेश्वर बास्के को उनके दूसरे बच्चों की पढ़ाई समेत अन्य जरूरी कार्यों में मदद करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के कई गांवों में तूफानी दौरा करते हुए शोकाकुल परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि बोड़ाम प्रखंड के लायलम पंचायत अंतर्गत रापाचा गांव की तरु वाला सिंह, पटमदा के गोबरघुसी गांव के रामलाल साहा व खेडुआ गांव के कार्तिक महतो का निधन बीते दिनों हो गया था। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, ईशान चंद्र गोप, देवेन सिंह, माणिक महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## इंडिया गठबंधन सरकार बनने पर राजद नेता के निवास पर मना जश्न, बंटे लड्डू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** ओल्ड पुलिया रोड नंबर 13 ज़ाकिर नगर राष्ट्रीय राजद पार्टी महासचिव अल्पसंख्यक के महामंत्री मंज़र अमीन के निवास पर इंडिया गठबंधन द्वारा झारखंड में 24 साल बाद भारी बहुमत से सरकार बनने की खुशी पर गठबंधन के सभी नेता और समाजसेवी शामिल हुए। इस अवसर पर सभी को मंजर अमीन ने मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। जिसमें मुख्य रूप से पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष मौलाना अंसार खान, समाजसेवी राजाराम पंडित, मोहम्मद हसन, मोहम्मद शमसी, जुबेर मलिक, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद गब्बर, जी रजनी राव, मोहम्मद हफीज उर्फ लल्लू, राहुल आदि शामिल हुए।

## जमशेदपुर क्षेत्र की 65वीं शाखा का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज बैंक ऑफ़ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र की 65वीं शाखा ङ्क मुसाबानी शाखा का उद्घाटन, शिव पद नायक उप महाप्रबंधक, व्यवसाय विकास, भुवनेश्वर अंचल के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ । यह शाखा हमारे स्थानीय ग्राहकों को हर प्रकार की सुविधाओं एवं सेवाओं को प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। इस उपलक्ष्य में जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, शाखा प्रबंधक श्री डोमन मुर्मू अन्य कार्यपालकगण तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

## महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड सभागार में सोमवार को महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ साधुचरण देवगम ने कहा कि महिलाओं के साथ हिंसा एवं भेदभाव करना सरकारी मापदंडों के साथ साथ समाज में भी कानूनी आपराध हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सम्मान व बेटियों को शिक्षित करने के लिए हम सबों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की हिंसा घरेलू हिंसा या छेड़छाड़ इत्यादि घटनाओं के दौरान बेटियों और महिलाओं तत्काल शिकायत करें। इस दौरान मुख्य रूप से उप प्रमुख सुखदेव सरदार मुखिया करम सिंह मुंडा मुखिया राम सोय मुखिया रेखामनी उरांव सरस्वती मींज देवचरण हाईबुरु आदि उपस्थित थे।

# एसपी ने किया खरसावां थाना का औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**खरसावां :** जिला के पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत ने सोमवार को खरसावां थाना का औचक निरीक्षण किया। एसपी के औचक निरीक्षण से पुलिस महकमें में हडकंप की स्थिति बन गई। पुलिस अधीक्षक ने खरसावां थाना के पुलिस पदाधिकारीं एवं पुलिस कर्मियों से थाना क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी ली। साथ ही अपराध नियंत्रण, गुणवत्तातपूर्ण अनुसंधान, विधि-व्यवस्था संधारण, नक्सली गतिविधि पर निगरानी, अवैध मादक पदार्थों के खरीद-फरोख्त पर रोकथाम तथा लंबित कांड,वारंट व कुर्की इश्तेहार के निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।मौके पर लुणायत ने कहा कि अपराधों पर नियंत्रण के लिए हमेशा अलर्ट रहे। अपराध नियंत्रण में लापरवाही किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना में रहने की बजाय गश्त पर निकलने की आदत बना लें और तकनीकी पक्ष को मजबूत कर लें। उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए हरसंभव प्रयास करने की सीख दी। इस दौरान मुख्य रूप से थाना प्रभारी गौरव कुमार व पुलिस पदाधिकारी व जवान उपस्थित थे।

# सोनारी एरोड्रम बाजार पहुंचे सांसद, अग्नि पीड़ितों से मुलाकात कर हर संभव मदद का दिया भरोसा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** सोनारी एरोड्रम बाजार में 11 नवंबर 2024 की रात्रि अचानक शॉर्ट सर्किट होने के कारण कुछ दुकानें जल गई थी। स्थानीय जनों द्वारा समाजसेवी राजकुमार जैन एवं भारतीय जनता पार्टी के सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार को सूचित किया गया, जिसमे बिना समय व्यतीत किये, स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार जी, राजकुमार जैन ने सांसद विद्युत वरण महतो को इस क्षेत्र मे आग लगने की जानकारी की सुचना दी। झारखंड में विधानसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगी हुई थी जिस कारण सेवा कार्य मे देरी हुई। रविवार को सांसद ने दुकान का निरीक्षण किया। और दुकानदार भाईयों को आर्थिक मदद की गई। साथ ही दुकान बनाने के लिए टिना सेड देने के साथ आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की बात कही। दुकान बनाने के लिए भी बैंक से लोन दिलाने एवं जिला उपायुक्त से भी बात कर मुवावजा दिलाने की भरोसा दिया गया। वहां के दुकानदारों ने काफी राहत महसूस किया एवम विद्युत वरण महतो और प्रशांत पोद्दार का आभार व्यक्त भी किया।

## संभावनाओं को दे रहे नई उड़ान: अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर फ्लिपकार्ट ने कार्यस्थल को और भी समावेशी बनाने की किया वकालत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** हर व्यक्ति को सम्मान, वित्तीय आजादी और सार्थक लक्ष्य के साथ जीवन जीने लिए अवसर पाने का अधिकार है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए फ्लिपकार्ट समर्पित कार्यक्रमों एवं समावेशी प्रक्रियाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को सार्थक अवसर देने के लिए प्रयासरत है। फ्लिपकार्ट ऐसे माहौल को बढ़ावा दे रहा है, जहां कर्मचारी अपनी वास्तविक प्रतिभा दिखाने में सक्षम हों। ऐसा करते हुए फ्लिपकार्ट व्यापक समावेश एवं सशक्तीकरण में योगदान दे रहा है।अपने इकोसिस्टम के महत्वपूर्ण भाग के तौर पर 2000 से ज्यादा दिव्यांग कर्मचारियों के साथ फ्लिपकार्ट ने समावेशी कार्यस्थल की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। पीडब्ल्यूडी हब (शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों के लिए हब) स्थापित करना अयोग्यता पर योग्यता को वरीयता देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाता है, जिससे ज्यादा समतामूलक एवं समावेशी भविष्य के निर्माण में मदद मिल रही है।इस अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के मौके पर फ्लिपकार्ट ने कुछ ऐसे लोगों के उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायी सफर को सबके सामने रखा है, जिन्होंने मुश्किलों को मात देते हुए अपने लिए आजादी एवं आत्मसम्मान का रास्ता तैयार किया है। सुनील कुमार, वेंकटेश और रविंदर जैसे डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स की इन प्रेरक कहानियों के माध्यम से हम फ्लिपकार्ट की विभिन्न पहल के प्रभाव को समझ सकते हैं। सुनील कहते हैं, 'मुझे फ्लिपकार्ट में सबसे ज्यादा यहां का समावेशी माहौल पसंद आता है, जहां मेरे टीम लीड एवं मैनेजर्स भी दिव्यांग हैं और अपनी मेहनत से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।

## टाटा स्टील के 2025 तक 20 फीसदी विविध कार्यबल हासिल करने के लक्ष्य में एक कदम

# वेस्ट बोकारो डिवीजन में चार दिव्यांग कर्मचारी नियुक्त

➪ अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विशेष

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर/ वेस्ट बोकारो :** टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन ने कंपनी के सक्षम को सशक्त बनाना पहल के तहत दिव्यांग कर्मचारियों के कल्याण में अद्वितीय कदम उठाए हैं। 13 अगस्त, 2024 को वेस्ट बोकारो के सिक्यूरिटी विभाग में सीसीटीवी ऑपरेटर के रूप में चार दिव्यांग कर्मचारियों को नियुक्त किया गया, जो समावेशन और विविधता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। जिनमें प्रेम शर्मा, मोहम्मद हाशिम हसन, अंगद कुमार सिंह, और अभिलाष शर्मा शामिल हैं। इनकी नियुक्ति 13 अगस्त 2024 को वेस्ट बोकारो डिवीजन में की गई, और आवश्यक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 3 सितंबर 2024 को इन सभी ने सीसीटीवी ऑपरेटर के रूप में अपना योगदान शुरू किया। अनुराग दीक्षित, जेनरल मैनेजर, वेस्ट बोकारो डिवीजन, टाटा स्टील ने कहा, दिव्यांग कर्मचारियों की सीसीटीवी कंट्रोल रूम में नियुक्ति, हमारी समावेशी कार्यस्थल बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ये कर्मचारी वेस्ट बोकारो डिवीजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, और हम उन्हें आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह मेरे लिए बाहर आकर काम करने का पहला अनुभव है।

# मानगो को जाम मुक्त करने की पहल : मानगो में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

➪ पहले से बेहतर हुई ट्रैफिक व्यवस्था

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** मानगो में ट्रैफिक समस्या के निराकरण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशील प्रयास किये जा रहे हैं । डिमना चौक से मानगो चौक और मानगो पुल क्रॉस करने में लोगों को आ रही समस्या को देखते हुए सड़क से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इस दौरान सड़क किनारे अस्थाई रूप से घेरा बनाकर बैठने वाले सब्जी विक्रेताओं व अन्य दुकानदारों से सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया साथ ही सख्त चेतावनी दी गई कि जानमाल की सुरक्षा को देखते हुए खुले स्थान पर दुकान लगाएं, सड़क किनारे जोखिम लेकर दुकान नहीं लगाएं साथ ही इससे जाम की भी समस्या बनी रहती है। दोबारा से अतिक्रमण करने पर विधि सम्मत कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। वहीं कई स्थाई दुकानदारों के एक्सटेंशन को भी हटाया गया।दंडाधिकारी के रूप में मानगो नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त आकिब जावेद एवं अरविंद अग्रवाल की देखरेख में पूरा अतिक्रमण हटाओ अभियान संचालित किया गया। मौके पर मानगो व आजादनगर थाना के पुलिस पदाधिकारी व पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। गौरतलब है की एडीएम लॉ एंड ऑर्डर द्वारा सभी स्टेक होल्डर के साथ बैठक में अतिक्रमण हटाने को लेकर रणनीति बनाई गई थी ताकि मानगो क्षेत्र के लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाया जा सके। अतिक्रमण हटाने के साथ साथ ट्रैफिक रेगुलेट करने के लिए अतिरिक्त मानव बल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि लोग सुगमता से आवागमन कर सकें। पूरे अभियान का जायजा लेते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान व सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बस स्टैंड, मानगो चौक से डिमना चौक के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा जाममुक्त मानगो को लेकर दीर्घकालिक उपायों पर चर्चा की। अतिक्रमण हटाओ अभियान के पश्चात एडीएम लॉ एंड ऑर्डर व सिटी एसपी ने शाम में ट्रैफिक व्यवस्था का भी जायजा लिया। ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हुआ है, वाहनों का परिचालन सुगमता से हो रहा है।

## सरकार योगा एकेडमी का ओपन सीट एंड ड्रा कम्पटीशन 7 को केपीएस कदमा में

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** सरकार योगा एकेडमी (कदमा) के तत्वावधान में चतुर्थ ओपन झारखंड सीट एंड ड्रा कम्पटीशन का आयोजन आगामी 7 दिसंबर को कदमा स्थित केरला पब्लिक स्कूल परिसर में किया जाएगा. इसी दिन उक्त परिसर में सरकार योगा एकेडमी ने ऑसम योग एकेडमी के साथ संयुक्त रूप से पंचम ओपन इंटर स्कूल एवासम योग चैंपियनशिप का भी आयोजन करने का निर्णय लिया है.इस संबंध में सरकार योगा एकेडमी के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय योग गुरु अंशु सरकार ने बताया कि सीट एंड ड्रा का उद्घाटन पूर्वान्ह 9 बजे मुख्य अतिथि केपीएस के निदेशक शरत चंद्रन व विशिष्ट अतिथि टाटा स्टील इक्विपमेंट मेंटेनेन्स हेड सतीश गणपति करेंगे. जबकि समापन समारोह संध्या 6 बजे से होगा, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एमिटी यूनिवर्सिटी, झारखंड के वाईस चांसलर सह एमिटी यूनिवर्सिटी, कोलकाता के सलाहकार डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव शामिल होंगे. अन्य अतिथियों में केपीएस के डायरेक्टर एकेडेमिक्स लक्ष्मी आर व केपीएस कदमा की प्रिंसिपल शर्मिला मुखर्जी शामिल होंगी.उन्होंने बताया कि सीट एंड ड्रा प्रतियोगिता कुल 11 ग्रुप में सम्पन्न होगा, जिसमे न्यूनतम 4 वर्ष के बच्चे से लेकर अधिकतम कोई भी उम्र के लोग (सीनियर सिटीजन भी) प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं. सभी ग्रुप के प्रथम से लेकर दशवें विजेता को पुरस्कृत किया जाएगा व सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा. किसी भी ग्रुप के प्रतिभागी अपनी इच्छा अनुसार चित्र बना सकते हैं. कुल 334 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा. साथ ही दो टाइटल पुरस्कार भी दिया जाएगा, जिसमे जूनियर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (झारखंड)और सीनियर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (झारखंड) शामिल है.अंशु ने बताया कि इंटर स्कूल योग चैंपियनशिप के लिए कुल 6 ग्रुप बनाया गया है।

विचार प्रवाह

## संपादकीय

# प्रियंका का डंका

**केरल** के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश है। निश्चित रूप से उनके राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। शायद यह पहली बार है कि संसद में गांधी परिवार के तीन लोग सदस्य हैं। उनसे पहले राज्यसभा में मां सोनिया गांधी और लोकसभा में भाई राहुल गांधी की सक्रिय उपस्थिति बनी हुई है। उनकी इस जीत से निश्चित रूप से संसद में गांधी परिवार के प्रभाव को मजबूती मिलेगी। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि यह आज भी वंशवादी नेतृत्व पर पार्टी की निर्भरता को रेखांकित करता है। निस्संदेह, प्रियंका गांधी अपने आकर्षक व्यक्तित्व व प्रभावी कुशल वक्ता के रूप में पहचान रखती हैं। वह कांग्रेस पार्टी के लिए भविष्य की बड़ी उम्मीद हैं। उनकी उपस्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करती है। एक ओर जहां राहुल गांधी के नेतृत्व व अभिव्यक्ति को लेकर आलोचना की जाती रही है, मगर प्रियंका गांधी वाड्रा अपने नपे-तुले शब्दों में मुद्दों को तार्किक ढंग से उठाने के लिये भी जानी जाती हैं। उनका यह राजनीतिक कौशल वायनाड में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बखूबी देखा गया। अपने इसी गुण के चलते वह चुनाव अभियान के दौरान तमाम मतदाताओं, खासकर महिलाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने में कामयाब रहीं। लोगों को साथ जोड़ने की यही क्षमता उनकी निर्णायक जीत में खासी मददगार साबित भी हुई। उनके चुनाव अभियान ने कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार किया। यही वजह है कि पार्टी के भीतर उनकी सफलता को लेकर खासा जोश भी है। पार्टी के भीतर भी कई लोगों को उम्मीद है कि उनकी इस रिकॉर्ड जीत से कांग्रेस पार्टी संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सकेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो देश में पार्टी की अपील में आशातीत विस्तार की संभावनाओं को बल मिल सकेगा। फलतः पार्टी को मौजूदा संकट से उबरने में मदद मिलेगी। यह निर्विवाद सत्य है कि राजनीतिक समय की दृष्टि से प्रियंका गांधी वाड्रा की सफलता के खास मायने हैं। उनकी संसद में दस्तक ऐसे समय में हुई जब देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी बेहद चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना कर रही है। पार्टी को हाल के दिनों में महत्वपूर्ण चुनावी झटकों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा में सत्ता की चाबी पार्टी के हाथ से फिसलकर भाजपा की झोली में जा गिरी है। राजनीतिक पंडित इन असफलताओं को पार्टी की घटती प्रासंगिकता के रूप में देखते रहे हैं। साथ ही कहा जाता है कि पार्टी भाजपा की संगठनात्मक ताकत को चुनौती दे पाने में विफल रही है। दूसरे शब्दों में, पार्टी भाजपा के राजनीतिक विमर्श का विकल्प नहीं दे पा रही है। साथ ही यह अहम सवाल भी उठाया जा रहा है कि सक्रिय राजनीति में प्रियंका का उदय क्या संघर्षरत कांग्रेस में नई जान फूंक सकने में कामयाब होगा? दरअसल, वायनाड में उनकी जीत को स्थानीय सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रीय स्तर पर दमदार उपस्थिति के लिये उन्हें अभी और मेहनत करनी होगी। इस जीत को राष्ट्रीय गति में बदलने के लिये रणनीतिक सुधारों, गठबंधनों और भविष्य के लिये स्पष्ट दृष्टिकोण की जरूरत होगी। अभी यह देखना बाकी है कि क्या भविष्य के लिये वे एक स्पष्ट दृष्टिकोण का लाभ पार्टी का जनाधार विकसित करने के लिये दे पाएंगी। या फिर वह कांग्रेस की वंशवादी राजनीति की निरंतरता के रूप में उभरती हैं। निस्संदेह, जैसे ही वह राष्ट्रीय सुर्खियों में कदम रखेंगी, उन्हें पार्टी में नई प्राणवायु का संचार करने के लिये कठिन चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।


निश्चित रूप से उनके राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। शायद यह पहली बार है कि संसद में गांधी परिवार के तीन लोग सदस्य हैं। उनसे पहले राज्यसभा में मां सोनिया गांधी और लोकसभा में भाई राहुल गांधी की सक्रिय उपस्थिति बनी हुई है। उनकी इस जीत से निश्चित रूप से संसद में गांधी परिवार के प्रभाव को मजबूती मिलेगी। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि यह आज भी वंशवादी नेतृत्व पर पार्टी की निर्भरता को रेखांकित करता है। निस्संदेह, प्रियंका गांधी अपने आकर्षक व्यक्तित्व व प्रभावी कुशल वक्ता के रूप में पहचान रखती हैं। वह कांग्रेस पार्टी के लिए भविष्य की बड़ी उम्मीद हैं। उनकी उपस्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करती है। एक ओर जहां राहुल गांधी के नेतृत्व व अभिव्यक्ति को लेकर आलोचना की जाती रही है, मगर प्रियंका गांधी वाड्रा अपने नपे-तुले शब्दों में मुद्दों को तार्किक ढंग से उठाने के लिये भी जानी जाती हैं। उनका यह राजनीतिक कौशल वायनाड में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बखूबी देखा गया।


### गुरु जी ने उसे विजय का आश्वासन तो दिया लेकिन सैनिक सहायता दी या नहीं, इसका निश्चित प्रमाण नहीं मिलता

# गुरु गोबिंद सिंह जी के दक्षिण भ्रमण का फल

कुलदीप चंद अग्निहोत्री


गुरु ग्रन्थ का आज जो रूप उपलब्ध होता है, उसे वर्तमान रूप यहीं दिया गया था। इसी स्थान पर से गुरु जी ने औरंगजेब को दक्षिण में एक पत्र लिखकर भेजा जो जफरनामा के नाम से प्रसिद्ध है। भाई व्यासिंह के हाथ जफरनामा औरंगजेब के नाम प्रेषित करके गुरु जी पंजाब से दक्षिण की ओर चल पड़े। मार्ग में ही उन्हें औरंगजेब की मृत्यु की सूचना मिली। औरंगजेब की मृत्यु ने स्थिति को एकदम बदलकर रख दिया। अतः गुरु जी तुरन्त दिल्ली की ओर चल पड़े। औरंगजेब की मृत्यु के उपरान्त उसके पुत्रों मुअज्जम तथा आजम में सत्ता प्राप्ति के लिए युद्ध की तैयारियां होने लगीं।


**खिदराणा** के युद्ध के बाद गुरु जी भ्रमण करते-करते तलवण्डी साबो पहुंचे। इस स्थान पर गुरु जी कुछ देर के लिए स्थायी रूप से रहे। गुरु जी का यह निवास साहित्यिक दृष्टि से अत्यन्त महत्व रखता है। गुरु ग्रन्थ का आज जो रूप उपलब्ध होता है, उसे वर्तमान रूप यहीं दिया गया था। इसी स्थान पर से गुरु जी ने औरंगजेब को दक्षिण में एक पत्र लिखकर भेजा जो जफरनामा के नाम से प्रसिद्ध है। भाई व्यासिंह के हाथ जफरनामा औरंगजेब के नाम प्रेषित करके गुरु जी पंजाब से दक्षिण की ओर चल पड़े। मार्ग में ही उन्हें औरंगजेब की मृत्यु की सूचना मिली। औरंगजेब की मृत्यु ने स्थिति को एकदम बदलकर रख दिया। अतः गुरु जी तुरन्त दिल्ली की ओर चल पड़े। औरंगजेब की मृत्यु के उपरान्त उसके पुत्रों मुअज्जम तथा आजम में सत्ता प्राप्ति के लिए युद्ध की तैयारियां होने लगीं। औरंगजेब का ज्येष्ठ पुत्र मुअज्जम गुरु जी का पूर्व परिचित था। उसने गुरु जी से सहायता की प्रार्थना की। गुरु जी ने उसे विजय का आश्वासन तो दिया लेकिन सैनिक सहायता दी या नहीं, इसका निश्चित प्रमाण नहीं मिलता। अस्तु दोनों भाईयों का आगरे के निकट जमकर युद्ध हुआ और मुअज्जम बहादुरशाह के नाम से गद्दी पर बैठा। इस सारे कांड के बाद गुरु जी दिल्ली से आगरे की ओर चल पड़े और वहीं रहकर धर्म प्रचार करने लगे। बहादुर शाह ने एक दिन गुरु गोबिंद सिंह जी को मिलने के लिए बुलाया और एक मूल्यवान खिलअत, एक घुगधुगी और एक कलगी भेंट की। गुरु जी आगरे में टिके रहे। 1707 को बहादुर शाह राजपूतों का विद्रोह दबाने के लिए राजस्थान की ओर चल दिया और वहीं से दक्षिण में अपने छोटे भाई के विद्रोह को कुचलने के लिए दक्षिण की ओर चल दिया। कुछ समय के बाद गुरु जी नान्देड़ पहुंच गए। नान्देड़ में रहते हुए गुरु जी को एक महन्त-वैरागी के बारे में पता चला, जिसके बारे में कहा जाता था कि उसने जिन्न भूत अपने अधीन में किए हुए हैं। गुरु जी उस विलक्षण व्यक्ति को देखने उसके डेरे पर गए। बैरागी बाहर गया हुआ था। गुरु जी उसके आसन पर बैठ गए। बैरागी ने बाहर से आकर गुरु जी को आसन से गिराने के लिए तान्त्रिक विद्या के अनेक प्रयोग किए, लेकिन सफलता न मिली। वह गुरु जी के चरणों पर गिर पड़ा। गुरु जी ने उसे कर्म का उपदेश दिया। मातृभूमि की दयनीय अवस्था का चित्रण किया। विदेशियों के



अत्याचारों से अवगत कराया। बैरागी पर इसका अद्भुत प्रभाव पड़ा। गुरु जी ने उसे अपना उत्तराधिकारी बनाकर अपने कार्य को बढ़ाने के लिए पंजाब भेजा। यही साधु आगे चलकर बन्दावैरागी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। नान्देड़ पहुंचने के एक मास उपरान्त ही गुरु जी का देहावसान हो गया। गुरु शौर्य में लिखा है- कि एक पठान कुछ दांव लेकर प्रभु के पास आया और दो-तीन घड़ी वहां बैठा रहा, परन्तु उसका दांव न लगा क्योंकि वहां बहुत लोग उपस्थित थे। उस दिन वह चला गया और दूसरे दिन फिर आया। उस दिन भी वह दो-तीन घड़ी बैठकर घात लगाता रहा, परन्तु उस दिन भी उसे सफलता नहीं मिली, और वह घर चला गया। इस प्रकार वह कई दिन आता रहा। परन्तु उसका दांव न लगा। परन्तु अनेक बार आने के कारण उसने इस भेद का पता पा लिया कि उसके काम का समय संध्या का है। वह दुष्ट एक दिन शाम के समय आया। गुरु जी ने उसे निकट बुलाया और अपने पास बैठाकर प्रसाद दिया, जिसे उस दुष्ट ने हाथ में लेकर मुंह में डाल लिया। उस समय वहां कोई सिंह नहीं था। केवल एक रक्षक था, वह भी ऊंघ गया था। इतने में प्रभु स्वयं विश्राम करने लगे। अवसर देखकर उस पठान ने उन पर छुरे से आक्रमण कर दिया। उसने उन पर दो वार किए कि गुरु जी ने निकट रखी अपनी तलवार के एक ही वार से उस दुष्ट को वहीं मार गिराया। फिर उन्होंने आवाज देकर शिष्यों को बुलाया। झटपट बहुत से लोग वहां आ गए और उसके दो साथियों को जो डेरे से बाहर खड़े उसकी प्रतीक्षा कर रहे थे, मार डाला। डेरे के अन्दर पड़े तीसरे पठान के शव को देखकर सिक्ख उस पर तलवार चलाने ही वाले थे कि गुरु जी ने कहा, यह तो कभी का मर चुका, इसे यहां से हटाओ। अभी तक किसी को यह पता नहीं लगा था कि गुरु स्वयं जख्मी हो गए हैं। परंतु जब वे उठे और लडख़ड़ाए, तब उन्हें इस दुःखद घटना का पता लगा और वे दुःख में डूब गए। गुरु ने सबको सान्त्वना दी कि भय की कोई बात नहीं है। अकाल ने उनकी रक्षा की है। इसी समय घाव धोकर सी दिए गए। परन्तु जब उन्होंने उठने का प्रयास किया तो धागे टूट गए। घाव फिर सी दिए गए और उन पर मरहम लगा दी गई। तीन-चार दिन व्यतीत हुए। बहुत से सिक्ख उनके दर्शन के लिए आ रहे थे। उनकी प्रार्थना पर गुरु जी दरबार में आए। फिर कुछ दिन व्यतीत हुए। सिक्खों में आनन्द छा गया। परन्तु वे समझ गए थे कि उनका अन्त समय निकट आ गया है। एक रात्रि को थोड़ा भोजन करके वे लेट रहे थे। आधी रात से चार घड़ी समय अधिक व्यतीत हुआ कि उन्होंने सब सिक्खों को बुलाया। सभी सिक्ख उनके निकट एकत्र हो गए और गुरु गोबिन्द सिंह जी ने उनसे अन्तिम बार 'वाहि गुरु जी की फतेह' कही और उनकी आत्मा ने अपनी नश्वर देह को छोड़ दिया। आक्रमणकारी कौन थे? किसलिए गुरु जी को मारना चाहते थे? इस सम्बन्ध में इतिहासकारों में मतभेद पाया जाता है, परन्तु प्रायः कहा जाता है कि पठान सरहिन्द के नवाब ने गुरु जी की हत्या के लिए भेजे थे। देहावसान के समय गुरु जी की आयु 42 वर्ष की थी और विक्रमी 1765 की शुचि पंचमी थी। गुरु गोबिंद सिंह जी के दक्षिण भ्रमण से भारतीय इतिहास ने नई करवट ली। उन्होंने बंदा बैरागी को जो सीख दी, उससे बंदा बैरागी ने स्वाधीनता के संघर्ष का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जो आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरित करता है। इसी तरह गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान भी आज भी भारतवासियों को सीख देता है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। बलिदानों की यह परंपरा जारी रखते हुए उनके पुत्र गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी भारतीय समाज, हिंदू धर्म और भारतीय राष्ट्र के लिए काफी कुछ किया। उनके दो पुत्र मुगलों से लड़ाई में शहीद हो गए, तो दो को जिंदा ही दिवारों में चिनवा दिया गया। राष्ट्र के लिए, भारत के लिए, भारतीय समाज के लिए, और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए यह बलिदान सचमुच ही अविस्मरणीय है। पहले सिख गुरु, गुरु नानक देव जी ने जहां सिक्ख धर्म की स्थापना की, वहीं उन्होंने लंगर प्रथा को भी शुरू करवाया, ताकि समाज में समानता का भाव बना रहे, एकता बनी रहे। दूसरे गुरु, गुरु अंगद देव जी ने गुरुमुखी का विकास किया।

## दृष्टि कोण

# खिलाड़ियों को नौकरी नहीं, तो वजीफा दो

**सरकारें** प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सीधा वजीफा क्यों नहीं दे सकती हैं? हिमाचल प्रदेश के कुछ एथलीट हैं जो 2026 की एशियाई खेलों में देश के लिए खेल कर पदक दे सकते हैं। उनमें सावन और दिनेश सेना व सीमा भी राष्ट्रीय कैंप में रह कर राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। दूसरी तरफ कुछ उभरते हुए जूनियर एथलीट हैं, जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले सत्र गोहाटी में आयोजित खेलो इंडिया अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स में राजकीय महाविद्यालय मंडी की धाविका कुसुम ठाकुर ने सौ मीटर की फर्राटा दौड़ में रजत व दो सौ मीटर में स्वर्ण पदक जीत कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। हमीरपुर के सरकारी महाविद्यालय की धाविका प्रिय ठाकुर ने चार सौ मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीता है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की चार गुणा चार सौ मीटर दौड़ में भी लड़कियों ने कांस्य पदक जीता है। इस वर्ष पंजाब विश्वविद्यालय की एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हमीरपुर की मनीषा ठाकुर ने चार सौ मीटर की दौड़ को 53.1 सेकेंड में दौड़ कर स्वर्ण पदक जीता है। तेज गति की दौड़ों में हिमाचल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन पहले कमजोर ही रहा है। यह अलग बात है कि पुष्पा ठाकुर ने जरूर इस मिथक को तोड़ कर भविष्य के एथलीटों को राह दिखाई है। मानव शरीर ईश्वर द्वारा बनाई गई बहुत ही अद्भुत मशीन है। इसे चलाने के लिए भी ईंधन की जरूरत होती है। मानव शरीर के ऊर्जा चक्र को समझने के लिए हमें एटीपी से लेकर सीपीए लैक्टिक एसिड, शरीर से ऑक्सीजन की उधारी व सांस द्वारा ऑक्सीजन का फेफड़ों में पहुंच कर खून के साथ मिलकर फिर सैल का पहुंच कर शरीर को गतिशील बनाए रखने का गहन अध्ययन जरूरी है। सौ से लेकर चार सौ मीटर की दौड़ों को तेज गति में गिना जाता है। गति ही सभी स्पर्धाओं व खेलों की जीत का मूल मंत्र है। यह खिलाड़ी में जन्मजात होती है। प्रशिक्षण द्वारा भी इसमें बहुत ही कम एक उम्र तक विकास होता है। ओलंपिक खेलों में विभिन्न खेलों की कई स्पर्धाएं आयोजित होती हैं, मगर एथलेटिक्स का आकर्षण सबसे अधिक होता है। ओलंपिक में जो धावक सौ मीटर की दौड़ में विजेता बनता है, वह पृथ्वी का तीव्रतम इनसान बनता है। सौ मीटर की दौड़ का अद्भुत रोमांच होता है। हिमाचल प्रदेश में तेज गति के बहुत कम धावक व धाविकाएं आज तक सामने आए हैं। सौ मीटर से लेकर चार सौ मीटर की स्पर्धाओं को स्परिंट यानी तेज गति की दौड़ों में रखा है। इन स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जहां जन्मजात स्पीड चाहिए होती है, वहीं पर बहुत अधिक स्पीड, इंडोरैंस व स्ट्रैंथ ट्रेनिंग की जरूरत होती है। जहां उच्च कोटि का प्रोटीन आम आदमी को असानी से उपलब्ध होता है, वहीं के लोगों में अच्छी स्पीड जन्म से ही होती है। स्पीड को बहुत छोटी उम्र से ही विकसित करना पड़ता है। इसलिए स्पीड पर प्रशिक्षण दस वर्ष से भी कम आयु में शुरू करना पड़ता है। अगले पांच सालों में स्पीड अपने उच्च स्तर तक विकसित हो जाती है। यह भी कहा जाता है कि स्परिंटर पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते। भारत के अधिकतर स्परिंटर समुद्र तट से संबंध रखते हैं। मछली इन लोगों का मुख्य आहार है। मछली में अच्छी गुणवत्ता का प्रोटीन मिलता है। उत्तर भारत में शाकाहारी अधिक हैं, मगर गेहूं, दूध व उससे बने पदार्थों में भी अच्छी क्वालिटी का प्रोटीन मिलता है। यह भी कारण है कि पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भी समय-समय पर अच्छे स्परिंटर मिलते रहते हैं। हिमाचल प्रदेश से वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पुष्पा ठाकुर ही एकमात्र धाविका है, जो हिमाचल प्रदेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 400 मीटर में पदक विजेता है। एशिया व ओलंपिक खेलों के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों तक पहुंचने वाली इस धाविका के बाद अभी तक कोई भी पुरुष या महिला हिमाचल प्रदेश के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय स्तर पदक जीत नहीं पाया है। भविष्य में उभरते हुए कुसुम, प्रिय व मनीषा आदि तेज गति के एथलीट हैं जिनको वजीफे की बहुत जरूरत है। इनके पास नौकरी नहीं है। सामान्य परिवारों से इनका संबंध है, जो इतना खर्च नहीं कर सकते हैं। लंबी दूरी की दौड़ों में हिमाचल का इतिहास अच्छा रहा है। सुमन रावत 1982 एशियाड में तीन हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर अर्जुन अवार्डी है। स्वर्गीय कमलेश व अमन सैनी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। हाल ही में आयोजित अखिल भारतीय अतंर राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सीमा ने पांच व दस मीटर की दौड़ों में रजत पदक जीते हैं।

## कुछ अलग

# आप भी करिए प्रेम...

**नायिका** की मांग 'नीट एंड क्लीन' प्रेम की थी और मैं इस बात को लेकर ऊहापोह में था। कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था कि ऐसी स्थिति में क्या किया जाए? प्रेम व्यवहार चल तो रहा था, लेकिन बिल्कुल 'नीट एंड क्लीन।' बाल्यकाल में जब मैं आठवीं-नवीं कक्षा में पढ़ता था, उस समय तो यह बात सौ-फीसदी लागू होती थी। जैसे कि लडक़ी को देखकर दिन भर मुस्कराते रहो तो उसी से प्रेमाभिव्यक्ति अत्यंत सघन और सशक्त हो जाती थी। वैसे हमारे यहां प्रेम की परम्परा अनादि काल से चली आ रही है। वैदिक काल में ऋषि-मुनि इसकी अभिव्यक्ति नाना प्रकार से करके हमारे लिए मार्ग प्रशस्त करते रहे हैं। वह प्रेम भी सर्वथा पवित्रता के साथ किया जाता था तथा उसमें समाज की एनओसी की आवश्यकता नहीं थी। अपितु उस काल की नायिकाएं अपना प्रेम पाकर धन्य हो जाती थी तथा पुलकित होकर समाती नहीं थी। आजकल प्रेम के रंग न्यारे हैं। अब भी उसका प्रचलन नाना प्रकार से हो रहा है। समाज की एनओसी को तो अब के प्रेमियों ने अंगूठा दिखा दिया है। प्रेमिका से जो अनापत्ति प्रमाणपत्र चाहिए, उसमें भी दो प्रकार का फलसफा प्रचलित है। एक बिना एनओसी के तथा दूसरा बाकायदा प्रेमिका से एनओसी लेकर। कुछ मामलों में 'वन साइडेड गेम' भी चल रहा है। यानी सामने वाले को पता ही नहीं और प्रेम परवान चढ़ रहा है। ऐसे मामलों को 'दीवाना' कहकर, 'पागल' कहकर टाल दिया जाता है। उसकी साधना को कोई तवोज्जौह नहीं दी जाती। फिल्मी गानों को सुनें तो नायिकाएं नायक को पागल और दीवाना कहकर उसकी खिल्ली उड़ाती हैं। अब यह बात दीगर है कि अंत में वही दीवाना और पागल उसका असली मजनूं साबित होता है। मजनूं बनने के बाद तो खेल और भी जोखिम भरा होता जाता है। दीवानगी चरम पर होती है और नायिका को प्राप्त करने के नायाब नुस्खे काम में लेने पड़ जाते हैं, हालांकि पहले वाले मजनूं को प्रेम में विफल रहकर जान से हाथ धोना पड़ गया था, लेकिन अब के मजनूं 'दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे' की तर्ज पर अपनी नायिका को प्राप्त करके ही रहते हैं। मेरे कहने का आशय यह है कि पहले प्रेम 'नीट एंड क्लीन' था, लेकिन इस जमाने के प्रेमी तो देह गंध में भीगे हुए हैं। उनसे 'नीट एंड क्लीन' की आशा करना व्यर्थ है। परंतु नायिकाओं की प्रारम्भिक मांग यही होती है, किया भी क्या जा सकता है। इसी जटिलता का शिकार मैं था। मैंने तर्क दिया भी कि बिना पास बैठे या छुए बिना यह आध्यात्मिक निर्गुण निर्विकार प्रेम मेरे बस में नहीं है, तो इसका उत्तर नायिका ने कुछ नहीं दिया, अपितु मुझे नादान कहकर चली गई। दरअसल मैं उसकी उत्तर आधुनिकता समझ नहीं पाया था। मैंने इस संबंध में अनुभवी जोगियों और प्रेम पुजारियों से सम्पर्क किया तो उन्होंने मर्म समझाया कि मूर्ख वह तो यही कहेगी, तुम जो कर सकते हो, वह करना चाहिए। उन्होंने मुझसे ही पूछा-'बताओ, तुम्हें उसने 'नादान' क्यों कहा?' फिर उन्होंने उत्तर दिया-'बच्चू, यह' 'नादान' भी 'दीवाना' और 'पागल' होता है। नायिकाएं प्रेम में तुमसे पचास कदम आगे निकल गयी हैं और तुम अभी 'नीट एंड क्लीन' के भय की सीमा रेखा को पार करने में उलझे हुए हो। जाओ और अपने प्रेम का बेखौफ इजहार कर दो। कुछ नहीं होगा, तुम्हारी बिगड़ी बात बन जाएगी।

## देश दुनीया से

# समय रहते जांच और उपचार से जीवन रक्षा

**फ्लोरोसिस** एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जो दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इसका मुख्य कारण पानी में फ्लोराइड की अधिकता है, जिसके चलते हड्डियां, दांत, किडनी और अन्य शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस रोग से प्रभावित लोग, विशेष रूप से गर्म जलवायु वाले क्षेत्रों में हैं, जहां पानी की खपत अधिक होती है। भारत में राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है, जहां लोग हैंडपंप या कुओं का पानी उपयोग करते हैं। फ्लोरोसिस के कारण लोगों की हड्डियां कमजोर हो रही हैं, जिससे रीढ़ और शरीर के अन्य हिस्सों की हड्डियां टेढ़ी-मेढ़ी हो गई हैं। बच्चों के दांतों में पीलापन, छेद या टूटने की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा, हड्डियों में सूजन, जोड़ों में दर्द, घुटनों में सूजन और झुकने या बैठने में कठिनाई जैसे लक्षण भी देखे जा रहे हैं। इसके साथ ही पेट भारी रहना, कब्ज, प्यास न बुझना और किडनी के रोग भी बढ़ रहे हैं। अक्सर लोग हड्डियों के दर्द को गठिया समझ लेते हैं, लेकिन ये फ्लोरोसिस के लक्षण हो सकते हैं। फ्लोरोसिस मुख्य रूप से दांतों को प्रभावित करने वाली एक कास्मेटिक स्थिति है, जो जीवन के पहले आठ वर्षों में फ्लोराइड के अधिक सेवन के कारण होती है, जब दांत बन रहे होते हैं। भारत के कई राज्य भूजल में फ्लोराइड की अधिक मात्रा से प्रभावित हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु प्रमुख हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, पानी के अलावा गेहूं, चावल और आलू जैसे खाद्य पदार्थों से भी फ्लोरोसिस हो सकता है। दिल्ली के कुछ इलाकों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में भी फ्लोराइड की अधिक मात्रा से लोग प्रभावित हैं। फ्लोरोसिस के बारे में जागरूकता का अभाव इसके बढ़ने का मुख्य कारण है। जल प्रदूषण, भूमिगत जल के अत्यधिक उपयोग और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही ने इस बीमारी को फैलने का मौका दिया है। शोध से पुष्टि हुई है कि फ्लोरोसिस किसी भी उम्र में हो सकता है, और यदि समय रहते इसका इलाज नहीं किया जाए तो यह गंभीर हो सकता है। बच्चों में डेंटल फ्लोरोसिस अधिक होता है, जिसके कारण उनके दांत कमजोर, पीलापन, छेद, धब्बे और गैप की समस्या उत्पन्न होती है। फ्लोरोसिस शरीर में पोटेशियम की वृद्धि और कैल्शियम की कमी का कारण बनता है। विशेषज्ञों के अनुसार फ्लोरोसिस होने के बाद किसी भी व्यक्ति का सामान्य जीवन जीना मुश्किल हो जाता है। इसलिए कोशिश की जानी चाहिए कि फ्लोरोसिस होने ही नहीं दिया जाए।



यह ध्यान देने वाली बात है कि यह केवल दूषित पानी से ही नहीं होता, पानी के अलावा भी बहुत सारी चीजों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। बीते दिनों नयी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में क्लिनिकल ईकोटैक्सियोलॉजी फेसिलिटी की ओर से तीन दिवसीय 36वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंटरनेशनल सोसायटी फॉर फ्लोरोसिस रिसर्च का आयोजन हुआ। इसमें भारत के अलावा जापान, थाईलैंड, चीन, ईरान और अन्य देशों के वैज्ञानिक शामिल हुए, जिन्होंने भूजल स्तर नीचे खिसकने समेत बहुतेरे कारणों की वजह से पानी में फ्लोराइड की मात्रा बढ़ने के चलते फ्लोरोसिस की व्यापकता और बीमारी से निपटने के उपायों पर गहनता से विचार-विमर्श किया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और राजधानी क्षेत्र में भी फ्लोराइड की निर्धारित मात्रा मानक से कहीं बहुत ज्यादा है। यहां रहने वाले फ्लोराइड जनित बीमारियों से परेशान हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि पानी में फ्लोराइड की मात्रा बढ़ने से न तो रंग में कोई बदलाव आता है और न ही स्वाद में कोई अंतर ही आता है। ऐसी स्थिति में इसकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है। उनके अनुसार ज्यादातर जलस्रोतों में प्राकृतिक रूप से भी फ्लोराइड पाया जाता है। यह भूजल में चट्टानों के कटाव से भी आता है। यही नहीं, आग या विस्फोट से पानी अत्यधिक गंदा होने से भी पानी में फ्लोराइड बढ़ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि बचाव ही फ्लोरोसिस का सबसे बेहतर इलाज है। पानी में ज्यादा मात्रा में फ्लोराइड है तो उसमें फिल्टर लगाया जाना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति में प्राथमिक स्तर पर बीमारी का पता चल जाता है तो एक्सरसाइज या दूसरे तरीकों से आसानी से उसका इलाज किया जा सकता है। डॉक्टरों के मुताबिक कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन-सी युक्त भोजन के अभाव में भी फ्लोरोसिस की आशंका बढ़ जाती है। इससे बचाव हेतु एंटीऑक्सीडेंट्स आदि की प्रचुरता वाला भोजन लें। विशेषज्ञों का मानना है कि फिल्टर करके पानी उपयोग करें। बारिश का पानी जमा करके इस्तेमाल में लाएं। खून की जांच कराएं, जिससे फ्लोराइड की मौजूदगी का पता चल जाता है। यदि पानी में फ्लोराइड की मात्रा 0.05 एमजी/लीटर है, तो यह सेहत के लिए खतरनाक है। एक्सरे की मदद से स्केलेटल फ्लोरोसिस का पता लग जाता है। हमें खासकर हड्डियों का भी एक्सरे कराना चाहिए, जिससे बीमारी का पता लग जाता है। कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि जागरूक रहना फ्लोरोसिस को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है।

## आप का नजरीया

# ईवीएम का भूत

**महाराष्ट्र** चुनाव में करारी पराजय के बाद कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दलों ने चीखना शुरू कर दिया है-ईवीएम में भूत है, जो भाजपा को ही वोट भेजता है।' अब विपक्षी राग इतना उग्र हो चुका है कि राहुल गांधी की 'बैलेट पेपर यात्रा' की खबर सुर्खियों में है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने भी कहा है कि बैलेट पेपर की वापसी के लिए हमें अब आंदोलन करना चाहिए। यह कांग्रेस की संवैधानिक इच्छा है कि वह 'ईवीएम बनाम बैलेट पेपर' का जनांदोलन शुरू करे, लेकिन भारत के चुनाव आयोग को यूं ही नहीं कोसा जा सकता। चुनाव आयोग की स्थापना संविधान लागू होने से पूर्व ही कर दी गई थी। संविधान और लोकतंत्र की गरिमा और सफलता तभी है, जब देश में स्वतंत्र, निर्भीक, मुक्त और निष्पक्ष चुनाव हों। संविधान सभा में चुनाव आयोग के प्रारूप पर लंबी बहसें हुई थीं। उन्हीं के बाद संविधान में चुनाव आयोग तथा चुनाव प्रक्रिया से संबंधित 16 अनुच्छेद जोड़े गए थे। उनमें बुनियादी अनुच्छेद 324 भी शामिल था। अब इन तर्कों के कोई भी मायने नहीं रहे कि कांग्रेस जब किसी राज्य में अथवा लोकसभा चुनाव में 100 सीटें जीतती है, तो ईवीएम का भूत 'कांग्रेसमय' हो जाता है। जब हरियाणा और महाराष्ट्र सरीखे महत्वपूर्ण चुनाव हारती है, तो फिर 'भाजपा का भूत' चिल्लाने लगती है। हालांकि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने झारखंड का चुनाव जीता है और वहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शपथ भी ग्रहण कर चुके हैं। कांग्रेस के ईवीएम पूर्वाग्रह और भूतैले आरोपों पर सर्वोच्च अदालत ने हाल ही में फटकार लगाई है। सर्वोच्च अदालत ईवीएम को दोषमुक्त मानते हुए 'हरी झंडी' भी दे चुकी है। सवाल यह है कि चुनाव आयोग कांग्रेस समेत विपक्ष को आश्वस्त कैसे करे कि ईवीएम में कोई भूत नहीं है, उसे हैक नहीं किया जा सकता अथवा ईवीएम में विसंगतियां नगण्य हैं? अब कांग्रेस ईवीएम के बजाय 'बैलेट पेपर' से मतदान कराने पर अड़ी है। चुनाव-प्रक्रिया के 'पाषाण-काल' में लौटने की जिद की जा रही है। बैलेट पेपर से मतदान वाले दिन और दौर हमने भी देखे हैं। कब, कितने बूथ लूट लिए गए अथवा अवैध मतदान किया गया, अवैध बूथ छाप दिए गए या मतदान से पहले ही 'बैलेट पेपर' लीक हो गए और घरों पर बैठ कर उन पर मुहर लगा दी गई? ऐसे असंख्य दृश्य बिहार, उप्र, पश्चिम बंगाल चुनावों के हमें आज भी याद हैं और कौंधते रहते हैं। कांग्रेस ने अधिकतर चुनाव बैलेट युग में ही जीते हैं। क्या अब देश को भी पाषाण-काल में लौट जाना चाहिए? ईवीएम 2004 से भारत में लागू है। तब लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। अगला 2009 का आम चुनाव भी कांग्रेस के पक्ष में रहा था, हालांकि किसी भी पक्ष को बहुमत हासिल नहीं हुआ था। भारत की चुनाव-व्यवस्था विश्व भर में विख्यात और प्रशंसनीय है। बीते 12 सालों से 130 से ज्यादा देशों के चुनाव आयुक्त हमारे चुनाव आयोग से सीख रहे हैं। इतना व्यापक मतदान देख कर और उसकी प्रक्रिया जान कर वे विदेशी आयुक्त अचंभित होते हैं। क्या अच्छी तरह चुनाव सम्पन्न कराना 'महान लोकतंत्र' का हिस्सा नहीं है? बेशक हमारे चुनावों पर भ्रष्टाचार, अनपढ़ता, खराब लैंगिक भागीदारी, नागरिक मुक्ति पर हमले और देश की राजनीतिक संस्कृति सरीखे कुछ कलंक भी चस्पा किए जाते रहे हैं। बहरहाल अब मुद्दा ईवीएम का है।

# विधायक ने किया क्षेत्र का भ्रमण, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत, शोकाकुल परिवार से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** स्थानीय विधायक जनार्दन पासवान ने सोमवार को कुंदा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवो का दौरा कर आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक को माला पहनाकर अम्बेडकर चौक पर जोरदार स्वागत किया।वहीं विधायक ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान शाम को साप्ताहिक बाजार में पहुंच कर लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। वहीं अमौना गांव निवासी आदित्य यादव, भुनेश्वर यादव, कृष्णा यादव अमौना गांव में बिजली न रहने की शिकायत किया।कहा कि बिजली तार की चोरी हो जाने से गांव तक बिजली नही आ रही है। शिकायतकर्ता आदित्य यादव ने विधायक को बताया कि एक वर्ष पूर्व गांव में केबल तार चोरी हो जाने से यह स्थिति उतपन्न हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विभाग को दी लेकिन इस ओर कोई ध्यान नही दिया। वहीं ग्रामीणों ने कुंदा गेन्द्रा मुख्य सड़क की मरम्मती तथा कुंदा प्रतापपुर मुख्य की चौड़ीकरण कराने की मांग विधायक के समक्ष रखा।ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए जल्द समस्याओं का समाधान होने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि मैं क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्याओं की निदान को लेकर हमेशा प्रयासरत हुं। क्षेत्र की हर समस्याओं को विधानसभा के पटल पर मजबूती से रखूंगा। क्योंकि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस दौरान अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र भारती के भाई सरीफन भारती के मौत हो जाने से शोकाकुल परिवार से मुलाकात किया।इनके परिवार को आर्थिक सहयोग किया। पत्नी को ढांढस बंधाया। विधायक ने कहा कि हर सम्भव परिवार की मदद की जाएगी।उसकी बेटी को कस्तूरबा गांधी आवसीय बालिक विधालय में नाम लिखाएगें। इस मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, गंदौरी साव, मनोज यादव, जितेंद्र यादव, अखिलेश प्रसाद यादव, घनश्याम यादव, अरुण यादव, बसंत यादव, महेन्द्र ठाकुर एंव दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** आंगनबाड़ी केंद्र से बच्चों तथा महिलाओं को मिलने वाला पौष्टिक आहार का पैकेट जंगल में फेके जाने की सूचना सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज को मिली। जानकारी मिलते ही सोमवार को गांगपुर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। जहां एसडीओ ने गांगपुर आंगनबाड़ी केंद्र भाग 1 व भाग 2 आंगनवाड़ी केंद्र का स्टॉक पंजी, वितरण पंजी व सभी प्रकार का दलिया का चलान मिलान किया। दलिया का चलन मिलान अक्टूबर व नवंबर माह का किया।इस दौरान एसडीओ ने बंदर चुम्मा से बलरी मुख्य सड़क में फेके गए दलिया का खाली पैकेट का जांच किया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, महिला सुपरवाइजर व बीडीओ सीओ मौजूद थे।

## बिरहोर परिवार का मूलभूत सुविधा के निरीक्षण करने पहुंचे बीडीओ, सीओ



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत के जपुआ टोला में निवास कर रहे बिरहोर परिवारों को मूलभूत सुविधा मुहैया कराने को लेकर प्रखंड के जपुआ गांव में चार दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। सोमवार को बीडीओ राहुल देव अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा विशेष कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान बताया गया कि उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश अनुसार बिरहोर परिवारों को मूलभूत आवश्यकता का सर्वेक्षण किया जा रहा है। जिसमें आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, मंइयां सम्मान योजना, राशन, पेंशन, आवास समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं का सर्वे किया जा रहा है।मौके पर उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा मौजूद थे।

## थाना परिसर में तोड़फोड़ व आगजनी कांड में शामिल अज्ञात आरोपी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुआ गिरफ्तार



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रतापपुर 20 नवंबर को प्रतापपुर थाना में घुसकर थाना में तोड़-फोड़ व आगजनी मामले में अज्ञात अभियुक्त को सीसीटीवी लगे कैमरे के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार करके रविवार को चतरा जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र के कठौन गांव निवासी विकास कुमार है। इस संबंध में थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि थाना में तोड़-फोड़ के मामले कांड संख्या 127/24 में 32 नामजद व 60 अज्ञात लोगो पर केस दर्ज किया गया है। जिसमें पहले 6 नामजद लोगो जेल भेजा गया है। वही सीसीटीवी कैमरा के मदद से अज्ञात लोगों की पहचान की जा रही है। और नामजक तथा अज्ञात सभी उपद्रवियों की गिरफ्तारी का या सिलसिला लगातार जारी रहेगा। घटना में संलिप्त लोगों को किसी भी हालत में बख्शा नही जाएगा। इस कांड में शामिल लोगों से उन्होने अपील करते हुए कहा कि नामजद व अज्ञात लोग जल्द आत्मसमर्पण करें।

# प्रखंड के 8 पंचायतों में बिरहोर आदिम जनजातियों का सर्वेक्षण जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के 8 पंचायतों में बिरहोर आदिम जनजातियों का सर्वेक्षण जारी है। यह सर्वेक्षण उपायुक्त चतरा के निर्देशानुसार निरंतर सभी 8 पंचायतों में जहाँ बिरहोर परिवार निवास करते हैं वहां का सर्वे जारी है। सर्वेक्षण में पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, जन वितरण प्रणाली के विक्रेता, आँगनबाड़ी सेविका सभी इस सर्वे में शामिल हैं साथ ही सम्बंधित पंचायत के मुखिया भी शामिल हैं। किन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और क्या अब तक मिल नही पाया है और योजनाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक कागजात या प्रमाण पत्र कब तक बन सकेगा इसका आकलन किया जा रहा है ताकि फोकस कार्यक्रम चलाया जा सके। इस दौरान ग्राम पंचायत जिरवाखुर्द, कसारी और जबड़ा में प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्रदेव प्रसाद द्वारा काफी प्रयास किया गया। कसारी मुखिया एवं पंचायत सचिव को पेंशन, राशन आवास के साथ साथ विरहोर बस्ती को सड़क से जोड़ने के लिए 15 वीं वित्त से पीसीसी एवं सामुदायिक शौचालय बनाने हेतु ग्राम सभा करते हुए योजना लेने का निर्देश दिया गया, पंचायत जिरवाखुर्द में गुरूवार को विशेष कैंप का आयोजन का निर्देश दिया गया और पंचायत जबड़ा में सभी परिवारों का सर्वे रिपोर्ट अविलम्ब समर्पित करने को कहा गया है। मंगलवार को सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ आयोजित होने वाले बैठक में प्राप्त सर्वे रिपोर्ट पर समीक्षा की जाएगी और रिपोर्ट उपायुक्त चतरा को सुपुर्द किया जायेगा।

## पीएम आवास घोटाले की सच्चाई दबाने के लिए मुखिया नरेश साहू, सहिया अंजुम आरा ने बोरो पत्रकार के माध्यम से फर्जी खबर को किया जा रहा है वायरल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** इन दिनों फर्जी और बोरो पत्रकार मो अरबाज द्वारा योजनाओं में हुई घोटाले की सच्चाई छुपाने के लिए वैसे तथा कथित मुखिया और स्वास्थ्य सहिया द्वारा रुपए लेकर घोटालेबाजों को बचाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। जहां वो अपना पत्रकारिता को ताख पर रख अपनी बोरो और फर्जी पत्रकार होने का सबूत दे रहा है। जबकि सच्चाई यह है सबानो पंचायत के मुखिया नरेश साहू द्वारा कुछ ऐसे दर्जनों पीएम आवास है जिसमें रुपए की खेल में लाभुक द्वारा आवास बनवाया नहीं गया और उसका सारा रुपए का निकासी कर ली गई है। साथ हीं जिओ टैग में अन्य किसी का आवास का फोटो लगा कर पूर्ण कर दिया गया है। वहीं लाभुको को महज 40 हजार देकर वारे न्यारे कर दिया गया है।खबर प्रकाशित करने पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने इसकी गहनता से जांच कर कानूनी कारवाई करते हुए स्पष्टीकरण की मांग कर चुके हैं। हालांकि फिलहाल बारा और गोवा में भी इस तरह अजीबो गरीब खेल किया जा चुका है।जब खबर झूठा था तो जांच में सत्यता सामने क्यों आई है। वहीं स्वास्थ सहिया सह सबानो पंचायत के उप मुखिया अंजुम आरा दो पदों पर विराजमान होकर सरकारी रुपए का दोहन रही है। जिसकी खबर प्रकाशित के प्रतिशोध में फर्जी और बोरो पत्रकार मो अरबाज द्वारा चुनाव आयोग का निर्देशित नियम वायरल की गई है।जिसमें साफ लिखा है कि यदि कोई त्रिस्तरीय चुनाव लड़ना चाहता है तो अपने पद से पदमुक्त होना अनिवार्य है। यदि मेरा खबर गलत है तो जांच से क्यों भाग रहे हैं।साथ हीं षड्यंत्र के तहत सच को छुपाने के लिए पत्रकारों पर दबाव बना रहे हैं। दूसरी ओर जब सरकारी लाभ से स्वास्थ सहिया दूर है तो कुछ स्वास्थ सहियाओं पर किसी एक पार्टी को चुनाव में प्रचार प्रसार करने को लेकर स्पष्टीकरण रेफरल अस्पताल के प्रभारी अशोक कुमार ने क्यों निकाली गई है। गौर तलब है कि वहीं फर्जी और बोरो पत्रकार अरबाज है जिसे पिछले वर्ष रिटायर्ड डीएसपी केदार राम ने अपने रूम में बंद कर लात जूतों से पिटाई किया था। पत्रकारों की जानकारी मिलने पर डीएसपी केदार राम से बातचीत कर बॉन्ड भरवा कर इसे छुड़ाया गया था। मामला यह था कि डीएसपी केदार राम के कार्यालय में घुस कर छुप कर कुछ गोपनीय दस्तावेज का वीडियो बना रहा था। वीडियो बनाने की जानकारी प्राप्त होने पर इस तरह की लात जूतों से पिटाई की गई थी। जबकि अरबाज पत्रकार नहीं एक यूट्यूबर है। फिर भी पत्रकार का धौंस दिखा कई जगह रुपए की वसूली करने में लगा हुआ है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के बंधुवा गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। घटना सोमवार की संध्या चार बजे की है। युवक की शिनाख्त बंधुआ ग्राम निवासी कृष्णा मुंडा पिता जोधन मुंडा के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार कृष्णा मुंडा पैदल अपने गांव जा रहा था। गांव से मात्र 100 मीटर पहले एक अज्ञात ट्रैक्टर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ट्रैक्टर का पहिया युवक पर चढ़ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। घटना स्थल पहुंचने पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी महुआडांड़ थाना को दे दी गयी है।

## मनिका के दो मुहान नदी में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड क्षेत्र के दो मुहान नदी में दिन सोमवार को ग्रामीणों के द्वारा मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार को सूचना दी गई की नदी में एक युवक का शव पड़ा हुआ है जीसके बाद मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति का शव को अपने कब्जे में लिया। और पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया। मनिका पुलिस के द्वारा शव की पहचान व मामले की छानबीन की जा रही है। शव को हत्या कर अपराधियों ने नदी के बालू में छुपा दी थी परंतु अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है की शव किसकी है। मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार ने कहा कि बहुत जल्द शव का उद्वेदन कर दिया जाएगा और हत्या किसके द्वारा किया गया है इसका भी खुलासा बहुत जल्द हो जाएगा।

## तेज रफ़्तार का कहर दो बाइक की सीधी टक्कर, दो युवक घायल, रिम्स रेफर



**विकास यादव@प्रभात मंत्र**

**हंटरगंज :** थाना क्षेत्र अंतर्गत हंटरगंज - चतरा मुख्य पथ घंघरी बाजार के समीप रविवार संध्या क़रीब 7 बजे दो बाइक के सीधी टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों की पहचान नंदू यादव के 26वर्षीय पुत्र राहुल कुमार यादव घंघरी निवासी वही दूसरे की पहचान गुमानी भारती का 25 वर्षीय पुत्र दीपक भारती के रूप में हुई। हादसे में घायल दोनों युवकों को ग्रामीणों ने आनन - फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वही चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक दिखते हुए चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते विधायक जनार्दन पासवान सदर अस्पताल पहुंचे वही चिकित्सकों से बातचीत की और घायल के परिजनों को ढांढस बंधाया। वही फिर चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया जहां राहुल को अभी तक होश नहीं आई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राहुल घंघरी के निजी अस्पताल से अपना इलाज करवा कर बाइक से घर कि ओर जा ही रहा था कि आचनक तेज रफ़्तार बाइक ने सीधी टक्कर मारी। जिससे दोनों युवकों का सिर फट गई।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्रवृत्ति व पोशाक योजना, वन पट्टा, भू-अर्जन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास, पशुशेड निर्माण, समाज कल्याण, आपूर्ति विभाग, जॉब कार्ड आदि की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिले में चल रही कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत सभी योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारना संबंधित पदाधिकारियों का कर्तव्य है, किसी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नही किया जाएगा। उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा योजनाओं अंतर्गत शेष बचे लंबित आवेदनों का निष्पादन जल्द से जल्द करें। जिले की प्रत्येक स्कूलों में बच्चों के ड्रेस, पानी, एवं शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।


## अपराध की योजना बना रहे हथियार के साथ दो अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हेरहंज पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि सोमवार को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि हेरहंज थाना अंतर्गत पांकी सीमावर्ती इचाक जंगल से अपराधियों द्वारा एकत्रित होकर क्षेत्र में रंगदारी व लेवी लेने की योजना बना रहे हैं ।जिसके बाद एक छापेमारी टीम का गठन किया गया ।जिसमें दो अपराधी गिरफ्तार किए गए ।जिसमे परमेंद्र राम उर्फ गुड्डू राम उर्फ गुड्डू भुइयां 24 वर्ष पिता कामेश्वर राम उर्फ कामेश्वर भुइयां ग्राम केरकी थाना पांकी जिला पलामू वही दूसरा कमलेश यादव 29 वर्ष पिता भागेश्वर यादव ग्राम सेरन्दाग थाना हेरहंज जिला लातेहार निवासी को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार दोनों अपराधियों के पास से एक देसी लोडेड कट्टा, एक देशी राइफल एवं कारतूस बरामद किया गया ।इस संबंध में हेरहंज थाना में कांड संख्या 44/24 धारा 111 (3)/308(4)/61बीएनएस 25(1-क्क)(ड्ड)/26/35 आर्म्स एक्ट,17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है ।और सभी गिरफ्तार अपराधियों को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया ।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों द्वारा टीएसपीसी,जेपीसी नामक उग्रवादी संगठन के नाम पर विभिन्न ईटा भट्ठा व्यवसायों एवं तुबैद कोल माइंस से काम करने वाले विभिन्न ट्रांसपोर्टो से रंगदारी की मांग की जा रही थी । वहीं गिरफ्तार अपराधियों में से परमेन्द्र राम पर पांकी,मनिका व चंदवा थाना में कई मामले दर्ज है।

# कुएं में मिला नाबालिक लड़की का शव, हत्या की आशंका

## तीन दिनों से घर से गायब थी नाबालिग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा थाना क्षेत्र की एक नाबालिक लड़की का शव कुएं से सोमवार को बरामद किया गया। लड़की पिछले चार दिनों से घर से लापता थी?। परिजनों का आरोप है कि लड़की की हत्या करने के बाद शव को कुएं में फेंका गया है।घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने लगभग डेढ़ घंटे तक सड़क जाम किया।पुलिस के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। पुलिस ने लड़की के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया है। सोमवार को कुछ लोगों ने चंदवा के एक कुएं में एक शव को डूबा हुआ देखा। लोगों ने हल्ला मचाया तो वहां भारी भीड़ लग गई और भारी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। बाद में शव की पहचान भी की गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक लड़की के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि लड़की चार दिन पहले घर से अचानक लापता हो गई थी। इस मामले को लेकर गत 29 नवंबर को थाने में आवेदन भी दिया गया था और कुछ लोगों पर संदेह भी जताया गया था। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि लड़की की हत्या कर शव को कुएं में फेंका गया है।घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने लड़की के परिजनों के साथ सड़क जाम किया।परिजनों का कहना था कि मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और घटना में जो भी दोषी हो उसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी गिरफ्तारी की जाए। ग्रामीणों का आक्रोश पुलिस के प्रति भी देखा जा रहा है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# अपराधियों ने दो हाईवा में लगाई आग, पुलिस को दी खुली चुनौती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बलमाथ थाना क्षेत्र में पिछले 1 महीने से अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है ।पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने में लगभग बिफल सा साबित होती जा रही है। चार दिन पूर्व बालूमाथ रेलवे साइडिंग में बसिया पुलिस पिकेट से महज 100 मीटर दूर मयंक सी गिरोह द्वारा एक-47 से अंधाधुंध फायरिंग करने की मामला शांत भी नहीं हुआ कि रविवार की मध्य रात्रि लगभग 2ः00 बजे एक बार पुनः बालूमाथ में अपराधियों ने तांडव मचाते हुए पुलिस को खुली चुनौती देकर बालूमाथ रांची मुख्य पथ एनएच 22 मकईया ताड पुलिस पिकेट से महज 200 मीटर की दूरी पर अपराधियों ने दो हाईवा में आग लगा दी। मिली जानकारी के अनुसार तुबेद कोलयरी से कुशमाही साइडिंग तक मां अंबे कंपनी द्वारा श्याम ट्रांसपोर्ट द्वारा किया जाता है ।इस कार्य में लगभग डेढ़ सौ हाईवा शाम ट्रांसपोर्टिंग का एवं दर्जनों हाईवा स्थानीय लोगों का चलाई जा रही है। रविवार की लगभग 2:00 बजे हाईवा संख्या जेएच02BC/11 15 एवं JH10C/0774 में अपराधियों ने आग लगा दिया।चालक मोहम्मद साबिर ने बताया कि हम लोग तुबेद कोलयरी से कोयला लोड कर कुशमाही साइडिंग कोयला खाली करने जा रहे थे।इसी बीच चार की संख्या में अपराधीयों ने मुख्य सड़क पर आकर हथियार के बल पर गाड़ी को रोक लिया एवं अपने साथ लाये पेट्रोल को छिड़क कर आग लगा दी। इसकी सूचना पेट्रोलिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारी को दिया गया। ज्यों ही पुलिस वहां पहुंची उससे 50 मीटर की दूरी पर विकास यादव घर के सामने खड़ी हाईवा में आग लगा दिया।हाईवा चालक प्रताप नगेसिया ने बताया गाड़ी का परमिट नहीं रहने के कारण पिछले कई दिनों से मलिक के दरवाजे पर गाड़ी खड़ा किए हुए थे। रात्रि 2ः00 बजे 3 अज्ञात लोग शीशा तोड़कर गाड़ी के अंदर पहुंचे और मुझे मारपीट कर भगा दिया एवं साथ में लाये पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी।हाईवा मालिक विकास यादव ने घटना की सूचना बालूमाथ को पुलिस को दी थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे वह आग को बुझाने का प्रयास किया।तब तक दोनों हाइवा धुंधु कर जल गया। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रावानी, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद विरूवा, घटना स्थल पर पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी ली।एसडीपीओ विनोद रवानी ने कहा कि यह घटना किसी अपराधी द्वारा किया गया है इसकी जांच की जा रही है शीघ्र मामले का उद्वेदन करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने मकईया टांड़ से कुशमाही तक जाने वाले ग्रामीण सड़क पर ट्रांसपोर्टिंग बंद करने की मांग एवं हाईवाओनर एसोसिएशन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था देने की मांग को लेकर परिवहन कार्य को ठप कर दिया जिससे बालूमाथ रांची मुख्य पथ पर लगभग 200 कोयला लदी हाईवा खड़ी थी।

**घटना की जिम्मेवारी दो संगठनों ने लिया, लोग असमंजस में**

बालूमाथ कुशमाही रेलवे साइडिंग में रविवार को दो हाईवा में आग लगाने की घटना की जिम्मेवारी दो-दो अपराधीक गिरोह द्वारा लिए जाने से स्थिति असमंजस में है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटनास्थल पर प्रदीप गंझु के शूटर शंकर गंझु ने जिम्मेदारी लेते हुए पर्चा छोड़कर कहां है कि कोयला कारोबारी अमन साव गिरोह को पैसा देना बंद करें जब तक प्रदीप गंझु गिरोह से मैनेज नहीं हो जाता है तब तक सारा कार्य बंद रखें नहीं तो अंजाम बुरा होगा। इधर सोशल मीडिया में पोस्ट कर राहुल सिंह गिरोह ने जिम्मेवारी लेते हुए कहा है कि कोयला कारोबारी, जमीन कारोबारी, रेलवे ठेकेदार, रोड ठेकेदारी सभी को चेतावनी दी जा रही है कि जब तक हमारे साथ मैनेज नहीं हो जाता है तब तक कार्य बंद रखें। चेतावनी में कहा गया है कि अमन साहू गिरोह, अमन श्रीवास्तव गिरोह, विकास तिवारी पांडे गिरोह को जितना जल्दी हो सके सभी को पैसा देना बंद करें वरना बुरा अंजाम होगा।

# हेलमेट अनिवार्यता : हेलमेट के बिना स्कूल में प्रवेश पूरी तरह वर्जित

**हेलमेट पहनना जीवन रक्षक होने के साथ जिम्मेदार नागरिक होने का भी कराती है एहसास : निशा जायसवाल**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जीवन की रक्षा के लिए एंजल्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल परिवार ने एक सराहनीय कदम उठाया है। अब से हेलमेट के बिना स्कूल में प्रवेश पूरी तरह वर्जित होगा। यह पहल न केवल बच्चों और उनके अभिभावकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि समाज को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने का एक प्रयास भी है।

**पहल के प्रमुख बिंदु**

अभिभावकों के लिए अनिवार्यता,स्कूल प्रबंधन ने यह सुनिश्चित किया है कि जो अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल लेकर आएं या उन्हें स्कूल से वापस लेकर जाएं, वे हेलमेट पहनकर ही आएं। कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए भी नियम लागू, सिर्फ अभिभावक ही नहीं, बल्कि स्कूल के सभी शिक्षक, कर्मचारी और अन्य स्टाफ सदस्यों के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। यह एक जिम्मेदारी और अनुशासन का संदेश देता है। बिना हेलमेट स्कूल में प्रवेश को सख्ती से रोका जाएगा। स्कूल परिसर के अंदर भी यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी नियमों का पालन हो।यह कदम एक दर्दनाक घटना के बाद उठाया गया है। बीते दिनों शंकरपुर क्षेत्र के पास हुई सड़क दुर्घटना में डीपीएस स्कूल के एक छात्र और उनकी माता का निधन हो गया था। यह घटना पूरे स्कूल परिवार के लिए गहरे दुख का कारण बनी। इसी ने स्कूल प्रबंधन को यह निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।इस पहल के बारे में स्कूल की प्रबंधक निशा जायसवाल ने कहा हमारा उद्देश्य केवल बच्चों को शिक्षा देना नहीं है, बल्कि उनके और उनके परिवार की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देना है। हेलमेट पहनने की आदत न केवल जीवन की रक्षा करती है, बल्कि यह जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर पहला कदम है। इस पहल के माध्यम से हम सड़क सुरक्षा के महत्व को हर व्यक्ति तक पहुंचाना चाहते हैं।यह पहल न केवल स्कूल परिसर तक सीमित है, बल्कि यह समाज में एक नई सोच को जन्म देने का प्रयास है। स्कूल परिवार का मानना है कि यदि हर कोई सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करे, तो दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।



**स्कूल की अपील**

स्कूल प्रबंधन ने सभी अभिभावकों, छात्रों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे इस नियम का पालन करें और दूसरों को भी सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करें। हमें विश्वास है कि इस कदम से न केवल बच्चों और अभिभावकों का जीवन सुरक्षित रहेगा, बल्कि यह पहल समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने में भी सफल होगी।

## एआईसीसी की राष्ट्रीय सचिव सह पश्चिम बंगाल सह प्रभारी अंबा प्रसाद पश्चिम बंगाल में कार्यकारिणी की बैठक में हुई शामिल

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कार्यालय विधान भवन, कोलकाता में बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बतौर सह-प्रभारी के रूप में राज्य की कार्यकारिणी बैठक में भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुलाम अहमद मीर, सचिव असफ अली खान और पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार मौजूद रहे जहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में हुई बैठक में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और हमारे मार्गदर्शन में पार्टी के भविष्य के रोडमैप को आकार देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। वहीं रणनीतियों पर चर्चा करने और विशिष्ट मुद्दों के समाधान के लिए संगठन के भीतर विभिन्न समूहों के साथ अलग-अलग बैठकें आयोजित की गईं। अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि बैठक में हुई चर्चाएँ सकारात्मक और प्रेरणादायक रहीं, जिससे पार्टी में नई ऊर्जा।




## हजारीबाग सांसद ने एनएच प्राधिकरण के अध्यक्ष से मिलें

**क्षेत्र के एनएच के निर्माण में हो रहे विलंब और ब्लैक स्पॉट को लेकर सौंपा ज्ञापन, जनहित में यथाशीघ्र मामलों के निष्पादन का किया आग्रह**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव से औपचारिक मुलाकात कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुए उन्हें क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्य में हो रहे विलंब और ब्लैक स्पॉट से संबंधित विषयों पर ज्ञापन सौंपते हुए जनहित में इस दिशा में यथाशीघ्र सकारात्मक पहल करने की मांग की ।सांसद मनीष जायसवाल ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव को बताया की हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट दुर्घटना का सबब बने हुए है,जिनमें धनुआ भनुआ जंगल जो कि नेशनल हाईवे संख्या 2 पर स्थित है, रांची हजारीबाग हाईवे पर चूटूपालू घाटी व हजारीबाग के चरही घाटी पर स्थित यूपी मोड हैं। इन ब्लैक स्पॉट्स पर अब तक सैकड़ों दुर्घटनाएं हुई है, जिनमें काफी लोगों की जाने गई है, इस विषय में अविलंब स्थायी समाधान करने का उनसे आग्रह किया। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत निर्माणाधीन जीटी रोड नेशनल हाईवे संख्या दो के अंतर्गत चौपारण से गोरहर तक सिक्स लेन का कार्य संचालित किया जा रहा है, जिनके अंतर्गत चौपारण बरकट्ठा फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है. चौपारण का फ्लाई ओवर पिछले 12 वर्षों से निर्माणाधीन है, जिसमें अभी तक केवल पाये का ही निर्माण हो पाया है,इसी प्रकार बरकट्ठा में भी पाये का निर्माण भी पूरी तरह से नहीं किया गया है, शेष कार्य 12 वर्षों से लंबित है। सिक्स लेन का कार्य के कारण पूरे क्षेत्र में नालियों की स्थिति बद से बत्तर कर दी गई है ,जिस वजह से जल भराव की समस्या से वहां के लोग पिछले 10 वर्षों से जूझ रहे है, इन दोनों जगह पर कार्य प्रगति पर रहने के कारण दुर्घटनाएं भी रोज देखने को मिलती रहती है। स्थानीय स्तर पर ठेकेदार या राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षेत्रीय अधिकारियों से शिकायत भी की गई लेकिन आश्वासन के अलावा कोई प्रगति नहीं हुई, अतः इस विषय को संज्ञान में लेते हुए अविलंब कार्यवाही का उनसे आग्रह किया ।



## जिला परिषद प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद प्रतिनिधि एवं मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रचंड जीत और झारखंड के दोबारा मुख्यमंत्री बनने पर बुके देकर सम्मानित किया और जीत की बधाई दी। इस मौके पर मोहम्मद इब्राहिम ने विभिन्न पदों में रिक्त पड़े पदों पर साफ स्वच्छ बहाली कराने, झारखंड के शिक्षा स्तर में सुधार लाने एवं बडकागांव क्षेत्र में बेरोजगारी और विस्थापन की ज्वलंत समस्याओं के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों पर भी विशेष ध्यान देने को लेकर अवगत कराया।



## लोगों के समस्या का समाधान का कार्य निरंतर जारी रहेगा : पूर्व मंत्री योगेंद्र साव

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने बड़कागांव स्थित समाधान भवन में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। मौके पर पुर्व मंत्री श्री साव ने कहा की समाधान भवन में पहुंचने वाले सभी लोगों के समस्या का समाधान का कार्य निरंतर जारी रहेगा। साथ ही लोगों के मान सम्मान में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने दिया जाएगा। क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो अवगत कराएं, उनकी हर समस्या का समाधान किया जाता था और यह कार्य हमेशा आगे भी जारी रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से हाजी तबस्सुम खान, सुरेश महतो, मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो, रमेश गंझू, बालेश्वर महतो, गणेश गंझू, आनंद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।



## चट्टी बरियातु परियोजना ने 1000वें कोल रेक का डिस्पैच का बनाया रिकॉर्ड

**केरेडारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 02 दिसम्बर 2024 को अपने कैप्टिव बाढ़ सुपर थर्मल पावर प्लांट के लिए 1000वें कोल रेक को डिस्पैच किया. परियोजना ने आज इस महत्वपूर्ण रिकॉर्ड के पत्थर को हासिल किया और विश्वसनीय कोयला आपूर्ति बाढ़ पॉवर प्लांट को भी सुनिश्चित किया इस अवसर पर, कोल रेक को नवीन गुप्ता, महाप्रबंधक, चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना और पवन रावत, अपर महाप्रबंधक (कोल डिस्पैच एवं बिलिंग) द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान, स्टेशन मास्टर कटकमसांडी मुकेश वर्मा और परियोजना के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष तथा डिस्पैच इक्जीक्यूटिव भी उपस्थित थे।इस कार्यक्रम के साथ ही बिरोहारटांडा कटकमसांडी के स्कूल के बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए, उन्होंने बिरोहार कॉलोनी और कटकमसांडी के आसपास के इलाकों में विभिन्न सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों को भी आयोजित करने का निर्देश दिया। एनटीपीसी चट्टी बरियातु माइनिंग परियोजना द्वारा यह उपलब्धि ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में इसके योगदान को और मजबूत करती है। इसके साथ ही यह परियोजना क्षेत्रीय विकास और सामाजिक कल्याण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



## माण्डू की जनता की उम्मीदो को जरूर पूरा करूँगा : तिवारी महतो

**आभार यात्रा के दौरान माण्डू विधायक ने किया दर्जनों पंचायतो का दौरा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** करीब दो दशकों की मेहनत एवं एनडीए गठबंधन के साझा प्रयास से माण्डू विधानसभा में जीत का परचम लहराने वाले नवनिर्वाचित माण्डू विधायक निर्मल कुमार उर्फ तिवारी महतो ने अपनी जीत में योगदान देने के लिए विष्णुगढ़ पूर्वी से आभार यात्रा का प्रारंभ नरकी, झरना बस्ती, नरकी बस्ती, तिलैया बस्ती, पुरनी केंदुआडीह, सिमर बेड़ा, गाल्होबार, खरकट्टो, चटकरी, बंदखारो, चानो, मंगरो, फाराचांच, सिरैय, अचलजामो, करगालो में किया। इस दौरान माण्डू विधायक का जगह-जगह पर भाजपा,आजसू कार्यकर्ताओं तथा आमजनों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आभार यात्रा में भव्य स्वागत से अभिभूत होकर माण्डू विधायक तिवारी महतो ने पूरी विनम्रता से हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि आप सबो ने जिस आशा व उम्मीद से मुझे चुना है,उसको पूरा करने में अपनी जिंदगी खपा दूँगा। इस मौके पर मुख्य रूप से आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल,भाजपा विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, राजेन्द्र मंडल, छोटी शर्मा, डूमरचंद महतो, रविन्द्र कुमार वर्णवाल, मिथलेश बर्मन समेत सैकड़ो की सँख्या में भाजपा आजसू के कार्यकर्ता मौजूद थे।




## आरएनवाईएम कालेज बरही में संविधान की प्रस्तावना की दिलायी गयी शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**संवाददाता :** बरही 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के तत्वाधान में रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज, बरही के प्रांगण में संविधान के प्रस्तावना का शपथ समारोह किया गया। कार्यक्रम कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विजय कुमार सेना मेडल के निर्देश में करवाया गया। जिसमें महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डा. अजय कुमार रंजन के द्वारा एनसीसी कैडेट्स व महाविद्यालय के कर्मियों को संविधान के प्रस्तावना का शपथ दिलवाया गया। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विमल किशोर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम की सफलता में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स की अहम भूमिका रही। मौके पर महाविद्यालय के डा. अरुणा रानी, डा. संजय कुमार वर्णवाल, डा. अजय रविदास, डा. गिरधारी यादव, डा. कुमारी सुषमा, प्रो हीरामन साव, डा. बद्री साव, डा. नैयर इकबाल, डा. सरिता सिन्हा, प्रो संजय बक्शी, डा. एसी बसु, डा. अंजली कुसुम ओम, डा संगीता चौधरी, डा. बीडी मोदी, डा. महेश यादव, प्रो. अब्बास, प्रो तमन्ना परवीन, प्रो.बबिता, डा. सीमा सिन्हा एवं नॉन टीचिंग दिनेश्वर प्रसाद यादव, हरेंद्र सिंह, दिनेश यादव, त्रिभुवन यादव, निर्मला व एनसीसी कैडेट्स में सीनियर कैडेट्स किशोर कुमार दास, इरफान अंसारी, अनिल कुमार, रानी कुमारी, काजल, मनीषा, निशा, राजन, सन्नी, सुमित, रंजन, रूबी आदि शामिल हुए।



## अंतर विश्वविद्यालय खो खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये खिलाड़ी उड़ीसा के लिये हुवे रवाना

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कर्णपुरा महाविद्यालय के प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो के द्वारा विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से खो-खो प्रतिभागियों को फकीर मोहन विश्वविद्यालय बालसोर उड़ीसा के लिए रवाना किया गया। जिसमें जे.जे. कॉलेज झूमरी तिलैया, जुबली कॉलेज भुरकुंडा, अन्नंदा महाविद्यालय एवं कर्णपुरा महाविद्यालय से विशेष प्रशिक्षण शिविर से विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी उड़ीसा में 3 दिसंबर से लेकर 6 दिसंबर तक होने वाले अंतर विश्वविद्यालय खो-खो खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इन प्रतिभागियों का प्रशिक्षण कर्णपुरा महाविद्यालय में चल रहा था, प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात उन्हें जीत की शुभकामनाओं के साथ उड़ीसा रवाना किया गया। इस आयोजन में ईस्ट जोन टूर्नामेंट में कुल 41 विश्वविद्यालय के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। जिनमें से विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों के दल को कर्णपुरा महाविद्यालय के खेल प्रभारी प्रोफेसर ऋतुराज दास उड़ीसा लेकर जा रहे हैं। मौके पर सचिव टूकेश्वर प्रसाद, प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डॉक्टर बालेश्वर महतो, प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो सुरेश महतो, प्रोफेसर फजरूद्दीन, प्रोफेसर अनु कुमारी, प्रोफेसर पवन कुमार, प्रो ललिता कुमारी, डॉ चंद्रशेखर राणा, प्रो लालदेव महतो, नेमधारी राम, अनिता कुमारी के अलावा छात्र छात्राएं ने भी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।




## केरेडारी में भाकपा माओवादियों ने की पोस्टर बाजी क्षेत्र में दहशत

**केरेडारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लंबे अरसे के बाद भाकपा माओवादीयों ने केरेडारी के विभिन्न जगहों पर पोस्टर चिपकाया है। पोस्टर जन मुक्ति छापामार सेना पीएलजीए की स्थापना की 24 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जारी होने का उल्लेख किया है। माओवादियों द्वारा स्कूल के गेट, पंचायत भवन की दीवार समेत कई सार्वजनिक स्थल में पोस्टर चिपकाए गए हैं। जिसे स्थानीय पुलिस के द्वारा हटा लिया गया है। पोस्टर के माध्यम से आम आवाम और कोयला खनन कम्पनी को चेताया गया है की तत्काल सार्वजनिक रोड से ट्रांसपोर्टिंग बंद किया जाय। जमीन के रैयतों को उचित मुआवजा और नौकरी दिया जाय। युवक एवं युवतियां से संगठन को मजबूत बनाने के लिए पीएलजीए संगठन में भर्ती होने का आह्वान की गई है। नया भारत और विकसित भारत को झूठा बताया गया है। इसके लिए नवजनवादी भारत का निर्माण करने की बात भाकपा माओवादी द्वारा कही गई है। दीर्घकालीन जनयुद्ध में व्यापक जनता को कूदने एवं अपनी सेना की स्थापना की 24 वीं वर्षगांठ पर 2 से 8 दिसंबर तक क्रांतिकारी जज्बा एवं राजनीतिक उत्साह का अनुपालन करने के लिए बताया गया है। पोस्टर में जल जंगल जमीन पर अपना अधिकार कायम करने हेतु संगठन द्वारा हथियार उठाकर लड़ने के लिए कहा गया है।



## सड़क पर घरों का बहता गंदा पानी,बना बेटी के बाप का चिंता का कारण



**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के इर्द गिर्द सड़क पर बहते गंदे पानी की बजबजाहट ने स्वच्छ भारत मिशन एवं अधिकारियो की पोल खोल दी है।विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ पंचायत स्थित तेली मोहल्ला के पुराना मनसा मंदिर से होते हुए धोबी मोहल्ला से जाने वाली सड़क पर बहते गंदे पानी की वजह से लंबे समय से राहगीर एवं स्थानीय निवासी परेशान चल रहे हैं। छठ पूजा से लेकर वैवाहिक समारोह में भी स्थिति यही बनी रहती है। घर पर पनसोखा होने के बावजूद घरों के गंदे पानी को सड़क पर बहाने वाले उस मोहल्ले के विकास मिश्रा, सत्यदेव प्रसाद, शंकर सोनी, बलदेव कांदु, राजेश रजक, नकुल लहरी, कुलदीप लहरी, अकल रजक और गंगा सोनी को कई बार स्थानीय लोगों द्वारा विनम्रतापूर्व समझने के बावजूद भी स्थिति में बदलाव देखने को नहीं मिला। स्थिति यह है कि मोहल्ले में शादी है और घरवाले और पूर्व मुखिया अरुण रजक सड़क पर पानी न बहाने का आग्रह करते हुए हाथ जोड़ कर पूरे मोहल्ले में घर घर घूमने को मजबूर हैं। मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए अंचल अधिकारी नित्यानंद दास के द्वारा उक्त सभी नामजद लोगों के विरुद्ध नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के बरही प्रखंड इकाई की हुई बैठक

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, हजारीबाग जिला इकाई के बरही अनुमंडल अंतर्गत बरही प्रखंड के चित्रांश की एक बैठक हुई। बैठक जिला उपाध्यक्ष के आवास पर हुई। अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिन्हा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य बरही प्रखंड उप समिति का गठन था। जिला इकाई की ओर से प्रवेक्षक के रूप मे जिला महामंत्री शशि कांत, जिला संगठन मंत्री अजय अंबष्ट, जिलापाध्यक्ष विभूति सिन्हा और संयोजक अनूप सिन्हा उपस्थित थे। मौके पर बृजमोहन प्रसाद कार्यकारी जिलाध्यक्ष विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने आरम्भ में जिला के संगठनात्मक परिचय दिया एवं चित्रांश कल्याण कोष की गठन के महत्व पर चर्चा किया। शैलेन्द्र सिन्हा से उपसमिति की की प्रक्रिया आरम्भ करने का निवेदन किया। इसके उपरांत विस्तृत चर्चा के पश्चात् सर्व सम्मति से अशोक कुमार बक्सी ( बरसोत निवासी ) को बरही प्रखंड उप समिति के अध्यक्ष एवं संजय कुमार सिन्हा (बरही निवासी) को उपसमिति के महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। उपसमिति के अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन अध्यक्ष एवं महामंत्री चित्रांशो के सलाह से मनोनीत करेंगे।



## पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो समेत चार लोगों के मौत की गुत्थी अब तक पुलिस सुलझा नहीं पाई है

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में इन दिनों अपराधीक घटनाएं बढ़ गई है। डेढ़ वर्ष पूर्व गोंदलपूरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य जोराकाठ निवासी मोहन महतो की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा दो-तीन माह के अंदर तीन लोगों के मौत की गुत्थी अब तक पुलिस सुलझा नहीं पाई है। डेढ़ वर्ष पूर्व मोहन महतो की हत्या को लेकर पंचायत समिति सदस्यों ने भी कई बार पुलिस प्रशासन से हत्यारे को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी परंतु अब तक मामला ठंढे बस्ते में नजर आ रहा है। 2 दिन पूर्व अज्ञात अपराधियों के द्वारा चेपाकला गांव निवासी प्रकाश ठाकुर को उसके ही घर में घुसकर अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस द्वारा फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है। अलग अलग मामलों में बड़कागांव बेल चौक निवासी सुशांत कुमार और कदमाडीह गांव निवासी विजय कुमार सिंह की मौत हुए दो माह से अधिक समय गुजर गया, फिर भी पुलिस हत्या का कारण या हथियारों को ढूंढ नहीं पाई है।मृतक सुशांत के पिता शशि कुमार मेहता ने बड़कागांव थाना में प्राथमिकी दर्ज करा सीबीआई से जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, मामले का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। मृतक के पिता शशि मेहता का मानना है कि आवेदन में जिन लोगों पर आरोप लगाया गया है पुलिस उनसे कड़ाई से पूछताछ करें तो निश्चित तौर पर सच्चाई सामने आ जाएगी। अब तक की मेरे बेटे की मौत से संबंधित पुलिस की कार्रवाई से हमारा परिवार निराश है। जल्द पुलिस मामले का उद्भेदन करें अन्यथा पुलिस महानिदेशक से मुलाकात कर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

# विधायक प्रदीप प्रसाद स्वयं वाहन चलाकर पहुंचे सब्जी, मंडी किया औचक निरीक्षण, जनता की समस्याओं का किया समाधान

**गाड़ियों को सही ढंग से पार्क करें और शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने में सहयोग करें : प्रदीप प्रसाद**

**मेरे दरवाजे हमेशा क्षेत्र की जनता के लिए खुले हैं, और मैं हर संभव प्रयास करूंगा कि हजारीबाग के विकास में किसी भी प्रकार की बाधा न आयें : प्रदीप प्रसाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को सुबह गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित डेली मार्केट का औचक दौरा किया। उन्होंने स्वयं अपनी गाड़ी चलाकर सब्जी मंडी पहुंचे और सब्जी विक्रेताओं, किसानों और आम जनता से सीधे संवाद किया।मंडी पहुंचने पर किसानों और सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा नो-एंट्री नियमों और गलत पार्किंग के कारण उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। सब्जी की गाड़ियों को मंडी में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था, जिससे उनकी बिक्री बाधित हो रही थी। इतना ही नहीं, कई गाड़ियों का चालान भी काटा गया था, जिनकी राशि 3000 रु से 3500 रु तक थी। प्रदीप प्रसाद ने मौके पर पुलिस अधिकारियों से वार्ता की और तुरंत प्रभाव से किसानों के हित मे फैसला लेने का निर्देश दिया। किसानों और विक्रेताओं को मंडी तक अपनी गाड़ियां पहुंचाने में कोई परेशानी न हो।श्री प्रसाद ने मंडी में मौजूद आम जनता और विक्रेताओं से अपील की वे गाड़ियां सही तरीके से पार्क करें, ताकि यातायात बाधित न हो और सभी को समान रूप से सुविधाएं मिल सकें।विधायक श्री प्रसाद ने प्रशासन से आग्रह किया कि शहरी क्षेत्र में किसानों कि गाडियों के लिए कोई व्यवस्था किया जाए।नो-एंट्री का नियम लागू किया जाए, ताकि किसानों और सब्जी विक्रेताओं को समय पर मंडी पहुंचने में दिक्कत न हो।विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की मैंने सोमवार को गुरु गोबिंद सिंह रोड स्थित डैली सब्जी मंडी का दौरा किया और वहां किसानों, सब्जी विक्रेताओं, वेंडरों और आम जनता की समस्याओं को समझा। मेरी प्राथमिकता है कि किसी भी व्यक्ति को अपने कार्य में अनावश्यक बाधाओं का सामना न करना पड़े। मंडी में नो-एंट्री और चालान जैसी समस्याओं ने किसानों और विक्रेताओं के लिए कठिनाई पैदा की थी। मैंने तुरंत पुलिस प्रशासन से चर्चा कर इन समस्याओं का समाधान करवाया और चालान रद्द कराए। इसके साथ ही, मैंने सुनिश्चित किया कि किसानों की गाड़ियों के प्रवेश के लिए तय समय निर्धारित किया जाए। मंडी का संचालन सुचारू रूप से हो सके। मैं आम जनता से भी अपील करता हूं कि गाड़ियों को सही ढंग से पार्क करें और शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने में सहयोग करें। हम सब मिलकर ही एक व्यवस्थित और सुलभ व्यवस्था बना सकते हैं। हमारा लक्ष्य है कि किसानों और व्यापारियों को हर संभव सहायता मिले और हजारीबाग क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हों। मेरे दरवाजे हमेशा क्षेत्र की जनता के लिए खुले हैं, और मैं हर संभव प्रयास करूंगा कि हजारीबाग के विकास में किसी भी प्रकार की बाधा न आए।



# रामगढ पुलिस ने द वेब्स रेस्टुरेंट के मालिक के यहा हुई चोरी का उद्भेदन कर चोरी की नगद और जेवरत किया बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ थाना अन्तर्गत द वेब्स रेस्टुरेंट, शिवाजी रोड के मा. संजीव कुमार चड्डा के स्टॉफ आकाश धनक के द्वारा घर का अलमीरा तोड़ कर नगद करीब 20 लाख रूपया एवं सोने, चांदी, हीरे के जेवारात की चोरी की घटना के आरोप में रामगढ़ थाना कांड सं0 370/ 2024, दिनांक 30.11. 2024, धारा-341 (4)/305 (ए) बी0एन0एस0 दर्ज कराया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए अजय कुमार (भा0पु0 से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा कांड के उदभेदन एवं चोरी गए नकदी एवं जेवरात की बरामदगी हेतू परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम एसआईटी का गठन किया गया।





गठित एसआईटी टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं सी0सी0टी0वी0 फुटेज का गहण अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि नामजद प्राथमिकी अभियुक्त के द्वारा मुंह में मास्क लगा कर दुसरे घर के छत के माध्यम से वादी के घर में घुसकर अलमीरा तोड़कर जेवरात एवं नगदी की चोरी कर ली गयी है तथा चोरी करने के उपरांत उसी रास्ते से भाग गया है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा गठित टीम को तत्वरित अनुसंधान हेतू राज्य से बाहर जिला-सागर (मध्य प्रदेश) भेजा गया। गठित टीम के द्वारा सागर जिला के स्थानीय पुलिस के सहयोग से प्राथमिकी अभियुक्त आकाश धानक, उम्र 27 वर्ष, पिता संतोष उर्फ रघु धानक, ग्राम मछरिआई, संत कबीर वार्ड नं0-37, गुड्डा, पार्षद घर के पीछे थाना मोतीनगर, जिला सागर (मध्य प्रदेश) को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर कांड में चोरी गई नगदी में से कुल 14,31,120/ रूपया एवं जेवरात को बरामद किया गया है। अजय कुमार (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के तत्परता से इस कांड का उदभेदन 48 घंटे के अन्दर किया गया है तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं चोरी हुई नगदी, जेवरात की बरामदगी हो पायी है। अभियुक्त को ट्रांजिट रिमांड पर मध्य प्रदेश से रामगढ़ लाया गया है जिसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।इस छापामारी दल में शामिल परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़। . पु0नि0 कृष्णा कुमार, पु0नि0 सह थाना प्रभारी रामगढ़ थाना , पु0अ0नि0 सुमंत कुमार राय , पु0अ0नि0 उपेन्द्र कुमार, पु0अ0नि0 संतोष कुमार,पु0अ0नि0 मंजेश कुमार सिंह, 554 अर्जुन पासवान शामिल थे।

*बिरसा परियोजना इनमोसा के कर्मीयों ने बायोमेट्रिक मशीन का किया विरोध,कहा*

# प्रक्षेत्र के सभी जगहों पर लगाये बायोमेट्रिक मशीन, अन्यथा बिरसा मे इन आउट नहीं करेंगे इनमोसाकर्मी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के बिरसा परियोजना में सोमवार को इनमोसा कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता राकेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। वहीं इस बैठक में बायोमेट्रिक अटेंडेंस इन आउट करने के लिए बरका सयाल क्षेत्र के बिरसा परियोजना में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। जबकि अभी तक बायोमेट्रिक मशीन सभी जगहों पर नहीं लगाया गया है। इसलिए बिरसा परियोजना में इनमोसा के सभी सदस्यों ने निर्णय लिया है कि जबतक पुरे क्षेत्र में बायोमेट्रिक मशीन नहीं लगाया जाता है तब तक बिरसा इनमोसा के कर्मीयों के द्वारा इन आउट नहीं करेंगे। इससे इनमोसा कर्मीयों में प्रबंधन के प्रति काफी रोष है। वहीं साथ ही इस बैठक में इनमोसा कर्मीयों ने संयुक्त रूप से कहा कि सीसीएल बरकासयाल प्रबंधन ने सीसीएल कर्मीयों से संडे ड्यूटी कराकर संडे का पैमेंट नहीं किया है। और इसकी जानकारी भी नहीं दिया है। वहीं इस बैठक में क्षेत्रीय सचिव हरेन्द्र कुमार सिंह,शाखा सचिव अनुप कुमार, आलोक वशिष्ठ, सुरेन्द्र सिंह, राजीव रमन,वकिल यादव,शिशिर कुमार सरकार,एमडी समशाद,एसपी मेहता,जेपी मेहता, राजेश कुमार सिंह, गुसेश्वर कुमार, राजेश कुमार, विनय कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर व अंबा प्रसाद ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कार्यालय विधान भवन,कोलकाता में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बतौर सह-प्रभारी के रूप में राज्य की कार्यकारिणी बैठक में भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुलाम अहमद मीर, सचिव असफ अली खान और पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार मौजूद रहे जहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में हुई बैठक में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और हमारे मार्गदर्शन में पार्टी के भविष्य के रोडमैप को आकार देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। वहीं रणनीतियों पर चर्चा करने और विशिष्ट मुद्दों के समाधान के लिए संगठन के भीतर विभिन्न समूहों के साथ अलग-अलग बैठकें आयोजित की गईं। अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि बैठक में हुई चर्चाएँ सकारात्मक और प्रेरणादायक रहीं,जिससे पार्टी में नई ऊर्जा और दिशा आई।

## कार्यस्थल में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** नई चेतना 3.0 लैंगिक हिंसा के विरुद्ध जेंडर अभियान का दिनांक 25 नवंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक संचालित है, इस अभियान के अंतर्गत जेएसएलपीएस रामगढ़ द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जेएसएलपीएस रामगढ़ के जिला कार्यालय में क्ह्स। ड्डुष्ह्ल 2013, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 के संबंध में कार्यशाला का अयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ की अधिवक्ता मंजूरी चाकी द्वारा कार्यशाला में इस अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी और आंतरिक शिकायत कमिटी के गठन की जानकारी दी गई। कार्यशाला में जेएसएलपीएस के पदाधिकारी, कर्मी एवं सभी प्रखंडो के प्रखण्ड कार्यकम प्रबन्धक उपस्थित थे।

## नि:शुल्क जांच शिविर में दर्जनों लोगों का हुआ आँखों की जांच, मिली स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रजरप्पा :** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित श्रीश्री पठवा हनुमान मंदिर प्रांगण में नवभारत निर्माण संघ एनजीओ द्वारा सोमवार को ललिता नेत्रालय के तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य रूप से उपस्थित पठवा हनुमान मंदिर के अध्यक्ष सह सेवई उत्तरी पंचायत के मुखिया कुलदीप सिंह व ललिता नेत्रालय के चिकित्सक डा. राजेंद्र प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात यहां लगभग दर्जनों मरीजों की आंखों की जांच की गई। मौके पर मुखिया ने कहा कि इस तरह के जांच शिविर से लोग अपने आँखों की जांच करा लेते है। जिससे उन्हें पता चलता है कि उन्हें क्या बीमारी है। दवा लेकर वे अपने आँखों को बेहतर कर सकते है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह का कार्यक्रम वे आगे भी करते रहेंगे।वहीं ललिता नेत्रालय के चिकित्सक डा. राजेंद्र प्रसाद ने मरीजों की जांच कर उन्हें उनकी बीमारियों से संबंधित जानकारी दिया। और हमेशा अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहने का निर्देश दिया। जांच के दौरान उन्होंने निःशुल्क दवा भी दिया। साथ ही मोतियाबिंद मरीजों को निःशुल्क आँपरेशन किये जाने की बात कही। मौके पर फील्ड ऑफिसर शिवदयाल सिंह, फील्ड सुपरवाइजर करण रवि, चश्मा स्टॉफ ईशु मुंडा एवं मनीष कुमार सिन्हा के अलावे शिविर को सफल बनाने में पठवा हनुमान मंदिर के उमेश महतो, टीके महादानी, अजय सिंह, पांथो नंदी, एसके घोष, सुरेश तुरी, नवीन कुमार, प्रकाश यादव, सुनील कुमार, अमित कुमार तांती, तारा प्रसाद, भरत कुमार, बबलू सिंह सहित पठवा हनुमान मंदिर के सभी सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## होटल वेव्स के चोरी कांड के उद्वेदन को लेकर रामगढ़ पुलिस का समाजसेवी कमल बगड़िया ने किया धन्यवाद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** रामगढ के समाजसेवी कमल बगड़िया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि होटल वेव्स के चोरी कांड के उद्वेदन में रामगढ़ के प्रशासन पुलिस परिवार ने जो सक्रियता दिखाई है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। रामगढ़ की जनता को पुलिस , प्रशासन पर विश्वास बढ़ा है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार एवं उनके सहयोगी टीम के थाना प्रभारी कृष्ण कुमार एवं उनकी टीम को हार्दिक धन्यवाद। आशा करता हूं कि भविष्य में भी इसी तरह की सक्रियता रहने से अपराधियों का मनोबल गिरेगा। वेवस परिवार के चड्ढा जी ने भी पुलिस परिवार की भूरी भूरी प्रशंसा की है। रामगढ़ की पूरी जनता इस कार्य से अत्यंत ही प्रसन्नता के साथ अहोभाव प्रकट करती है।

## रेप का प्रयास व छेड़छाड़ का आरोपी गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रजरप्पा पुलिस द्वारा सोमवार को छापामारी अभियान चलाकर रेप का प्रयास व छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापामारी अभियान का नेतृत्व रजरप्पा थाना के अवर निरीक्षक रंजीत महतो ने किया। इस बाबत उन्होंने कहा कि लगभग छह महीना पूर्व एक महिला द्वारा आरोपी के खिलाफ रेप का प्रयास व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए रजरप्पा थाना में मामला दर्ज कराया गया था। लेकिन आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। इधर मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा था। सोमवार को आरोपी कालेश्वर महतो पिता स्व मोहन महतो को केंदुआटांड़ मायल से गिरफ्तार किया गया। कागजी कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 354, 354 ए, 354 बी भादवि के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## अज्ञात अपराधियो ने गिद्दी सी रेलवे रोड के समीप किया हवाई फायरिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत गिद्दी सी कोलियरी में अज्ञात अपराधियों के द्वारा आइपीएल के डीओ होल्डर पर निशाना साधा गया था। इस घटना क्रम की दो दिन हुई नही थी कि रविवार की रात अज्ञात अपराधियों ने धमाकेदार इंट्री स्कार्पियो से की और हथियार लहराते हुए एक हवाई फायरिंग कर अपनी उपस्थिति दर्ज की। जिससे क्षेत्र के लोगो में भय व्याप्त है। क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर लोगो के द्वारा इस घटना की चर्चा जोरो पर है। अज्ञात अपराधियों के निशाने पर गिद्दी परियोजना भी है, इसकी भी चर्चा लोग कर रहे है। गिद्दी पुलिस इस घटना की जांच कर रही है। बहरहाल जो भी हो पुलिस के नाक के नीचे से अपराधी क्षेत्र में अपना दम-खम दिखाने में कामयाब दिख रहे है। घटना तकरीबन 8ः15 बजे रात्रि की है जब आज्ञात अपराधियो ने काला व सफेद स्कॉर्पियो में सवार हथियार से लैस होकर गिद्दी सी कोलियरी के रेलवे रोड के समीप आ धमका।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग द्वारा प्रकाशित परीक्षाफल में बीएड के तीन प्रशिक्षु का परिणाम रहा शत प्रतिशत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग द्वारा प्रकाशित परीक्षाफल में चितरपुर प्रखण्ड के अंतर्गत सुकरीगढ़ा लारी स्थित डा. एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिकण महाविद्यालय के बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षु दिव्या रानी, सिन्धु कुमारी व सुदीप्ता अवस्थी का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसमें दिव्या रानी ने 83.35 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान पर रही। वही द्वितीय स्थान पर 83.28 प्रतिशत पर सिन्धु कुमारी और तृतीय स्थान पर 82.35 प्रतिशत के साथ सुदीप्ता अवस्थी रही। इसके उपलब्धि पर मातृ संस्था जन आकांक्षा सोसाइटी के सचिव मनिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार एवं सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। साथ ही महाविद्यालय के प्रशासक डा. सुशील कुमार उपाध्याय, प्राचार्य डा. शिव कुमार राणा एवं बीएड शिक्षकों में रंजु वंदना होरो, आदि थे ।

# दिव्यांगजनों में ऊर्जा भर रहे हैं अतहर

मो. शाहीद @ प्रभात मंत्र






**रामगढ :** रामगढ़ जिला के दिगवार निवासी 37 वर्षीय दिव्यांग अतहर अली अपने दिव्यांग साथियों के लिए सकारात्मक राह गढ़ने में जुड़ गया है। राष्ट्रीय स्तर में दिव्यांगों के लिए खेल खुद प्रतियोगिता का आयोजन कर दिव्यांगों का मनोबल ऊंचा करने का काम कर रहा है। यु तो अतहर पैदाइशी दिव्यांग नहीं था। 3 वर्ष के उम्र में वह पोलियो ग्रस्त हो गया। गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले अतहर पैसे के अभाव घर की स्थिति ने उसे मजबूत तो किया। साथ ही भाई बहनों को जिम्मेदारी भी कंधे पर आ गई। भाई बहनों को शिक्षा देते हुए वह खुद ही पढ़ाई करते रहा में पोलियो से पूरी तरह से लड़ नहीं सका दाहिने पैर से पोलियो ग्रस्त अतहर अली दिव्यांग जनों के हितेषी संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के निर्देशक वा दिव्यांग संगठन के अध्यक्ष भी हैं। अतहर बताता है कि उनके पिता अब्दुल कादिर किसान है। छह भाई बहन है। आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं रहने के कारण किसी तरह स्नातक अर्थशास्त्र ऑनर्स की पढ़ाई रामगढ़ कॉलेज से पूरी की बीए तक पढ़ाई करने के बाद दिव्यांग भाइयों के लिए सामाजिक सेवा के कार्य में जुड़ गया।अतहर ही ने सबसे पहले अपने दिव्यांगों का प्रमाण पत्र बनवाया। उसके बाद खेल के दौरान वर्ष 2007 में दिव्यांग क्रिकेट टीम का झारखंड में उसका चयन हुआ। चयन के बाद ईस्ट जोन कप में हुआ टीम का सदस्य बनकर बेहतर प्रदर्शन कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी। वर्ष 2008 में आठवीं नेशनल गेम नागपुर में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व किया उसे मैच में टीम क्वार्टर फाइनल तक पहुंची।वर्ष 2009 मैं झारखंड की ओर से मेकान स्टेडियम रांची में प्रथम आइडिया का टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों से 12 टीमों ने भाग लिया। इसमें जिला टीम के कप्तान के रूप में अतहर ने टीम को अपना बेस्ट देते हुए फाइनल तक का सफर तक करवाते हुए धनबाद को पराजित करके कब्जा जमा लिया। उसके बाद वर्ष 2011 में झारखंड टीम के कप्तान के रूप में चयन हुआ। झारखंड की ओर से उत्तर प्रदेश दिव्यांग टीम ने विजय होने का गौरव प्राप्त किया। अतहर ने क्रिकेट का के अलावा पैरालंपिक एथलेटीक्स खिलाड़ी के रूप में चयन हुआ,खिलाड़ी के रूप में चयन हुआ। उसने चैन्नई में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सातवां नेशनल गेम में भाग लिया। । क्रिकेट खेलते खेलते 2017 में भारतीय टीम के गॉड कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर, भारतीय टीम के कप्तान, रोहित शर्मा, अम्बाती रायडू,और विदेशी खिलाड़ियों से मुलाकात विशाखापट्टनम में हुई। उसके बाद 2018 में साउथ इंडियन हीरो के क्रिकेट टीम के साथ भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम का हिस्सा रहा। जो मैच आंध्र प्रदेश के तिरुपति के स्टेडियम में हुआ। उसके बाद 2021 में महाराष्ट्र में होने वाले इंडिया ए इंडिया बी इंडिया सी के टीम का हिस्सा बना जिसमें उप कप्तान का हिस्सा बना। अतहर का कहना है कि खेलकूद से मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मनोबल ऊपर उठना है। इसलिए वे क्षेत्र अन्य शहरों में लगातार दिव्यांगों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाते हैं।खेल के अलावा दिव्यांग जनों के काम का बीड़ा उठाकर वर्ष 2011 रामगढ़ डिसेबल्ड स्पोर्ट एंड वेलफेयर अकैडमी का गठन किया। अकादमी में जिला भर के लिए दिव्यांगों को जोड़कर उनकी समस्याओं के लिए संघर्ष जारी रखते हुए और दिव्यांगों के लिए प्रेरणा बन गया। उसके बाद वर्ष 2017 में झारखंड बोर्ड क्रिकेट एसोसिएशन के नाम से ऐन जी ओ रजिस्ट्रेशन कराया कुछ दिन इसी के बैनर तले दिव्यांग जनों को काम किया गया उसके बाद सिलसिला जारी रहा दो वर्ष बाद फिर से नया रजिस्ट्रेशन के लिए ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन कराया जो रामगढ़ जिला के निबंधन कार्यालय से कराया गया इसी बैनर तले दिव्यांगजनों को काम करता रहा. अभी फिलहाल सेक्शन 8 कंपनी में रजिस्ट्रेशन करके दिव्यांग जनों के बीच कार्य करते जा रहा हूं खेल का क्षेत्र हो सामाजिक क्षेत्र हो, दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के बैनर तले दिव्यांग जनों को सामूहिक विवाह भी कराया, कोरोना काल में लॉकडाउन के समय में लगभग तीन महीने तक कच्चा राशन वा खाना परोस कर वितरण करने का काम किया। दिव्यांग जनों को स्थिति को देखते हुए मोटराइज्ड ट्राई साईकिल लगभग 100 दिव्यांग जनों को वितरण कराया हूं। जो अब आम हो गया है हमेशा दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र बनाना हो रेलवे पास बनाना हो, कृत्रिम मांग लेना हो, ट्राईसाईकिल व्हील चेयर बेसाखी आदि ,अब चलते फिरते करते रहता हूं। अतहर अली कार्य शैली से प्रभावित होकर जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2019 मैं विधानसभा चुनाव में ब्रायन एंबेसडर बनाया गया.।

**अतहर ने दिखाई जीने की राह :-** सुदूरवर्ती गाँव करमा दक्षिणी के रघुनाथ महतो, आर कांटा के प्रकाश कुमार, फूलसराय के शकील अंसारी, नासिर हुसैन कहते हैं कि हम लोगों ने जिंदगी से हार मानकर खुद को वक्त के हवाले कर दिया था। ऐंन मौके पर अतहर हमारे गांव पहुंचकर हम लोगों को जीने की राह दिखाई। आज हम लोग कह सकते हैं कि बेजान पर होने के बावजूद भी हम अपने पैरों पर खुद खड़े हैं। क्योंकि अतहर अली अपने पहल से हम लोगों को कुजू सीसीएल परिवार से मोटराइज्ड टोटो दिलवाए हैं. जो आज टोटो चलाकर घर परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि रघुनाथ महतो की कहते हैं कि अतहर अली के चलते मैं आत्मनिर्भर हूं।इन लोगों को कहना है कि हम लोगों के तर्ज पर गए दिव्यांग आज मुख धारा से जुड़ गए हैं।अतहर की प्रेरणा से समाज को जीने की नई प्रेरणा मिली है।

**दस हज़ार सदस्य है जुड़े :-** अतहर कहते है की उनके कमेटी में जिला और राज्य के लगभग दस हज़ार दिव्यांग साथ जुड़े हैं। कहीं से भी दिव्यांग की आवाज उठाती है तो हमारी टीम वहां पहुंचकर उसे सहयोग करने का काम करती है।अलाउद्दीन अंसारी, रवि कुमार दास,रवीना खातून,सुनीता कुमारी, मनोज करमाली, संदीप करमाली,पावेल कुमार,रंजीत कुमार,सुरेंद्र कुमार,विद्यार्थी पासवान आदि साथी जिला मुख्यालय में दिव्यांगों के सरकारी कामों में सहयोग के लिए प्रयासरत रहते हैं।

**नहीं होती है मासिक बैठक :-**अतहर कहते हैं कि नियमानुसार दिव्यांग कमेटी के साथ महीने में एक बार जिला उपायुक्त के साथ बैठक होनी चाहिए। जिला सलकाश समिति का सदस्य होने के बावजूद भी मैं अपने आप में असंतुष्ट महसूस करता हूं। रामगढ़ में ऐसा नहीं होता है। अगर बैठक होती तो दिव्यांग के हित में सकारात्मक पहल हो सकती है। दिव्यांग जनों को वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए झारखंड विधानसभा 2024 में दिव्यांग आइकॉन बनाया गया है, अतहर अली को जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा और सम्मानित होने का मौका मिला ।

# एनएमएल पकरी बरवाडीह और बादम सीएमपी ने स्पोर्ट्स डे का किया आयोजित







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** जागृति महिला संघ और एनएमएल पकरी बरवाडीह और बादम सीएमपी हजारीबाग ने अपनी स्पोर्ट्स डे बड़ी उत्साह के साथ आयोजित किया। इस आयोजन में संघ के सदस्य और बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में खेलों के महत्व को उजागर करना, दोस्ती और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना, और एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रोत्साहित करना था।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जागृति महिला की अध्यक्षा तज़ीन फैज़ और उपाध्यक्षा मीनाक्षी सक्सेना शामिल हुई।कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियाँ आयोजित की गई, जिनमें 100 मीटर रेस, रस्सा खींचना, नींबू और चमच रेस , वॉकाथॉन, बॉल गिराना, साड़ी बांधने की रेस इत्यादि शामिल थी।स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं के साथ-साथ, उपस्थित सभी लोगों की भागीदारी और आनंद सुनिश्चित करने के लिए कई मजेदार खेल भी आयोजित किए गए थे जिनमें बैलून शूटिंग, फिशिंग लाइन गेम, रिंग टॉस गेम, पिरामिड गेम आदि था।कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहाँ विजेताओं को उनके योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

# पशु चिकित्सालय से दो बाइक, कंप्यूटर व पचास हजार का सामान उड़ा ले गये चोर

**लिट्टीपाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में चोरों का तांडव बढ़ गया है। आये दिन घरों, सरकारी कार्यालय व खड़ी वाहनों को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं चोर इतने शातिर है कि पुलिस के हाथ नहीं लग रहा है। विगत 25 नवंबर को साहिबगंज गोबिंदपुर स्टेट हाइवे पर स्थित रोड़गो गांव के समीप पशु चिकित्सालय में चोरों ने खिड़की तोड़ कर कार्यालय में घुस कर दो सरकारी बाइक, कम्प्यूटर, टेबुल व रजिस्टर समेत लगभग 50 हजार का सामान चोरी कर लेने का मामला डॉ अभिषेक यादव ने थाने में दर्ज कराया है। चिकित्सक ने बताया कि 25 नवंबर की रात्रि चोरों ने खिड़की तोड़कर कमरे में प्रवेश कर सामने के गेट का ताला तोड़कर सभी सामान आराम से निकाल कर ले गया। 26 नवंबर को जब पशु चिकित्सालय के कर्मी ऑफिस आवर में पहुंचे तो गेट खुला देख कर अचंभित रह गए और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके पूर्व रवि मंडल के घर से साइकिल व छड़ चोरी हो हुई है।जबकि शंकर प्रमाणिक के घर के सामने खड़ी ट्रक की बैट्री व डीजल चोरी हो चुकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चोरी की घटना में स्थानीय छोटे छोटे बच्चे व युवक सामिल है, जो दिन भर इधर उधर कार्य करने के पश्चात रात के अंधेरे में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(समाज कल्याण शाखा)

### इच्छा की अभिव्यक्ति
(Expression of Interest)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, कोडरमा जिला अन्तर्गत ओल्ड एज होम (पचीस बेड क्षमता) के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा।

अतः इच्छुक स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक–10/**12/2024** को पूर्वाह्न –12:00 बजे तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक–10/**12/2024** को 03:00 बजे अपराह्न में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि को उपस्थित रहना होगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह०/–
उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.340924 Women, Child Development & Social Security(24-25):D


# कल्याण ज्वैलर्स ने गिरिडीह में अपने नये शोरूम के शुभारंभ की घोषणा की

- बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर कल करेंगी शोरूम का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** अग्रणी और सबसे भरोसेमंद आभूषण ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने आज घोषणा की कि वह गिरिडीह में अपना नया शोरूम लॉन्च करने जा रहा है। नया शोरूम कंपनी को झारखंड राज्य में बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में सक्षम बनाएगा। बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर बुधवार, 04 दिसंबर 2024 को शाम 5ः00 बजे लॉन्च समारोह और शोरूम का उद्घाटन करेंगी। लॉन्च का जश्न मनाते हुए, कल्याण ज्वैलर्स ने कई रोमांचक ऑफर्स की घोषणा की है, जिससे संरक्षकों को अपने आभूषण खरीद पर महत्वपूर्ण बचत का अवसर मिलेगा। ग्राहक सादे सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं*। प्रीमियम उत्पादों के लिए, मेकिंग चार्ज पर 30 प्रतिशत की छूट लागू है*, जबकि आभूषण ब्रांड मंदिर और प्राचीन आभूषणों के लिए मेकिंग चार्ज पर 35 प्रतिशत की छूट उपलब्ध है*। खरीदारी के अनुभव को और बढ़ाने के लिए, 30 ग्राम से कम के सभी आभूषणों पर मेकिंग चार्ज पर 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। घोषणा पर बोलते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, %झारखंड में नए शोरूम का शुभारंभ हमें इस क्षेत्र में कंपनी की बाजार उपस्थिति को बढ़ाने में सक्षम करेगा। झारखंड कल्याण ज्वैलर्स के लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है, और इस क्षेत्र में हमारे नए निवेश हमारे ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ श्रेणी की खरीदारी का अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।% कल्याण ज्वैलर्स में रिटेल बिक्री वाले सभी आभूषण बीआईएस हॉलमार्क वाले हैं और इन्हें कई शुद्धता परीक्षणों से निकालकर तैयार किया जाता है।

# हितधारकों का प्रमंडल स्तरीय परामर्श कार्यशाला का किया गया आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दुमका के सांसद श्री नलिन सोरेन ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य एवं देश के सभी बच्चों का संरक्षण एवं बेहतर भविष्य के निर्माण के साथ उन्हें आगे बढ़ाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।कहा कि राज्य सरकार द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य एवं बेहतर शिक्षा के लिए योजनाएं चलायी जा रही है।हम सभी को मिलकर एक सामूहिक प्रयास करना होगा ताकि हर एक बच्चा अपने सपनों को पूरा कर सके। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि बच्चो के विकास में बाधा डालने वाले को रोकना होगा।बच्चों को हर तरह संरक्षित करना महत्वपूर्ण है।कहा कि बाल मजदूरी हो या किसी अन्य प्रकार का उत्पीड़न हम सभी को मिलकर इसे रोकना होगा।जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन एवं गठित समितियां अपने अपने स्तर पर कार्य कर रही है,आमजनों को भी एक सामूहिक प्रयास करना होगा ताकि हर एक बच्चे एक बेहतर ज़िंदगी मिल सके।कहा कि वर्तमान समय मे कम उम्र के बच्चे भी नशे का शिकार हो रहे हैं इन सब से उन्हें बचाना होगा। कार्यशाला के दूसरे सत्र तकनीकी सत्र में पीपीटी के माध्यम से बाल संरक्षण से संबंधित जानकारी दी गयी एवं परामर्श भी प्राप्त किये गए। इससे पूर्व पारंपरिक रीति रिवाज से अतिथियों का स्वागत किया गया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(जिला खेल शाखा)

दूरभाष : 06553–261555(O) Email ID : dc-ramgarh@gov.in

### सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण के पत्रांक 1370 दिनांक 09.10.2024 के आलोक में सिद्धो–कान्हु स्टेडियम, रामगढ़ में संचालित खेलो इंडिया फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र (बालक एवं बालिका) में रिक्तियों को भरने हेतु प्रशिक्षुओं के प्रतिभा चयन ट्रायल का आयोजन **दिनांक 09.12.2024** को प्रातः 09.00 बजे सिद्धो–कान्हु स्टेडियम, रामगढ़ में आहुत होगी।

नियम एवं शर्त :–

- जन्म प्रमाण पत्र/आधार कार्ड/संबंधित विद्यालय के प्राधानाध्यापक का जन्म तिथि का सत्यापित प्रति लाना अनिवर्य है।
- उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जन्म तिथि दिनांक 01.04.2010 से दिनांक 01.04.2014 के बीच होना चाहिए।
- खिलाडी खेलो इंडिया प्रशिक्षण केन्द्र सिद्धो–कान्हु स्टेडियम, रामगढ़ से 05–07 कि0मी0 परिधि के अन्तर्गत होने चाहिए।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 340981 District (24-25)_D


# भारत से भारत के लिये : ईवीएम ने भारत में निर्मित स्थानीय स्टोरेज समाधान के लिये रैम और एसएसडी का किया अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हुंडिया इन्फो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, कंप्यूटिंग और मोबिलिटी उत्पादों के मुंबई में अग्रणी विक्रेता और ढ्ढञ्ज स्टोरेज सॉल्यूशंस में अग्रणी ईवीएम ब्रांड ने एसएसडी , ्ररू और अन्य अत्याधुनिक समाधानों के लिए भारत के पहले मेड-इन-इंडिया स्टोरेज उत्पादों के लॉन्च की गर्व के साथ घोषणा की है। यह लॉन्च ऐतिहासिक रूप से मील का पत्थर है, क्योंकि ईवीएम स्थानीय रूप से विकसित और निर्मित मेड इन इंडिया स्टोरेज समाधान पेश करने वाला पहला भारतीय ब्रांड बन गया है।हुंडिया इन्फो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली ईवीएम ने ढ्ढञ्ज स्टोरेज सॉल्यूशंस स्पेस में नंबर 1 भारतीय ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। स्थानीय रूप से निर्मित स्टोरेज समाधानों के लिए ईवीएम शुरुआत में स्त्रञ्ज और ह्ङ्क्रस्द्ग स्स्ष्ठह्य की रेंज के साथ-साथ ष्ठष्ठक्र4 और ष्ठष्ठक्र5 ्ररू मॉड्यूल के साथ शुरुआत करेगा, जिसे रोजमर्रा के उपभोक्ताओं और उद्योग के पेशेवरों दोनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और आगे चलकर और अधिक उत्पाद जोड़े जाएंगे।ईवीएम इंडिया के प्रबंध निदेशक कुणाल हुंडिया ने कहा कि - ÷यह एक उत्पाद लॉन्च से कहीं अधिक है, वैश्विक तकनीक क्षेत्र में भारत की क्षमता की घोषणा करना। ईवीएम आने वाले समय में अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए स्थानीय रूप से निर्मित स्टोरेज समाधानों को पेश करके इस गति को बनाने की योजना बना रहा है। ईवीएम इंडिया के सीईओ विशाल हुंडिया ने कहा कि - ÷ईवीएम का हमेशा से भारतीय उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने का उद्देश्य रहा है। ये मेड-इन-इंडिया स्टोरेज समाधान इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारतीय नवाचार क्या हासिल कर सकते हैं। एक भारतीय ब्रांड के रूप में, हमें अन्य अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के समान गुणवत्ता के साथ भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले स्टोरेज समाधान पेश करने पर गर्व है।÷ ÷यह एक बदलाव लाने के बारे में है।

# धनबाद के भाटडीह ओपी पुलिस ने जंगल में रखा तीन टन अवैध कोयला पकड़ा, कोयला तस्कर भागने में सफल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के भाटडीह ओ0पी0 पुलिस ने गस्ती में समय रिजर्व गार्ड के हव0 विजय कुमार राम के साथ सरकारी मोटर साईकिल से दिवा गश्ती एवं आसुचना संकलन में प्रस्थान के समय। दिवा गश्ती के दौरान मुरलीडीह नासीर चौक के पास , गुप्त सूचना के आधार पर भाटडीह पावर हाउस 03 नंबर जंगल में कुछ लोगो के द्वारा अवैध कोयला उत्खनन कर जमा किया जा रहा है। प्राप्त सूचना को ओपी पुलिस ने वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए जाँच सत्यापान एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भाटडीह पावर हाउस 03 नंबर जंगल के लिए प्रस्थान किये। बताया जाता है कि भाटडीह पावर हाउस 03 नंबर के जंगल में कुछ लोग अवैध कोयला उत्खनन कर जमा कर रहे थे। पुलिस गाडी को देख कर सभी लोग जंगल में इधर उधर भागने लगे। ओ0पी0 बल के हव0 विजय कुमार राम के समक्ष जंगल झाडी में तलाशी के क्रम में देखे कि प्लास्टिक बोरा मे भरा हुआ करीब 75 बोरा वजन करीब 3.5 टन अवैध कच्चा कोयला जमा कर रखा गया है। अगल बगल के उपस्थित व्यक्ति एवं रिजर्व गार्ड के हवलदार के समक्ष जमीन पर जमा किया गया जप्त अवैध कच्चा कोयला को देखने से प्रतीत होता है कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा जंगल झाडी से अवैध कोयला उत्खनन कर व्यापार करने हेतु अवैध कच्चा कोयला जमा किया गया है।

# संभावनाओं को दे रहे नई उड़ान : अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर फ्लिपकार्ट ने कार्यस्थल को और भी समावेशी बनाने की किया वकालत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हर व्यक्ति को सम्मान, वित्तीय आजादी और सार्थक लक्ष्य के साथ जीवन जीने लिए अवसर पाने का अधिकार है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए फ्लिपकार्ट समर्पित कार्यक्रमों एवं समावेशी प्रक्रियाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को सार्थक अवसर देने के लिए प्रयासरत है। फ्लिपकार्ट ऐसे माहौल को बढ़ावा दे रहा है, जहां कर्मचारी अपनी वास्तविक प्रतिभा दिखाने में सक्षम हों। ऐसा करते हुए फ्लिपकार्ट व्यापक समावेश एवं सशक्तीकरण में योगदान दे रहा है।अपने इकोसिस्टम के महत्वपूर्ण भाग के तौर पर 2000 से ज्यादा दिव्यांग कर्मचारियों के साथ फ्लिपकार्ट ने समावेशी कार्यस्थल की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। पीडब्ल्यूडी हब (शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों के लिए हब) स्थापित करना अयोग्यता पर योग्यता को वरीयता देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाता है, जिससे ज्यादा समतामूलक एवं समावेशी भविष्य के निर्माण में मदद मिल रही है।इस अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के मौके पर फ्लिपकार्ट ने कुछ ऐसे लोगों के उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायी सफर को सबके सामने रखा है, जिन्होंने मुश्किलों को मात देते हुए अपने लिए आजादी एवं आत्मसम्मान का रास्ता तैयार किया है। सुनील कुमार, वेंकटेश और रविंदर जैसे डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स की इन प्रेरक कहानियों के माध्यम से हम फ्लिपकार्ट की विभिन्न पहल के प्रभाव को समझ सकते हैं। सुनील कहते हैं, 'मुझे फ्लिपकार्ट में सबसे ज्यादा यहां का समावेशी माहौल पसंद आता है, जहां मेरे टीम लीड एवं मैनेजर्स भी दिव्यांग हैं और अपनी मेहनत से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। इससे मुझे उम्मीद है कि एक दिन मैं भी ऑफिस में रहकर काम करने वाली भूमिका तक पहुंच सकता हूं।% 21 साल के वेंकटेश कर्नाटक के एक अंदरूनी गांव संकेश्वर टांडा के रहने वाले हैं। पोलियो का शिकार होने के कारण उनके पास सीमित अवसर थे।


## कार्यालय, कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, सिमडेगा

पत्रांकः– सिमडेगा, दिनांकः–

### निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय के पत्रांकः–724 दिनांकः–25.11.2024 द्वारा आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः–WRD/MID Simdega/F2-07/2024-25 दिनांकः–25.12.2024 द्वाराः–

Constructon of Gariyajor Solar Powerd L.I.Scheme Block-Kurdeg जो दिनांकः–29.11.2024 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ (पी.आर.नम्बर–**340545**(Simdega)/2024–25 (D)) को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

विस्तृत जानकारी हेतु बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in. एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, सिमडेगा।

PR.NO.340930 Simdega(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विशेष कार्य प्रमण्डल
भवन निर्माण विभाग, राँची।
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

### निविदा स्थगित सूचना

**Nodal Officer,** -Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department Ranchi द्वारा PR. No. 338273 Building (24-25):D के तहत प्रकाशित Construction of Jharkhand Bhawan at Sector-30A, Vashi Navi Mumbai, Maharashtra कार्य का NIT 31/2024-25 को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0
राँची।

PR 340926 Building(24-25)D

प्रपत्र–VI

## गुमला समाहरणालय, गुमला
( भू- अर्जन शाखा )
समाहर्त्ता/ अपर समाहर्त्ता -सह-समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1)के अधीन)

ज्ञापांक – 373 भू0अ0 दिनांक – 05/10/24

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि ग्राम– **कोइनारटाड़** थाना–**पालकोट** थाना संख्या– 26 **अंचल –पालकोट** जिला –**गुमला** कुल– 2.375 **एकड़ यानि 0.9615 हे0** भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा परियोजना **पालकोट (NH 143) रोकेडेगा– बिलिंगबीरा– तमड़ा (SH-23) तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण योजना** हेतु अपेक्षित है,

प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1)ख के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **तेतरटोली** थाना–**पालकोट** थाना संख्या– 26 **अंचल –पालकोट** जिला –**गुमला** कुल– 2.375 **एकड़ यानि 0.9615 हे0** मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन हैः–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भू–खण्ड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 1 | 256 | रैयती | 0.10 | जीरात | 255 | 259 | 271 | 246 |
| 2 | 1 | 272 | रैयती | 0.07 | जीरात | 273 | 260 | 271 | 522 |
| 3 | 1 | 562 | रैयती | 0.25 | जीरात | 522 | 563 | 522 | 522 |
| 4 | 9 | 539 | रैतयी | 0.055 | रेखु सिंह वो नान्हु सिंह वल्द घुरन रौतिया वो सोमराज सिंह वल्द भोकरो सिंह वो दुबे सिंह वल्द लझु रौतिया वो सन्तु सिंह वल्द बान्दु रौतिया वो छटकु रौतिया वल्द खेदन रौतिया वो अमरीत कुमारी वल्द लोहेर रौतिया कौम रौतिया साकिन देह टोला। | | | | |
| 5 | | 143 | | 0.01 | | 171 | 171 | 171 | 171 |
| 6 | | 148 | | 0.04 | | 171 | 171 | सिवाना | 171 |
| 7 | | 157 | | 0.02 | | 171 | 171 | 171 | 158 |
| 8 | | 158 | | 0.18 | | 171 | 171 | 157 | 171 |
| 9 | | 167 | | 0.13 | | 171 | 213 | 213 | 168 |
| 10 | | 182 | | 0.01 | | 213 | 213 | 213 | 213 |
| 11 | | 537 | | 0.13 | | 522 | 539 | 540 | 522 |
| 12 | | 541 | | 0.08 | | 511 | 543 | 511 | 539 |
| 13 | | 168 | | 0.01 | | 169 | 213 | 213 | 171 |
| 14 | | 624 | | 0.03 | | | | | |
| 15 | 5 | 270 | रैयती | 0.06 | कजरू रौतिया वल्द बन्धु रौतिया कौम रौतिया साकिन देह। | | | | |
| 16 | 11 | 145 | रैयती | 0.07 | टुना रौतिया वो टुटु रौतिया पेशरान सुकरू रौतिया वा रेखु सिंह वो नान्हु सिंह वल्द घुरन सिंह वो शिवनाथ रौतिया वल्द गन्दुर रौतिया वो लोहेर रौतिया वल्द शिवनाथ रौतिया वो अमरीत कुमारी वल्द लोहेर रौतिया कौम रौतिया साकिन देह टोला नाइटोला। | 171 | 171 | 171 | 171 |
| 17 | | 147 | | 0.14 | | 171 | 171 | 148 | 171 |
| 18 | | 245 | | 0.01 | | 246 | 244 | 246 | 246 |
| 19 | 13 | 548 | रैयती | 0.07 | शिवमंगल सिंह वल्द महाल सिंह वो बंधा सिंह वो भुवन सिंह वो अषाढ़ सिंह वल्द नेमनारायण सिंह वो कामदेव सिंह वो महिपाल सिंह वल्द नेमनारायण सिंह कौम रौतिया साकिन देह टोला नाईटोली। | 522 | 549 | 522 | 552 |
| 20 | 15 | 516 | रैयती | 0.16 | मंगलनाथ सिंह वो अघन सिंह वल्द घुरन सिंह वो अर्जुन सिंह वल्द मनिजर सिंह वो बाना सिंह वल्द निसपिटर सिंह वो राजेन्द्र सिंह वल्द दरोगा सिंह कौम रौतिया साकिन देह। | 511 | 515 | 511 | 511 |
| 21 | 17 | 258 | रैयती | 0.01 | बलभदर रौतिया वल्द दुलार रौतिया कौम रौतिया साकिन देह। | 257 | 258 | 257 | 246 |
| 22 | | 259 | | 0.21 | | 257 | 246 | 246 | 246 |
| 23 | 18 | 159 | रैयती | 0.11 | खिरोघर सिंह वो संजय सिंह वल्द नन्दा सिंह वो मिलू सिंह वल्द छटन सिंह कौम रौतिया साकिन देह। | 171 | 171 | 158 | 171 |
| 24 | 28 | 605 | रैयती | 0.42 | सेमरा मुण्डा वल्द गोन्दरू मुण्डा वो एतवा मुण्डा वल्द सोमरा मुण्डा वो बिमल मुण्डा वल्द सोमरा मुण्डा कौम साकिन देह। | 511 | 603 | सिवाना | 604 |
| **कुल** | | | | **2.375** | | | | | |

यदि अधिसूचना भू–अर्जन,पुर्नवास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार /समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रतिष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेदन –छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्य करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा– 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगा या ऐसा करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि का कोई विल्लंगन उत्पन्न करेगा।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों ) के अंतर्गत भू–अर्जन की बावत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी गुमला। | अपर समाहर्त्ता गुमला। | उपायुक्त गुमला।

PR 340948 Land Reforms (24-25)_D

# मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला इंटर कॉलेज के प्रांगण में विश्व एड्स दिवस का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लोहरदगा इकाई के तत्वावधान में स्थानीय मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला इंटर कॉलेज के प्रांगण में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ गणेश प्रसाद, उर्सुला हॉस्पिटल के चिकित्सक एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की पूर्व सचिव डॉक्टर सिस्टर आईलिन, सचिव अरुण राम, मधुसूदन लाल महिला कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर स्नेह कुमार के द्वारा किया गया। सोसाइटी के चेयरमैन डॉ गणेश प्रसाद ने कहा कि एक्वायर्ड इम्यूनोडिफ़िशिएंसी सिंड्रोम. यह एक गंभीर बीमारी है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचाती है। एड्स, एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनोडेफ़िशिएंसी वायरस) संक्रमण का आखिरी चरण होता है। एचआईवी से संक्रमित हर व्यक्ति को एड्स नहीं होता एड्स होने में संक्रमित व्यक्ति को 5 से 10 वर्ष भी लग सकता है। एचआईवी, रेट्रोवायरस परिवार का एक उपसमूह है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली की सीडी4 कोशिकाओं पर हमला करता है, और उन्हें नष्ट कर देता है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थों से फैलता है, जैसे कि रक्त, वीर्य, और योनि द्रव। एचआईवी को एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) से रोका और इलाज किया जा सकता है। एचआईवी संक्रमण के बाद, ज़्यादातर मामलों में 2-6 हफ़्तों में फ़्लू जैसे लक्षण दिखते हैं। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को अन्य संक्रामक रोगों और बीमारियों का खतरा रहता है। डॉक्टर सिस्टर आईलिन ने कहा कि वर्ल्ड एड्स डे की साल 2024 का थीम है टेक द राइट पथ-माई हेल्थ, माई राइट। ये थीम बताती है कि हर एचआईवी से पीड़ित इंसान का अधिकार है कि उसे सही ट्रीटमेंट, केयर, सर्विस और बचाव का तरीका मिले। आज एड्स का कोई मेडिसिन नहीं है लेकिन बचाव ही इसका एकमात्र रास्ता है। आप अपने जीवन में संयम रखें अपने संस्कारों का पालन करें। जागरूक रहे तो इस बीमारी से बचा जा सकता है। सचिव अरुण राम ने बताया कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन और ह्रढ्डष्ठस् की मदद से पहली बार 1988 में इस दिन विश्व एड्स दिवस मनाया गया था। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के दो पब्लिक इनफॉर्मेशन ऑफिसर जेम्स डब्ल्यू बन और थॉमस नेटर ने इस दिन को मनाने कॉन्सेप्ट दिया था। जिससे बीमारी से मर रहे लोगों के सम्मान में और लोगों के बीच ज्यादा जागरुकता फैलाने के लिए वर्ल्ड एड्स डे की शुरुआत हुई। आज के इस कार्यक्रम में एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया जिसमें सफल प्रतिभागी नेहा यादव, रितिका कुमारी, जिया कुमारी ठाकुर, प्रीति कुमारी, अमीषा कच्छप को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

# सिविल सर्जन डॉ. शम्भूनाथ चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को झारखंड सेवा मंडल के सौजन्य से सदर अस्पताल लोहरदगा के परिसर से जागरूकता रैली निकाला गया। जिसमें कार्यक्रम का संचालन परियोजना प्रबंधक अमृता कुमारी के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य रूप से गिरिवर शिशु सदन विद्यालय के 10 वीं कक्षा के छात्र तथा शिक्षक गण एवं सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ, शंभूनाथ चौधरी के द्वारा हरी झंडी दिखा कर रैली का शुभारंभ किया गया जिसमें डीटीओ, डीपीएम, IDSP, STI, आईसीटीसी, तथा झारखंड सेवा मंडल के सभी कर्मियों ने भाग लिया। सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम में जिला के यक्ष्मा पदाधिकारी डी. एन. सिंह के द्वारा एचआईवी तथा टीबी से सुरक्षा और बचाव के संबंध में जानकारी दी गई डॉ. अर्चना प्रसाद आई.सी.टी.सी काउंसलर के द्वारा भी सभी को जागरूक किया गया तथा जे.एस.एम के पी.एम अमृता कुमारी एवं एम.एंड.ई आकाश प्रजापति द्वारा एचआईवी के फैलने के कारण तथा बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। और कहा गया इस वर्ष की थीम है सही मार्ग अपनाए, मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार पर आधारित है। उन्होंने कहा समाज में एच. आई.वी पीड़ितों के प्रति भेदभाव को खत्म करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों के प्रति सही सोच विकसित करने और एच. आई.वी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का संदेश दिया गया।

# पेंशनरों के डी ए एवं रेलवे यात्रा की सुविधा में कटौती न्यायोचित नहीं : महेश कुमार सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूंजीपतियों को सारी सुविधा और देश का विकास के सहभागी पेंशनरों के डी ए एवं रेलवे यात्रा की सुविधा में कटौती न्यायोचित नहीं। यह बात झारखण्ड राज्य पेंशनर समाज, जिला शाखा लोहरदगा द्वारा पेंशनर भवन में आयोजित मासिक मांग सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी नियमानुसार 50 प्रतिशत मंहगाई भत्ता हो जाने पर नया वेतन आयोग गठन कर नया वेतनमान देना है और जबतक नया वेतनमान नहीं लागू होता है, तबतक मंहगाई के अनुसार अंतरिम राहत दिया जाता है।यह नियम आजादी के समय से ही लागू है।अतः भारत सरकार यथाशीघ्र आठवां वेतन आयोग गठन कर नया वेतनमान/पेंशन की कार्रवाई की शुरूआत करे।उन्होंने01-0-12020 से 30-06-2021तक का18 माह का फ्रीज डी ए की वापसी, पेंशनरों को आय कर से मुक्ति, 5 लाख से कम पेंशन पाने पेंशनरों का जबरदस्ती काटे गये पेंशन की वापसी,एक पद एक पेंशन,65 वर्षों से 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन समूचे देश के सभी राज्यों में कैशलेस बीमा तथा ओल्ड पेंशन आदि की मांग किये हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवमनी कुजूर ने की तथा काफी संख्या में पेंशनर शामिल थे।

# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोर किशोरियों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में सहिया, साथिया तथा किशोर किशोरियों को छः दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड स्थित सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मिशन पर जानकारी प्रशिक्षक लीलावती देवी, नौमी खाखा, दिव्या किरण, तिलोत्तमा कुमारी, द्वारा संयुक्त रुप से दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में किशोर किशोरियों को जानकारी दिया गया कि स्वास्थ्य बढ़ाना, पारस्परिक सम्बन्ध, भवनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, मूल्य और जिम्मेदार नागरिकता, जेंडर व लिंग, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता, मादक पदार्थ की रोक थाम का प्रबंधन, स्वास्थ्य जीवन शैली, प्रजनन क्षमता और एचआइवी का रोक थाम, हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा तथा इन्टरनेट और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना सहित विभिन्न बिंदुओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही सहिया व साथिया को मानसिक, भवनात्मक और कल्याण के बारे में विस्तारकपूर्वक जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत किशोर किशोरियों से रोलप्ले व गेम के माध्यम से जानकारी लिया गया। मौके पर पार्वती देवी, मरियम केरकेट्टा, गांधारी देवी, रेखा देवी, आरती कुमारी, प्रमिला खेस, सोमारी देवी, अनिता उरांव सहित अन्य सहिया, साथिया और किशोर किशोरी उपस्थित थे।

# जंगली हाथियों से सुरक्षा को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल ने उपायुक्त एवं वन विभाग को मांगपत्र सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में हाथी द्वारा किए जा रहे क्षती को लेकर विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद शमी आलम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिला उपायुक्त एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी से मिलकर एक मांग पत्र सौंपी गई एवं मांग पत्र के द्वारा कहा गया की क्षेत्र में हाथी द्वारा फसल एवं घरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है जिससे लोग भयभीत हैं और जान माल का खतरा बना हुआ है, इसलिए जिला प्रशासन एवं वन विभाग अविलंब सुरक्षा के दृष्टिकोण से हाथी भगाओ दल की व्यवस्था करें और हाथियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने का काम करें साथ ही साथ जिन गरीब मजदूर किसानों की क्षती हुई है चाहे फसल की क्षति हो या घरों की क्षती हो उसे उसका मुआवजा अविलम्ब भुक्त भोगी को दिया जाए, क्योंकि टांगर प्रखंड अंतर्गत जोराम, जामपानी, अकवनटोली, कटहल टोली, खुड़ेड़बहार, कहुपानी, एवं जलडेगा प्रखंड के ओड़का, परबा, ड्यूरिंग धवरंजन आदि स्थानों पर हाथी द्वारा बृहद पैमाने पर क्षती पहुंचाया गया है प्रतिनिधि मंडल में जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, जिला सचिव सह प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, उपाध्यक्ष फ्रांसीस बिलुंग, घुटबहार पंचायत अध्यक्ष सुनील जोजो, प्रिंस कुमार आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा थाना पुलिस ने सोमवार को सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि विगत 20 सितंबर 2024 की शाम भंडरा थाना क्षेत्र के मुरली तालाब के समीप पझरी पहाड़ घूमने आई नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटित हुई थी। इसके बाद नाबालिग पीड़िता द्वारा भंडरा थाना में कांड संख्या 59/2024 दर्ज कराया गया था। जिसपर अग्रतर कार्रवाई व इंटरनेट मीडिया की मदद से दो आरोपितों को भंडरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसमें धनामुजी गांव निवासी रंगबहादुर सिंह के पुत्र विपिन सिंह की गिरफ्तारी चट्टी पिकेट के समीप से हुई। जबकि दूसरा आरोपित धनामुजी गांव निवासी बरतु उरांव के पुत्र राजू उरांव की गिरफ्तारी धनामुजी स्थित घर से हुई है। दोनों आरोपितों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

# महिला किसानो का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड के भौंरो मोड़ स्थित सीएलएफ भवन में सोमवार को उद्यान विभाग द्वारा महिला किसानों के बीच चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें जेएसएलपीएस से जुड़ी 65 महिला समूह सदस्यों के बीच उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा कृषि किट के स्वरुप कुदाल,बैग, नोट पैड सहित कृषि संबंधित सामग्री देकर बेहतर पैदावार को लेकर जानकारी दिया गया। मौके पर उद्यान विभाग से पहुंचे प्रशिक्षक राकेश कुमार ने कहा कि उद्यान विभाग का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए उन्हें खेती के क्षेत्र में आगे लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के साथ उद्यान विभाग महिला समूह सदस्यों को जैविक खेती, फसल लगाने की विधि, आधुनिक खेती पद्धति,सूक्ष्म सिंचाई, फसल में लगे कीड़ों से छुटकारा सहित कई बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम अभिलाष कुमारी ने कहा कि जेएसएलपीएस संस्था का उद्देश्य प्रखंड क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त करना है। उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। महिला किसानों को बेहतर पैदावार कर उन्हें स्वालंबन की राह पर चलने को लेकर प्रेरित किया जा रहा है। मौके पर एग्रोटेक प्रोड्यूसर फिरोज अहमद, जेएसएलपीएस के भारत राम, आत्मा के रोबिन कुमार राम सहित काफी संख्या में महिला किसान मौजूद थे।

# झूलते विधुत प्रवाहित तार की चपेट में आकर ट्रैक्टर चालक गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आने से टैक्टर चालक घायल गम्भीर अवस्था मे सदर अस्पताल लोहरदगा में कराया गया भर्ती घटना रविवार को दोपहर में हेसवे ग्राम में होने की बात बताया जा रहा है। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के हेसवे ग्राम में घटित हुआ जबक एक ट्रैक्टर चालक धान लोड कर खेत से लाने का कार्य कर रहा था तभी विधुत तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक की पहचान हेसवे निवासी बिरिया उराँव के 35 वर्षीय पुत्र बासुदेव उराँव के रूप में हुआ। परिजनों द्वारा इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात सोमवार को स्थिति में सुधार नही होने पर बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हेसवे नवाटोली निवासी बासुदेव उरांव सीतदास गोस्वामी के ट्रैक्टर पर धान लाद कर जा रहा था। इसी क्रम में हाई टेंशन विधुत तार की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। बताया जाता है कि धान लोड ट्रैक्टर का डाला झूलते विधुत तार के संपर्क में आते ही यह घटना होने की बात परिजनों द्वारा बताया जा रहा है।

# अपनों ने ही आजसू की लुटिया डूबोयी : राजू गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी को लोहरदगा की मतदाताओं का भरपूर प्यार मिला परंतु अपनों ने ही पार्टी की लुटिया डुबो दी क्योंकि अंतिम समय में आजसू के कई वरिष्ठ नेता कॉर्पोरेट घराने के हाथों बिक गए और पार्टी जीती हुई बाजी हार गई। राजू गुप्ता ने कहा कि आश्चर्य तो इस बात की है कि जिन लोगों को पार्टी ने बहुत सम्मान दिया, पद और पहचान दिया उन्हें चंद पैसों की खातिर पार्टी और पार्टी प्रत्याशी के साथ भीतरघात करने में लज्जा तक नहीं आई। कुछ लोग तो पार्टी को हराने के लिए ही दूसरों के इशारे पर ठीक चुनाव के समय सुनियोजित ढंग से आजसू पार्टी में आए थे और पार्टी सुप्रीमो को विश्वास में लेकर चुनाव के समय महत्वपूर्ण जिम्मेवारी भी ले लिए। वे अंतिम दौर में आजसू प्रत्याशी नीरू शांति भगत के साथ दगाबाजी कर अपने आका को खुश करने में कामयाब रहे। राजू गुप्ता ने कहा कि आजसू पार्टी की प्रत्याशी नीरू शांति भगत चुनाव भले ही हारी है परंतु हिम्मत नहीं हारी है। वह पहले की तरह नई ऊर्जा और नई टीम के साथ जनता के बीच जाएगी और उनकी समस्याओं से रूबरू होकर समाधान का निरंतर प्रयास जारी रखेगी क्योंकि उनके जीवन का एकमात्र उद्देश्य लोहरदगा की जनता की सेवा और अपने पति लोहरदगा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के सपनों को पूरा करना है। और उनके इस पुनीत कार्य में पार्टी के निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं का हमेशा तन- मन- धन के साथ सहयोग उन्हें मिलता रहेगा।


# राज्य स्तरीय कला उत्सव में भाग लेने के लिए रवाना हुई लोहदगा जिला की टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् रातू, रांची में दिनांक 3-4 दिसंबर को किया गया है। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोहरदगा जिला से छः विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 11 प्रतिभागी समाहरणालय परिसर से रवाना हुए। पीएमश्री रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी, संगीता कुमारी साहू (शिक्षिका केजीबीवी भंडरा) सोनाली सिकदर (शिक्षिका जेबीएवी पेशरार) के नेतृत्व में प्रतिभागियों के समूह को जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा नीलम आईलिन टोप्पो ने शुभाशिर्वाद एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदा किया।

# प्रियंका गांधी को सांसद बनने पर सांसद सुखदेव भगत ने उन्हें दी बधाई



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सांसद प्रियंका गांधी से संसद भवन में लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत मुलाकात कर उन्हें वायनाड से सांसद बनने पर बधाई दिए साथ ही संसद में चल रहे अवरोध, झारखंड की राजनीति एवं संगठन की मजबूती के संबंध में औपचारिक वार्ता हुआ।

**मइयां सम्मान योजना का किस्त नही आने पर महिलाएं हुई गोलबंद**

# प्रखंड मुख्यालय पहुंच उन सभी महिलाओं ने आवेदन के माध्यम से पदाधिकारी को कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मुख्यमंत्री माइयां सम्मान योजना की क़िस्त नही आने पर महिलाएं गोलबंद हो प्रखंड विकास पदाधिकारी को कराया अवगत निदान करने का लगया गुहार उक्त मामला लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में देखने को मिला। विदित हो कि सोमवार को दर्जनों महिलाएं गोलबंद हो सोमवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंच आवेदन के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया गया कि पूर्व में किसी को दो किस्त किसी को तीन किस्त कुछ लोगो को चौथा किस्त भी डाला गया है। लेकिन बहुत ऐसे महिलाएं है जिनको एक भी किस्त नही डाला गया है। और जिनको दो किस्त डाला गया है उसके खाते में पैसा नही आ रहा है। बताते हुए कहा कि चार दिन पूर्व से बैंक एवं ब्लॉक का चक्कर हम सभी महिलाएं घरेलू कार्य छोड़ कर दौड़ रहें है। परंतु संतोषजनक बात नही बताया जा रहा है। बैंक में जाने पर खाता को आधार से जोड़ने की बात कहा जाता है। और प्रखंड जाने पर लिस्ट में नाम जिस महिला का होगा उसी को लाभ दिया जाएगा। जिससे आक्रोशित महिलाओं ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंच माइयां सम्मान योजना का लाभ से वंचित क्यों किया जा रहा है। इसकी जबाब मांगा गया। इस संदर्भ में प्रखंड कर्मी आवेदन प्राप्त करते हुए उन सभी महिलाओं को बताया कि आपकी समस्या को प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू तक पहुंचा दिया जाएगा और जांचोपरांत सभी महिलाओं को मुख्यमंत्री माइयां सम्मान योजना का लाभ दिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि माइयां सम्मान योजना का लाभ उठाने के लिए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करना सभी लाभुकों को अनिवार्य है। और उसी के तहत योजना का लाभ सभी आवेदिका को दिया जाएगा। अगर गाइडलाइन में त्रुटि पाए जाने पर माइयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित रखा जाएगा।

# विकलांग व्यक्तियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण तथा सम्मान अधिकार मिले : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इंडिया पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर सह झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि विश्व विकलांगता दिवस हर वर्ष 3 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य समाज में विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों, उनके लिए अवसरों और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है। इस दिवस की शुरुआत 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदलना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ जीवन जी सकें। विकलांगता सिर्फ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और संवेदनात्मक भी हो सकती है। विकलांगता का सामना करने वाले लोग किसी भी उम्र के हो सकते हैं और उनकी चुनौतियां अलग-अलग हो सकती हैं। यह दिन इस बात को रेखांकित करता है कि विकलांगता के बावजूद एक व्यक्ति समाज में समान रूप से कार्य कर सकता है यदि उसे सही समर्थन और अवसर मिलें। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों को जागरूक करना है कि वे किसी भी प्रकार के भेदभाव का सामना किए बिना समाज में पूरी तरह से भागीदार बन सकते हैं। इसके तहत कई प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जैसे कि कार्यक्रम, संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ और विभिन्न अभियानों का आयोजन किया जाता है, जिससे समाज में विकलांगता के प्रति जागरूकता बढ़ सके। विकलांगता के बावजूद इन व्यक्तियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपार सफलता प्राप्त की है। चाहे वह खेल, कला, विज्ञान या अन्य कोई क्षेत्र हो, इन व्यक्तियों ने अपनी मेहनत, साहस और आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी पहचान बनाई है। खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति विकलांगता के बावजूद युवाओं के प्रेरणा का स्रोत बने हैं। समाज में विकलांगता के प्रति बदलाव लाने के लिए कई सरकारें और गैर-सरकारी संगठन काम कर रहे हैं। उनका लक्ष्य विकलांग व्यक्तियों के लिए न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और भावनात्मक समर्थन भी प्रदान करना है। इसके अलावा, सरकारी योजनाएं जैसे कि समावेशी शिक्षा, पैरा-स्पोर्ट्स और उद्यमिता के अवसर विकलांग व्यक्तियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी कदम हैं।

# सिमडेगा से दो हॉकी खिलाड़ियों को मिला जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के प्रतिनिधित्व करने का मौका




**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हॉकी सिमडेगा से मनोज कोनबेगी ने अपना उत्साह जाहिर करते हुए बताया कि झारखंड के दो प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ियों को मकट, ओमान में आगामी जूनियर एशिया कप के लिए जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। जुनियर भारतीय टीम में सिमडेगा जिला अंतर्गत करंगागुड़ी की ब्यूटी डुंगडुंग को फॉरवर्ड के स्थान पर तो पाईकपारा की रजनी केरकेट्टा को मिडफिल्डर में जगह दी गई जिसको बहुत बहुत बधाई। आइए हम सब मिलकर उनका समर्थन और उत्साह वर्धन करे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, मंगलवार, 03 दिसंबर 2024 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भविष्य के पथप्रदर्शक हैं छात्रः डॉ. एस सोमनाथ

**गुवाहाटी** : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने सोमवार को गुवाहाटी में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के तीसरे दिन स्टूडेंट साइंस इंटरएक्टिव प्रोग्राम - फेस टू फेस विद न्यू फ्रंटियर्स इन साइंस एंड टेक्नॉलोजी में भाग लिया, जहां उन्होंने स्कूली छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में करियर तलाशने तथा अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। सत्र के दौरान डॉ. एस. सोमनाथ ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में छात्र और युवा भविष्य के पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में नित नये दिन हो रहे उल्लेखनीय नवाचारों और प्रगति को समझना उनके लिए आवश्यक है। उनकी क्षमता और उनके द्वारा प्रस्तुत अवसरों को पहचानकर, छात्र समान पथ पर चलने के लिए प्रेरणा प्राप्त कर सकते हैं और एक उज्ज्वल कल के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे वर्तमान वैज्ञानिक और तकनीकी प्रयासों को दर्शाते हुए, आपका उत्साही जुड़ाव भारत को वैश्विक नेता बनाने के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण है। छात्र विज्ञान इंटरैक्टिव कार्यक्रम - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नई सीमाओं से रूबरू नामक इस सत्र का उद्देश्य 4,500 स्कूली छात्रों को प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिकों से जोड़ना है, जिनमें इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ और एयरोनॉटिकल सिस्टम्स के पूर्व महानिदेशक प्रो. टेसी थॉमस शामिल हैं। इसका उद्देश्य आमने-सामने प्रश्नोत्तर सत्रों के माध्यम से युवा दिमागों को प्रेरित करना है, उन्हें विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों से परिचित कराना है।

### राष्ट्रपति आज से ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर रहेंगी

**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार से ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह रेल, स्वास्थ्य और हवाई अड्डा सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं की उद्घाटन करेंगी और पुरी के ब्लू फ्लैग बीच पर नौसेना दिवस समारोह और ऑपरेशनल प्रदर्शन में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रपति 3 से 7 दिसंबर तक ओडिशा का दौरा करेंगी। वह 3 दिसंबर को पंडित रघुनाथ मुर्मु की नई प्रतिमा का अनावरण करेंगी और भुवनेश्वर में आदिम ओवार जरपा जाहेर का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति 4 दिसंबर को पुरी के श्रीजगन्नाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगी। वह पुरी के गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय के 75वें वर्षगांठ समारोह में भी शामिल होंगी। उसी दिन वह पुरी के ब्लू फ्लैग बीच पर नौसेना दिवस समारोह और ऑपरेशनल प्रदर्शन में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति 5 दिसंबर को भुवनेश्वर में ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 40वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। उसी दिन वह भुवनेश्वर में नए न्यायिक न्यायालय परिसर का उद्घाटन भी करेंगी। राष्ट्रपति 6 दिसंबर को ऊपरबेड़ा में छात्रों और ग्रामीणों से संवाद करेंगी। उसी दिन रायरंगपुर में वह महिला महाविद्यालय, रायरंगपुर की छात्राओं और शिक्षकों से भी बातचीत करेंगी।

# दिसंबर तक दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेगा ग्रैप-4

## * राज्यों के ढुल-मुल रवैये से नाखुश सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्रैप-4 को सही से लागू नहीं करने को लेकर चिंता व्यक्त की. कोर्ट ने कहा कि हवा की गुणवत्ता के खतरनाक स्तर के बावजूद, जीआरएपी चरण IV के तहत उल्लिखित उपायों के गंभीर क्रियान्वयन में कमी रही है, जो तब शुरू होता है जब वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक गिर जाती है. ऐसे में दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप 4 पाबंदियां गुरुवार, 5 दिसंबर तक लागू रहेंगी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह पहले देखना चाहता है कि प्रदूषण के स्तर में कितनी गिरावट आई है. ग्रैप 4 पाबंदियों के चलते निर्माण कार्य रुकने से प्रभावित मजदूरों को मुआवजा देने में राज्यों के ढीले रवैये से कोर्ट नाखुश दिखा. साथ ही दिल्ली, यूपी, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई से जुड़ने को कहा.कोर्ट ने अपनी तरफ से नियुक्त कोर्ट कमिश्नरों की रिपोर्ट देख कर उनकी सुरक्षा पर चिंता जताई. कुछ कमिश्नरों ने बताया था कि दिल्ली के कई एंट्री पॉइंट्स पर लाइट तक नहीं है. कुछ जगहों पर स्थानीय दबंग लोगों के ट्रक बेरोकटोक दिल्ली में दाखिल हो रहे हैं. एक कोर्ट कमिश्नर को बाबा हरिदास नगर थाने के एसएचओ ने यह जानकारी दी थी. कोर्ट ने अगली सुनवाई में एसएचओ को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा. जस्टिस ओका ने कहा,हम जो करने का प्रस्ताव रखते हैं, वह यह है कि हम मामले की विस्तृत सुनवाई करेंगे.

हम मामले की जड़ तक जाना चाहते हैं और विस्तृत निर्देश जारी करना चाहते हैं. कुछ तो करना ही होगा. हर साल यह समस्या नहीं आ सकती. इसे तार्किक निष्कर्ष तक ले जाना होगा.

### सावरकर मानहानि मामले में पुणे कोर्ट ने राहुल गांधी को 10 जनवरी को तलब किया

**मुंबई** : स्वातंर्त्यवीर सावरकर मानहानि मामले में पुणे की विशेष कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कोर्ट में पेश होने की समय सीमा बढ़ाकर 10 जनवरी, 2025 कर दिया है। कोर्ट ने राहुल गांधी को अगली तारीख पर सुनवाई के दौरान उपस्थित रहने का आदेश भी दिया है। पुणे विशेष कोर्ट के जज अमोल शिंदे के समक्ष सोमवार को वीर सावरकर मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पेश होने के लिए कहा गया था। राहुल गांधी की ओर से पेश हुए एडवोकेट मिलिंद पवार ने कोर्ट को बताया कि राहुल गांधी वर्तमान में संसद सत्र में भाग ले रहे हैं, इसलिए अदालत में उपस्थित नहीं हो सकते।

### रांची उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव का जायजा लिया। उपायुक्त ने शौचालय की स्वच्छता, समाहरणालय प्रांगण के सुन्दरीकरण और पेयजल क्षेत्र के सफाई पर विशेष ध्यान देने को लेकर कई निर्देश दिये। उपायुक्त ने अग्निशमन और ड्रेनेज की व्यवस्था को दुरुस्त करने और समाहरणालय में सौर ऊर्जा प्रणाली के विषय में जानकारी ली। उपायुक्त ने इस दौरान सभी अंचल और प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारियों की उपस्थिति की जानकारी गूगल लोकेशन के माध्यम से ली। उपायुक्त ने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर समाहरणालाय स्तर के सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों के आइडेंटी कार्ड एवं कर्मियों की उपस्थिति तथा जन शिकायत कोषांग के कार्यों की जानकारी भी ली। इस मौके पर साफ-सफाई के लिए प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।

# हरिद्वार के विकास को समर्पित है भाजपा सरकार : अनिरुद्ध भाटी



एजेंसी

**हरिद्वार** : केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हरिद्वार के समग्र विकास को तत्पर है। हरिद्वार में स्थानीय विधायक मदन कौशिक के प्रयास से सभी क्षेत्रों में सीवर, सड़क, नाली निर्माण के कार्य युद्ध स्तर पर सम्पन्न हो रहे हैं। यह विचार भाजपा पार्षद दल के उपनेता रहे निवर्तमान पार्षद अनिरुद्ध भाटी ने गणमान्यजनों की उपस्थिति में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनायी जा रही सृष्टि गली में सीसी मार्ग निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारम्भ करते हुए व्यक्त किये।अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि क्षेत्र के सभी मोहल्लों में गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। मुखिया गली निर्माण के पश्चात आज सृष्टि गली में सीसी मार्ग निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो रहा है जिसके लिए क्षेत्र की जनता विधायक मदन कौशिक की आभारी है। समाजसेवी हंसराज आहूजा व रवि जैन ने कहा कि क्षेत्रीय पार्षद के रूप में अनिरूद्ध भाटी ने समाज कार्यों की मिसाल कायम की है। क्षेत्र में चिकित्सालय निर्माण, पार्क निर्माण के साथ-साथ सड़क व पथ प्रकाश व्यवस्था भी बेहतर हुई है।इस अवसर पर मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग के अवर अभियन्ता सुनील कुमार, पार्षद प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, भाजपा नेता नीरज शर्मा, प्रमोद पाल, समाजसेवी सुमन बब्बर, रवि जैन, हंसराज आहूजा, गौरव खन्ना, सुनील शर्मा, अनिल शर्मा, कुणाल, शिवम शर्मा, हरीश साहनी, जितेन्द्र गुप्ता, आदित्य यादव, सोनू पण्डित, जितेन्द्र यादव, वैद्य उमेश वेदी, गौरव अग्रवाल, राघव ठाकुर, विजय शर्मा, रूपेश शर्मा, आशु आहूजा, रिंकू डोगरा, श्रवण कुमार, राजेन्द्र यादव, राम सक्सेना, शरद यादव, सूरज पाल, गोपी सैनी समेत अनेक क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बच्चों का सर्वांगीण विकास हमारा लक्ष्य : अलखनाथ पाण्डेय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में 20 वीं प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को रविवार को आरकेभीएस संस्थान में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का उद्घाटन जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, सचिव मदन प्रसाद केसरी, उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना, संजय सोनी आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आज के परिवेश में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास जरूरी है। आज का युग कंपटिशन का है। समिति का उद्देश्य छिपी हुई प्रतिभाओं की खोज कर उन प्रतिभाओं को बेहतर भविष्य के लिए उन्हें अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में पूरे जिले से लगभग 3000 बच्चे शामिल हुए थे। सचिव मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि प्रतियोगिता को चार ग्रुप में आयोजित किया गया था। ग्रुप ए में वर्ग तीन से चार, ग्रुप बी में वर्ग पांच से छह, ग्रुप सी में वर्ग सात से आठ और ग्रुप डी में वर्ग 9 और 10 के बच्चे शामिल हुए थे। सिस्टर रोशन ने कहा कि आज के कंपटीशन के दौर में इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन गढ़वा जैसे जिले में बहुत ही आवश्यक है। ग्रुप ए में शांति निवास हाई स्कूल के दिव्यशक्ति पांडेय, अंशिका दुबे और परिधि झा ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप बी में शांति निवास हाई स्कूल की दिव्या कुमारी और सुप्रिया रानी ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की सोनाक्षी तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी में शांति निवास हाई स्कूल की सृष्टि पाठक चाहत कुमारी ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा की भव्य प्रकाश और शांति निवास हाई स्कूल की रुनझुन कुमारी को पुरस्कृत किया गया। ग्रुप डी में शांति निवास के शिवम कुमार को प्रथम प्रिंस कुमार को द्वितीय धीरज कुमार ,आदित्य कुमार पांडे और आर पब्लिक स्कूल गढ़वा की साक्षी कुमारी को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### उद्योग जगत से बोले जयशंकर विदेश में टीम इंडिया के रूप में काम करना होगा

**नई दिल्ली** : विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत आज दुनिया में अपने आर्थिक, राजनीतिक, प्रवासी और सांस्कृतिक पदचिह्न का लगातार विस्तार कर रहा है। इसमें हमारे व्यवसाय और प्रतिभा का योगदान नेतृत्व करने का रहा है। हालांकि पहल किसी की ओर से भी हो, हमारा लक्ष्य विदेश में टीम इंडिया के रूप में काम करना है। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) पार्टनरशिप समिट 2024 में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि कई देश आज अधिक राष्ट्रवादी नीतियों की ओर लौट रहे हैं, साथ ही अपनी सांस्कृतिक विशेषताओं पर भी ज़ोर दे रहे हैं। हालांकि, स्थापित वैश्वीकरण अब बदनाम हो चुका है लेकिन अभी भी नई सोच ने इसे अलग-थलग नहीं किया है।

# निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर में 350 रोगियों का सफल उपचार




एजेंसी

**भीलवाड़ा** : शाहपुरा के गालरिया कल्याण मल बसंताबाई चेरिटेबल ट्रस्ट और राजमाता विजयराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज के महात्मा गांधी चिकित्सालय, भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में जहाजपुर तहसील के घाटारानी ब्रह्मज्ञान वेदाश्रम में आयोजित निशुल्क चिकित्सा जांच एवं उपचार शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में सैकड़ों रोगियों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई।शिविर में कुल 350 रोगियों का पंजीयन किया गया। इन रोगियों की ब्लड शुगर और रक्तचाप की जांच की गई। इसके बाद शिविर में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों को उनकी बीमारी के आधार पर परामर्श दिया और आवश्यक जांचें करवाई।शिविर में 80 रोगियों की ईसीजी जांच की गई। 16 श्वसन रोगियों की स्पाइरोमेट्री जांच की गई। 16 महिलाओं की पेप स्मीयर जांच करवाई गई। 78 निकट दृष्टि दोष वाले रोगियों को चश्मे उपलब्ध कराए गए, जबकि 16 दूर दृष्टि दोष वाले रोगियों के चश्मे के नंबर निकाले गए, जिन्हें बाद में चश्मे दिए जाएंगे। शिविर में 51 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।शिविर में आपरेशन के लिए 40 रोगी आंखों से संबंधित रोग के, 8 रोगी जनरल सर्जरी के लिए, 1 रोगी नाक, कान, गला रोग से संबंधित तथा 1 महिलारू स्त्री रोग संबंधित का चयन कर इन सभी रोगियों को महात्मा गांधी चिकित्सालय, भीलवाड़ा रेफर किया गया है। ऑपरेशन 3 दिसंबर को किए जाएंगे। शिविर में ही ऑपरेशन से संबंधित प्राथमिक जांचें पूरी कर ली गई हैं।शिविर में आए सभी रोगियों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल टीम ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सीएम से धनबाद डीसी माधवी मिश्रा व जेपीएससी के सदस्य डॉ. जमाल अहमद सहित कई लोग मिले






प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात कर राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। झारखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ जमाल अहमद व धनबाद डीसी माधवी मिश्रा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री से कई सामाजिक संगठन के लोगों ने भी मुलाकात की तथा उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। साथ ही केंद्रीय सरना समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने खुशी के इजहार करते हुए झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# पर्वतारोही नरेंद्र सिंह ने उत्तरी अमेरिका में बनाए दो विश्व रिकॉर्ड



एजेंसी

**गुरुग्राम** : पर्वतारोही नरेंद्र सिंह ने उत्तरी अमेरिका के अलास्का में सबसे ऊंची चोटी देनाली को फतह करके दो विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। नरेंद्र यादव ने ।6190 मीटर ऊंची चोटी पर भारत की तरफ से प्रतिनिधित्व किया। नरेंर्द्र का अगला लक्ष्य दिसम्बर में अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी विंसन पर तिरंगा फहराना है।नरेंद्र यादव इस पर्वत को चढने वाला विश्व का पहला युवा पुरुष होने के साथ-साथ सबसे तेज आरोहण करने वाला पर्वतारोही बन गया है। उसने अवरोहण कुल अवधि 73 घंटे और 10 मिनट में पूरा किया। इस तरह से नरेंद्र ने दो नए विश्व रिकॉर्ड बनाए। इससे पहले देनाली पर फतह कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाला युवा 31 साल 1 महीने 25 दिन का था।नरेन्द्र यादव ने 29 साल 6 महीने 8 दिन में इस रिकॉर्ड को तोडकर अपने नाम कर विश्व के पहले युवा पुरुष पर्वतारोही बन गये है इस अभियान में पूरे विश्व से पर्वतारोही शामिल हुए थे। अभियान को आईपीएल बायोलॉजिकल व अशोक सिंहल फाउंडेशन ने स्पॉन्सर किया था।15 जून को तालकीतना से चार्टर उड़ान से बेस कैम्प पहुंच कर पैदल कैम्प 1 पहुंचा। 16 जून को कैम्प 2, 17 जून को कैम्प 3, 18 जून को कैम्प 3 से कैम्प 4 में मौसम अभ्यास के लिये के लिए जाकर वापिस कैम्प 3 आए। इसके बाद 19 जून को कैम्प 4 पहुंचे। 20 जून को विश्राम दिन व 21 जून को मौसम अभ्यास के लिये कैम्प 5 जाकर वापिस कैम्प 4 आए व 22 जून को कैम्प 5 पहुंचा व 23 जून को रात 10:29 पर तिरंगा लहराकर भारत का नाम विश्व पटल पर अंकित किया।एम2के ग्रुप के सीएमडी महेश भागचंदका व उनकी धर्म पत्नी सुनीता भागचंदका ने इस उपलब्धि नरेंद्र को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।नरेन्द्र यादव नें बतायाा देनाली को घातक पर्वत भी कहा जाता है। यह पर्वत तकनीकी तौर पर बहुत ही दुर्गम है। अत्यधिक ठंड और तेज हवा से यह पर्वत चढ़ाई ओर ख़तरनाक बना देता है। झोखिमो से भरा होने के कारण बहुत कम पर्वतारोही इस पर्वत को चढने में कामयाब हुए है।आर्मी जवान कृष्णचंद के पुत्र का सपना दुनिया के सभी सात महाद्वीपो पर फतह कर वर्ल्ड रिकार्ड बुक में नाम दर्ज कराने का है।